ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष दशमी 02:16
उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 5 जून 2025
वर्ष 6, अंक 195, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अमेरिका से बढ़ेगा तेल-गैस का आयात 12

तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली 13

## दो चरणों में होगी राष्ट्रीय जातीय जनगणना, 16 जून को अधिसूचना

नई दिल्ली, एजेंसी

- लद्दाख जैसे पहाड़ी इलाकों में 1 अक्टूबर 2026 से
- देश के बाकी हिस्सों में 1 मार्च 2027 से शुरू होगी

लद्दाख जैसे बर्फीले क्षेत्रों में जातिगत गणना के साथ जनगणना की शुरुआत एक अक्टूबर, 2026 को होगी जबकि बाकी देश में इस प्रक्रिया की शुरुआत एक मार्च, 2027 से होगी।

गृह मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि जातिगत गणना के साथ-साथ जनगणना-2027 को दो चरणों में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फीले क्षेत्रों के लिए संदर्भ तिथि 2026 के पहले अक्टूबर की आधी रात बारह बजे होगी। इस आशय की अधिसूचना संभवतः 16 जून 2025 को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित की जाएगी।

भारत की पिछली जनगणना 2011 में दो चरणों में की गई थी। पहला चरण एक अप्रैल से 30 सितंबर 2020 के बीच चला था और दूसरा चरण नौ फरवरी से 28 फरवरी 2011 तक चला था। मंत्रालय ने बताया कि जनगणना 2021 को भी इसी तरह दो चरणों में आयोजित करने का प्रस्ताव था।

पहला चरण अप्रैल-सितंबर 2020 के दौरान और दूसरा चरण फरवरी 2021 में आयोजित किया जाना था। हालांकि, देश भर में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण जनगणना का काम स्थगित करना पड़ा।

## केंद्रीय करों में 50 प्रतिशत दी जाए राज्य को हिस्सेदारी

### लखनऊ में 16वें वित्त अयोग की बैठक में उठाई गई मांग, मुख्यमंत्री योगी ने वित्त आयोग को पत्र भी सौंपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्त आयोग से केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को 41 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। राज्य ने विशेष विकास योजनाओं के लिए स्पेशल फंड डीडीए की मांग भी की।



राजधानी पहुंचे 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने अन्य सदस्यों के साथ बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी साझा की। लोकभवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में पनगढ़िया ने बताया कि बैठक के दौरान प्रदेश सरकार ने प्रदेश के विकास और सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा पेश किया, जिसकी आयोग ने सराहना की। उत्तर प्रदेश की प्रमुख मांगों के विषय में कहा कि इनकम डिस्टेंस क्राइटेरिया 45 प्रतिशत, भौगोलिक क्षेत्रफल 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत, जनसंख्या 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 22.5 प्रतिशत, जनसांख्यिकीय प्रदर्शन 12.5 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत, वन 10 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत, कर संग्रहण प्रयास 2.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाने का प्रस्ताव आयोग को दिया गया है। अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि वित्त आयोग का मुख्य कार्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के बंटवारे का प्रस्ताव तैयार करना है, जिसे भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत ही अच्छी तरह से संचालित राज्य है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का कर संग्रह जीएसडीपी के अनुपात में है, जो देश में सबसे अधिक है।

उन्होंने कहा कि यूपी का राजकोषीय घाटा सामान्य सीमा के भीतर है, इसका ऋण-से-जीडीपी अनुपात भी प्रबंधनीय स्तरों के भीतर है।

### आयोग बाद में लेगा निर्णय : पनगढ़िया

आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने पत्रकारों से कहा कि 28 में से 22-23 राज्यों ने करों में हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये मांग बहुत ज्यादा है, हालांकि इस पर अंतिम निर्णय आयोग बाद में लेगा। आयोग की केंद्र व राज्य सरकार के बीच करों की हिस्सेदारी को लेकर सिफारिशें आगामी वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए होंगी।

### बेहतर कार्य से निकाला हल

वित्त आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि उप्र. में राजस्व की दिक्कतों का हल बेहतर कर किया गया है। राजकोषीय घाटा भी करीब तीन % के आसपास है। प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) द्वारा मापी गई आय अंतर (इनकम डिस्टेंस) मानदंड का भार पहले की तरह 45 % रखने की मांग की है।

# मातम में बदला जश्न, 11 की मौत

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में घुसने के प्रयास में भगदड़, 33 लोग घायल | स्टेडियम के बाहर आरसीबी टीम के स्वागत को उमड़ी थी लाखों की भीड़ | मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की मृतकों के परिजनों को 10 लाख देने की घोषणा

बेंगलुरू, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का पहला आईपीएल खिताब जीतने का जश्न बुधवार को मातम में बदल गया जब जश्न में शामिल होने के लिए चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसकों के उमड़ने से मची भगदड़ में 11 लोग मारे गए और लगभग 33 लोग घायल हो गए। टीम की एक झलक पाने के लिए स्टेडियम के बाहर हजारों की संख्या में प्रशंसक उमड़ पड़े जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं रख सकी। इसके लिए हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। ये प्रशंसक स्टेडियम के भीतर घुसने की कोशिश में प्रवेश द्वार के बाहर ही भगदड़ का शिकार हो गए ।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बताया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ के कारण 11 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए। सिद्धारमैया ने कहा कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास दो-तीन लाख से अधिक लोग आए थे, किसी को भी इतनी भीड़ की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि सरकार मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देगी। घटना की मजिस्ट्रेट जांच की जाएगी। गंभीर रूप से घायलों का इलाज वैदेही अस्पताल और बोवरिंग अस्पताल में चल रहा है और मृतकों की संख्या बढने की आशंका है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न की बेहतर योजना बनाई जानी चाहिए थी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि पर्याप्त एहतियात बरती जानी चाहिए थी और सुरक्षा को ध्यान में रखना था।




आईपीएल 2025 जीतने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सम्मान समारोह के दौरान उमड़ी प्रशंसकों की भीड़। ● एजेंसी

### फिर भी स्टेडियम के भीतर जारी रहा खिलाड़ियों का सम्मान समारोह

राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने स्थिति को ठीक से न संभालने के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू कर दी। चिन्नास्वामी स्टेडियम के भीतर हालांकि खिलाड़ियों का सम्मान समारोह जारी रहा जिसमें खिलाड़ियों ने भाषण दिए, संगीज बजा और आतिशबाजी भी हुई। कोहली ने कहा कि यह आप सभी के लिए है, प्रशंसकों के लिए और इस शानदार शहर के लिए, उन लोगों के लिए जिन्होंने कठिन समय में भी आरसीबी का साथ दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दुर्घटना पर जताया दुख

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेंगलुरु में चेन्नास्वामी क्रिकेट स्ट्रेडियम के बाहर बुधवार को हुई दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मोदी ने दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा 'एक्स' पर जारी शोक संदेश में मोदी ने कहा कि बेंगलुरु में हुई दुर्घटना बहुत ही दुखद है। मेरी संवेदनायें उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं, वे शीघ्र स्वस्थ हों।



भगदड़ में घायल प्रशंसक को अस्पताल ले जाते लोग। ● एजेंसी

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का तात्पर्य अपमानजनक टिप्पणी नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ




- सेना पर टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी को नहीं दी राहत

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी की याचिका को 29 मई को खारिज किया था। हालांकि तब न्यायालय ने विस्तृत फैसला बाद में देने को कहा था, इसी क्रम में विस्तृत फैसला देते हुए न्यायालय ने टिप्पणी की है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का तात्पर्य किसी व्यक्ति या संस्था पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने दिया है। न्यायालय ने कहा है कि परिवादी उदय शंकर श्रीवास्तव के वाद पत्र व गवाहों के बयान को देखने से प्रथम दृष्टया राहुल गांधी के खिलाफ आईपीसी की धारा 500 के तहत सेना का अपमान कारित करने का मामला बनता है लिहाजा मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा उनको विचारण के लिए तलब करने के आदेश में कोई त्रुटि नहीं है। उक्त परिवाद में राहुल गांधी पर आरोप लगाया गया है कि न्याय यात्रा के दौरान उन्होंने सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करते हुए तमाम बातें कही थीं जिनमें उनके द्वारा यह भी कहा गया था कि चीनी सैनिक हमारे सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। राहुल गांधी की ओर से पेश अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल की दलील थी कि सभी व्यक्तियों को संविधान के अनुच्छेद 19 के तहत अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और इसलिए राहुल गांधी को भी अपनी असहमति प्रकट करने का अधिकार है। हालांकि न्यायालय ने इस तर्क को यह कहकर नकार दिया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा का तात्पर्य किसी व्यक्ति या सेना पर अपमानजनक टिप्पणी करना नहीं होता है। न्यायालय ने राहुल गांधी के अधिवक्ता की इस दलील को भी नामंजूर कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि धारा 500 के तहत मानहानि का मुकदमा सिर्फ सीधे तौर पीड़ित व्यक्ति ही दाखिल कर सकता है।

## जिसकी हत्या में जेल में बंद था, वह जिंदा मिला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



ऐताब, इसी की हत्या का आरोप था नरेंद्र पर।

- कोर्ट ने किया बरी, मोबाइल चोरी के आरोपी को ट्रेन से फेंककर मारने का था आरोप
- बिहार निवासी कथित मृतक ऐताब के पिता ने की थी यहां पहुंच कर शव की शिनाख्त

**अमृत विचार :** जिसकी हत्या के आरोप में नरेंद्र कुमार दुबे ढाई साल से जेल में बंद था, वह जिंदा मिला। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद कोर्ट ने आरोपी को बरी करने का आदेश दिया है। हालांकि कोर्ट ने बरी किए गए नरेंद्र के खिलाफ भविष्य में मुकदमा चलाने का विकल्प खुला रखा है।

इस फैसले का वास्तव में ट्रेन से फेंके गए व्यक्ति की शिनाख्त होने की स्थिति में उस केस पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि उस रात किसी को तो ट्रेन से फेंका गया था। किसी के नरेंद्र के हाथों मारे जाने की आशंका है। बरेली जंक्शन थाने के हेड कांस्टेबल सत्यवीर सिंह ने 15 दिसंबर 2022 को घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कहा गया था कि अयोध्या निवासी आलोक ने सीयूजी नंबर पर सूचना दी थी कि दिल्ली-अयोध्या ट्रेन के जनरल कोच डी-2 में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति को मारपीट कर तिलहर रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से बाहर फेंक दिया है। ट्रेन जब बरेली में रुकी तो पुलिस ने वीडियो के आधार पर मारपीट करने वाले नरेंद्र कुमार दुबे निवासी संगम विहार कॉलोनी, थाना नंदग्राम, जिला गाजियाबाद को पकड़ लिया।

बाद में तिलहर क्षेत्र में रेलवे पटरी पर एक शव मिला था, जिसकी शिनाख्त बिहार के मुजफ्फरपुर के मोहम्मद याकूब ने अपने बेटे मोहम्मद ऐताब के रूप में की और उसका अंतिम संस्कार कर दिया। घटना के छह महीने के बाद ऐताब गुजरात से अपने घर पहुंचा तो सब लोग उसे जिंदा देखकर चौंक गए। आसपास के लोगों ने उसके वीडियो बनाए और पुलिस को सूचना दे दी। ऐताब ने बताया था कि जिस ट्रेन में उसकी हत्या की बात कही जा रही है, वह तो उसमें था ही नहीं। इधर मुकदमे में गवाहों के बयान के आधार पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव ने नरेंद्र कुमार दुबे को हत्या के अपराध से दोषमुक्त कर दिया।

### जन्मदिन पर श्रीराम का आशीष लेंगे योगी

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में राजा राम और परकोटे में विराजमान अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा का गुरुवार को भव्य आयोजन होगा जिसके साक्षी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। अपने 53वें जन्मदिन पर वे श्रीराम का आशीर्वाद भी लेंगे। मुख्यमंत्री के सरयू नदी के त्रयोदशी महोत्सव में पहुंचने की संभावना है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा समारोह सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, हवन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देव विग्रहों की स्थापना होगी। मुख्यमंत्री पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे।

## न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने पर दलों में चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

- संसद में संयुक्त रूप से लाया जाए महाभियोग प्रस्ताव : रीजीजू



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने बुधवार को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने में सभी राजनीतिक दलों को साथ लेने के सरकार के संकल्प को रेखांकित करते हुए कहा कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार को 'राजनीतिक चश्मे' से नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि कथित भ्रष्टाचार के मामले में फंसे न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के उद्देश्य से की जा रही यह कवायद एक 'सहयोगात्मक प्रयास' हो। उन्हें सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति ने दोषी ठहराया है।

रीजीजू ने कहा कि उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश के खिलाफ 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में प्रस्ताव लाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा शुरू कर दी है। सरकार चाहती है कि सभी दल न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने के लिए 'संयुक्त रूप से' प्रस्ताव लाएं। रीजीजू ने कहा कि वह छोटे दलों से संपर्क करेंगे, जबकि सभी प्रमुख दलों को न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की योजना के बारे में पहले ही सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला किसी एक राजनीतिक दल का एजेंडा नहीं होता। भ्रष्टाचार के खतरे से लड़ना सभी दलों का रुख है, चाहे वह न्यायपालिका हो या कोई और क्षेत्र।

### संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से

नई दिल्ली। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने इन तारीखों की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि इन सिफारिशों को राष्ट्रपति को भेजा जाएगा।

## सीवर टैंक की सफाई करते समय पिता-पुत्री और दामाद की मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कार्तिक, तनु और प्रहलाद (फाइल)

- पीलीभीत के माधोटांडा क्षेत्र के सेल्हा गांव में हुआ हादसा, जहरीली गैस से मौत की आशंका

**अमृत विचार :** सीवर टैंक की सफाई के दौरान पिता-पुत्री और दामाद की मौत हो गई। पुराने सीवर टैंक की जहरीली गैस से दम घुटने के कारण मौत होने की आशंका जताई गई है। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिए हैं।

हादसा माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम सेल्हा में हुआ। गांव के ही प्रह्लाद मंडल (60) ने कुछ दिन पहले घर के पास नया सीवर टैंक बनवाया था। जिसकी सफाई का काम चल रहा था। बुधवार को प्रह्लाद मंडल अपनी पुत्री तनु विश्वास (32) और दामाद कार्तिक विश्वास (40) के साथ सफाई के लिए टैंक में उतरे। परिवार वालों के अनुसार सफाई के दौरान पास ही बने पुराने टैंक से गैस का रिसाव हो गया। गहराई अधिक होने के कारण तीनों नीचे ही बेसुध होकर गिर पड़े। कुछ देर बाद प्रह्लाद की पत्नी मौके पर पहुंची तो तीनों को बेसुध देखकर शोर मचाया। ग्रामीणों की मदद से तीनों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर रमनगरा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कलीनगर तहसीलदार वीरेंद्र कुमार भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

## न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से कमजोर होता है जन विश्वास

### ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट में गोल मेज सम्मेलन में बोले प्रधान न्यायाधीश गवई

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी व्यवस्था की शुचिता में विश्वास कम हो सकता है।

ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय में 'मेंटेनिंग जूडिशयल लेजिटिमेसी एंड पब्लिक कॉन्फिडेंस' विषय पर आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में उन्होंने न्यायाधीशों द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद की जाने वाली नौकरियों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि अगर कोई न्यायाधीश सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सरकार में कोई अन्य नियुक्ति प्राप्त करता है, या चुनाव लड़ने के लिए पीठ से इस्तीफा देता है तो इससे गंभीर नैतिक चिंता पैदा होती है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हर प्रणाली, चाहे वह कितनी भी मजबूत क्यों न हो, पेशेवर कदाचार के लिहाज से अतिसंवेदनशील होती है। दुख की बात है कि न्यायपालिका के भीतर भी भ्रष्टाचार और कदाचार के मामले सामने आए हैं। ऐसी घटनाओं से जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे पूरी प्रणाली की शुचिता में विश्वास खत्म हो सकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हालांकि, इन मसलों पर त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई करके ही इस विश्वास को फिर से कायम किया जा सकता है। सेवानिवृत्ति के बाद न्यायाधीशों की सरकारी नियुक्ति अक्सर बहस का मुद्दा बनी रहती हैं, इस पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद की ऐसी नियुक्तियों का समय और प्रकृति न्यायपालिका की शुचिता में जनता के विश्वास को कमजोर कर सकती है, क्योंकि इससे यह धारणा बन सकती है कि सरकारी नियुक्तियों या राजनीति में आने से लिए न्यायिक निर्णय लिया गया।



### भारत में कदाचार से निपटने को उचित उपाय किए

सीजेआई ने कहा कि भारत में जब भी ऐसे मामले सामने आए हैं तो उच्चतम न्यायालय ने लगातार कदाचार से निपटने के लिए तत्काल और उचित उपाय किए हैं। प्रधान न्यायाधीश की यह टिप्पणी इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा पर भ्रष्टाचार के आरोपों की पृष्ठभूमि में आई है। वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की गई थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि प्रत्येक लोकतंत्र में, न्यायपालिका को न केवल न्याय प्रदान करना चाहिए, बल्कि उसे एक ऐसी संस्था के रूप में भी देखा जाना चाहिए जो सत्ता के सामने सच्चाई को रख सकती है। उन्होंने कहा कि न्यायिक वैधता और जनता का विश्वास शब्द आपस में जुड़े हुए हैं।

## उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
क्षेत्रीय कार्यालय : 1219/1, ई-ब्लाक राजेन्द्र नगर, बरेली - 243122

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2025

पर्यावरण दिवस पर समस्त क्षेत्रीय निवासियों से विनम्र अपील
आप सभी से अपील की जाती है कि पर्यावरण को शुद्ध एवं निर्मल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगायें एवं इस राष्ट्रीय दिवस को यादगार बनाने में राष्ट्र का सहयोग करें। धन्यवाद!

पर्यावरण मानव जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक है

क्षेत्रीय अधिकारी



विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून 2025

## महेंद्र कुमार बाजपेई
ब्लाक प्रमुख
विकास खण्ड मोहम्मदी
लखीमपुर खीरी
9415559463
8299420358



## विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून 2025

## सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली




## डॉ. हरीशंकर गंगवार
चेयरमैन
मो. 9412287776
9412288876, 9412288878,
9457507777



# विश्व पर्यावरण दिवस
पर्यावरण मानव जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक है
एक पौधा अवश्य लगायें।



## विश्व पर्यावरण दिवस
05 जून 2025

## सीए राजेन विद्यार्थी
"रोटरी गवर्नर 2025-26"
प्रेमनगर, बरेली



विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून 2025

## तीर्थ रानी
(प्रधान)
नरेन्द्र वर्मा (प्रधान प्रतिनिधि)
ग्राम पंचायत कफारा होलागढ़, लखीमपुर खीरी



विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून 2025
ख्वाजा ब्रिकफील्ड भट्टा
हुरमत अली खान
शेखन पुरवा



विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2025
आर्थोस्कोपी व स्पोर्ट्स इंजरी स्पेशलिस्ट

## वेंकटेश्वर हॉस्पिटल
ऑर्थोपैडिक ट्रॉमा एण्ड मल्टी स्पेशलिटी सेन्टर

## डा. अजय कुमार श्रीवास्तव
MBBS, MS
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
A.O. Fellow of Orthopedic SICOT Member

घुटने का दर्द, सूजन, हड्डी का बढ़ना, पैर का टेढ़ा पड़ना, लुबाबा का कम होना का इलाज व ऑपरेशन, कूल्हे की हड्डी का बढ़ना व सूखना/टीबी, कूल्हे का दर्द का इलाज व ऑपरेशन

कूल्हे एवं घुटने के जोड़ प्रत्यारोपण के सर्जन
पुरानी गलत जुड़ी हड्डी का इलाज

HELPLINE : 6399341012
गुप्ता बारात घर कॉम्पलैक्स, बीसलपुर रोड, हरूनगला, बरेली



# विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून 2025

NOVA DAIRY PRODUCTS
Dream of Healthy India

## STERLING AGRO INDUSTRIES LTD.
KASGANJ

शुद्धता से सेहत






विश्व पर्यावरण दिवस
5 जून 2025

Hero
Self Start
नई HF Deluxe



बरेली की नई HF अब सिर्फ
₹65,000* में
नई एक्स-शोरूम कीमत



GET THE
VIDA 2
Modern and Stylish
New EV
Price 85000/- to Start
VIDA Powered by Hero

## बाँके बिहारी हीरो
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9719255565, 7290082703

## राधा रानी ऑटो मोटिव्ज
स्टेडियम रोड, बरेली। मो. 7409819090




## एक नजर

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। कांट थाना के उप निरीक्षक घनश्याम बहादुर ने बताया कि 27 मई को कांट क्षेत्र के अभियुक्त दुर्वेश निवासी अभायन थाना कांट एक किशोरी को अगवा करके ले गया था। अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने अभियुक्त दुर्वेश को अभायन चौराहा से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

### युवक को मारपीट कर किया घायल

कलान। नगर पंचायत के मोहल्ला धूमनाथ नगर निवासी गोविंद राठौर मंगलवार साप्ताहिक बाजार में सब्जी बेचने का काम करता है, वह सब्जी बेचकर मंगलवार शाम 7 :30 बजे अपने घर जा रहा था। नगर के कुछ युवक आ गए और उसे पीटकर घायल कर दिया।

# 14 गांव व 10 कालोनियों के मार्ग में गड्ढे ही गड्ढे

## शहबाजनगर रोड से गुजरने वाले लोगों को होती है भारी परेशानी, हजारों लोग रोज करते हैं आवाजाही

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- थोड़ी सी बारिश में बिगड़ जाते हैं हालात, तलैया बन जाती है सड़क

**अमृत विचार:** शहबाजनगर-गदियाना चुंगी रोड पर गड्ढों की भरमार है। यहां से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। आवाजाही करने में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हजारों लोग यहां से प्रतिदिन परेशानी उठाते हुए आवागमन करते हैं। रोड से 14 गांव और दस कालोनी के लोगों की आवाजाही है। इसके बाद भी सड़क दुर्दशा है काफी समय से बनी है। जनता की समस्या को जनप्रतिनिधि भी नहीं सुन रहे हैं।

गदियाना चुंगी से शहबाजनगर जाने वाली सड़क पर रोजाना हजारों लोगों का आवागमन रहता है। करीब दो किमी की सड़क पर गड्ढों की भरमार है। इस सड़क पर राहगीरों का चलना मुश्किल हो रहा है। लोग लगातार इस सड़क को बनवाने की मांग कर रहे हैं। गदियाना चुंगी से शहबाजनगर जाने वाली रोड पर चांदनी वाली पुलिया तक का क्षेत्र नगर निगम में आता है। चांदनी पुलिया पर पुल का निर्माण हो रहा है। करीब दो किमी की रोड का निर्माण कई वर्षों से अटका है। गड्ढेदार सड़क पर आए दिन हादसे होते हैं। ई-रिक्शा और अन्य वाहन भी यहां पलट जाते हैं। स्थानीय लोग सड़क के निर्माण के लिए कई बार नगर निगम में धरना प्रदर्शन कर सड़क बनवाने की मांग कर चुके हैं। वार्ड के पार्षद, मेयर भी इस मांग पर चुप्पी साधे हैं । जनता की सड़क निर्माण की मांग को अनसुना कर दिया गया है। निगम की ओर से सड़क की दोनों तरफ नाले का निर्माण करा दिया गया। इससे नाला ऊंचा और सड़क नीची हो गई। इससे थोड़ी-सी बारिश होने पर सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है।



बदहाल शहबाजनगर गदियाना चुंगी रोड। ● अमृत विचार

### रिंग रोड से जुड़ती है सड़क

शहबाजनगर रोड से तमाम गांव जुड़े हुए हैं। सड़क आगे चलकर शहबाजनगर स्टेशन के पास से रिंग रोड में जुड़ जाती है। इस रोड पर पांच बड़ी कॉलोनियां हैं। हजारों की आबादी इस सड़क से जुड़ी है। इतनी आबादी के आवागमन के बाद सड़क का निर्माण नहीं हो रहा है। सड़क ऊबड़-खाबड़ होने की वजह दुकानों का काम-धंधा प्रभावित हो रहा है।

### बारिश में होती ज्यादा परेशानी

बारिश के दिनों मेंइधर से गुजरने में ज्यादा ही परेशानी होती है। थोड़ी सी बारिश में पानी भर जाता है बारिश के दिनों में पानी भरने की वजह से गड्ढे दिखाई नहीं देते हैं और लोग गिरकर चोटिल होते रहते हैं। कई बार ई रिक्शा पलटने से बचते हैं और कई बार तो पलट भी जाते हैं।

नगर निगम लगातार सड़क बनवाने और मरम्मत का कार्य कर रहा है। इस सड़क का भी निरीक्षण किया जाएगा और बनवाने का प्रयास किया जाएगा।- डॉ. बिपिन कुमार मिश्र, नगर आयुक्त



सड़क खराब होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के दिनों में होती है। जरा से बारिश होने पर लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। - सारिक खान



कई बार सड़क बनवाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। अगर सड़क बन जाए तो जनता को बड़ी परेशानी से बचाया जा सकता है। -सत्येंद्र मिश्रा



ऊबड़-खाबड़ सड़क में तमाम गड्ढे हो गए हैं। शिकायतों के बाद भी अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि यह जनहित का प्रकरण है। सड़क बन जाए तो लोग राहत की सांस लें। -गंगाधर

# पड़ोसी ने महिला को दी जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला गदियाना निवासी वीना उपाध्याय ने बताया कि उसके पड़ोसी संजीव राना उसे परेशान करता है और जान से मारने की धमकी देता है। पीड़िता का आरोप है कि आए दिन आरोपी उसे परेशान करता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

**किशोरी को गायब करने का आरोप : शाहजहांपुर ,अमृत विचार:** सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने बताया कि 31 मई की शाम चार बजे मोहल्ले का रमेश चंद्र उसकी 14 वर्षीय पुत्री को मंदिर की सफाई कराने के नाम पर घर से बुलाकर ले गया। आरोप है कि रमेश, विशाल, अनिल ने उसकी पुत्री को गायब कर दिया है। उसकी बेटी को लोभ देकर अगवा करके ले गए है। उसने अपनी पुत्री को फोन मिलाया तो कहने लगी कि यह लोग छोड़ नहीं रहे है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**रोजा ,अमृत विचार :**थाना क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श नगर कालोनी निवासी उपासना ने बताया कि उसकी शादी पांच साल पहले अमन सक्सेना निवासी टोलवा थाना वेहटा गोकुल जिला हरदोई के साथ हुई थी। उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। ससुराल वालों ने तीन लाख रुपये और एक बाइक की मांग की। दहेज न देने पर अगस्त माह 24 में ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया। वह मायके में रह रही है। पुलिस ने पति अमन समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर ,अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव बमरोली निवासी रामचंद्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 31 मई की रात में चोर उसके मकान की खिड़की तोड़कर कमरे में घुस गए। चोरों नगदी, जेवर आदि चुरा लिया। चोरी की जानकारी सुबह हुई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# दहेज में दो लाख रुपये न देने पर शादी का रिश्ता तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गोद भराई के बाद की दहेज की मांग, आरोपी लड़के की दूसरी जगह कर दी शादी
- गोद भराई में लड़के वालों की तरफ से 70 लोग आए सभी के लिए भोजन व्यवस्था कराई

**अमृत विचार:** गोद भराई के बाद लड़के पक्ष वालों ने दहेज में दो लाख रुपये और बाइक की मांग की। दहेज में बाइक और नगदी न मिलने पर लड़के पक्ष वालों ने शादी का रिश्ता तोड़ दिया। लड़के की दूसरी जगह शादी कर दी। पुलिस ने लड़के पक्ष वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव नरदरा निवासी रामसेवक ने बताया कि उसने अपनी भांजी प्रीति की शादी पवन निवासी चिता नगला थाना परौर के साथ तय की थी। 24 अप्रैल 24 को गोद भराई कार्यक्रम हुआ था। उसने 5051 रुपये आदि सामान दिया था। लड़के वालों की तरफ से गोद भराई कार्यक्रम करीब 70 व्यक्ति आए थे। गोद भराई में प्रतिभोज की व्यवस्था थी। तब तक किसी ने कोई ऐसी बात नहीं कही जिससे लगे लड़के वाले लोग दहेज की मांग के लालायित हैं। उनके साथ आए रिश्तेदारों ने भी दहेज की मांग के लिए कोई आभास नहीं होने दिया। लेकिन बाद में मांग की जाने लगी।

शादी करीब डेढ़ साल बाद होना तय हुई थी। पवन, उसके पिता जगदीश और उसकी मां ने कहा कि पहले दो लाख रुपये और एक अपाचे बाइक भिजवा दो तब शादी की तिथि तय की जाएगी। पीड़ित ने लड़के पक्ष वालों से कहा कि दो लाख रुपये और बाइक देने में असमर्थ है। उन्होंने रिश्ता तोड़ने की धमकी दी। आरोप है कि 05 मई 25 को जगदीश ने अपने बेटे पवन की शादी दूसरी जगह कर दी, जिससे उसके परिवार में समाज में ठेस पहुंची है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पवन, जगदीश व उसकी मां के खिलाफ दहेज आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं, जांच कर रही पुलिस, कैमरे खंगाले

**खुदागंज/शाहजहांपुर ,अमृत विचार:** गैली गांव में दो घरों में नकब लगाकर हुई चोरी के मामले में पुलिस ने कई घंटे बीत जाने के बाद रिपोर्ट दर्ज नहीं की और जांच में जुटी है। पुलिस ने पड़ोसी गांव में कैमरे चेक किए है। पुलिस को कैमरे में नकाबपोश जाते हुए दिखायी दिए है। उनके चेहरे साफ नजर नहीं आ रहे है।

थाना क्षेत्र के गांव गैली निवासी आसिफ अली के चोरों सोमवार की रात में मकान में नकब लगाकर लाखों रुपये नकदी सहित जेवर ले गये थे। गांव में ही इमाम इरशाद के मकान में भी नकब लगाकर 10 हजार की नकदी समेत जेवर ले गये थे। एक ही गांव मे ंदो जगह चोरी की घटनाओं ने पुलिस की पोल खोल दी है। पुलिस ने गैली गांव से जाने वाले पुरगांव में जाकर सीसीटीवी कैमरे चेक किए। पुलिस ने कैमरे में देखा कि चार लोग दिखायी दे रहे है और मुंह में डाटा बांधे हुए है। कई घंटे बीत जाने के बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# बहन ने दरवाजा नहीं खोला, भाई ने गोली मार कर ली आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बहन के घर आए दिन रुपये मांगने पहुंच जाता था शराब का आदी भाई पुलिस ने बंदूक को लिया कब्जे में

**अमृत विचार:** बहन के घर आए दिन पैसे मांगने और शराब पीने के आदी व्यक्ति के लिए बहन ने एक दिन दरवाजा नहीं खोला तो शराबी भाई ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर नमूने लिए। पुलिस बंदूक को कब्जे में ले लिया है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला बाबूजई निवासी 55 वर्षीय विनोद राठौर की बहन ललिता राठौर इसी मोहल्ले में रहती है। उसके पति का निधन हो चुका है। वह आंगनबाड़ी में चतुर्थ श्रेणी पद पर है। विनोद आए दिन ललिता के घर जाकर रुपया मांगता था। बहन से रुपये लेकर वह शराब पीता था। इससे ललिता भी पैसे देकर परेशान होती थी। मंगलवार की रात 11 बजे वह अपनी बहन ललिता के घर पर अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर गया। उसने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया नहीं खुला। ललिता ने भाई के हाथ में बंदूक देखी तो दरवाजा नहीं खोला और सुबह आने की बात कही। विनोद काफी देर तक दरवाजा खुलवाने का प्रयास करता रहा। दरवाजा नहीं खुला तो विनोद ने अपने माथे पर आंख के नीचे गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर बहन ने दरवाजा खोला। मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गयी। परिवार वाले खून से लथपथ विनोद को मेडिकल कालेज ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अश्वनी सिंह और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गयी। टीम ने साक्ष्य जुटाए। प्रभारी निरीक्षक ने मृतक की बहन से पूछताछ की। बताया कि विनोद ने दुकान आदि संपत्ति शराब के लिए बेच दी। वह शराब पीने के लिए बहन के घर पैसे मांगने पहुंच जाता था। पुलिस ने बंदूक को कब्जे में ले लिया। मृतक की पत्नी का नाम अनीता व एक बेटा सनी राठौर है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मामले की जांच करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

# वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश तीन गिरफ्तार, 6 बाइक बरामद

संवाददाता, पुवायां/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से 6 चोरी की बाइक बरामद की है। पकड़े गए चोरों ने पूछताछ में बताया कि जुआं खेलने की लत और पैसे हारने पर बाइक चुराने की आदत बन गयी थी।

पुवायां प्रभारी निरीक्षक को मंगलवार की रात मिली सूचना के बाद उन्होंने हाईवे पर बड़ागांव ओवरब्रिज के पास घेराबंदी करके वाहन चोरों को दबोच लिया। पकड़े गए वाहन चोर पिंटू निवासी भूड़ा खानपुर थाना मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी, विजय पाल निवासी कलंदरगंज थाना पुवायां, राजपाल निवासी वउंवा थाना मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी है। पुलिस ने वाहन चोरों की निशानदेही पर 6 चोरी की बाइक बरामद की है। बरामद चोरी की बाइक लखीमपुर खीरी की थाना गोला, सिंधौली थाना क्षेत्र की और थाना खुटार क्षेत्र की है।

# मुड़िया कला में निकला सांपों का झुंड

संवाददाता,जलालाबाद

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव मुंडिया कला निवासी सरवन कुमार के घर में सांपों का जखीरा निकला। बुधवार को सरवन ने घर में रखे ड्रम को एक तरफ हटाना चाहा तो उसमें से एक सांप निकला। यह देख वह डर गए। उन्होंने उस सांप को भगाया। सांप के भागते ही नीचे से ज्यादा संख्या में सांप निकलने लगे।

तब सरवन ने परेशान होकर गांव वालों को बुलाया। इस पर लोगों ने ड्रम को नहीं छेड़ने की बात कही क्योंकि इससे पूरे गांव में सांपों के फैलने का खतरा था।

सरवन की ओर से जलालाबाद नगर से सपेरा को बुलाकर सांपों को पड़कर एक डिब्बे में बंद कर दिया गया। वहीं गांव में दहशत का माहौल देखने को मिल रहा है। पूरे गांव में चर्चा है इतने सांप आखिर आए कहां से होंगे। सभी सांप पुरानी नस्ल के बताए जा रहे हैं। गांव वालों का कहना है कि ऐसे सांप उन्होंने कभी नहीं देखे। ग्रामीणों ने बताया सपेरा सांपों को पड़कर जलालाबाद ले गया है।



सरवन कुमार के घर निकले सांप। ● अमृत विचार

# पेंशनर एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सेवा निवृत कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक अजय सिंह वर्मा की अध्यक्षता में लोधीपुर स्थित एक मैरिज लॉन में हुई। जिसमें पेंशनरी रूल्स एंड एक्ट में संशोधन करके पेंशनर्स के अधिकारों का हनन व सेंध लगाने पर चर्चा की गई, साथ ही संगठन को मजबूत किए जाने की अपील की गई। बैठक में सदस्यों ने आंठवे वेतन आयोग लागू करने के दौरान पेशनरों को भी तत्काल सुविधा देने की बात रखी। पेंशनरों के लिए सरकार ज्यादातर बाद में सुविधा देती है।

बैठक में जिला मंत्री संतकुमार विश्वकर्मा, सुनील अग्रवाल, छेदीलाल, रामदास, रामसेवक शर्मा, ललित मोहन शर्मा, विष्णु प्रकाश गुप्ता, रामलड़ैते यादव, मीना कुमारी कश्यप आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# गांधीनगर में बंद मकान में शार्ट सर्किट से लगी आग

संवाददाता, जलालाबाद

- नगदी सहित करीब तीन लाख का घरेलू सामान जलकर राख

**अमृत विचार: गांधीनगर** में बंद मकान में बिजली के तार मे शार्ट सर्किट से आग लग गई, जिससे अलमारी में रखे 90 हजार रुपये सहित करीब तीन लाख का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग की घटना के समय मकान बंद था। पड़ोस के रहने वाले लोगों ने मकान का ताला तोड़कर आग बुझाने का काम किया।

अनिल शर्मा की पत्नी किरन ने बताया कि बुधवार सुबह वह अपनी भांजी की शादी के लिए हरदोई चली गई थी। सूचना के बाद वह घर लौट आई, उसके पति अनिल शर्मा एवं बेटा अंश रावतपुर में नखासे में दवा बेचने गए थे। परिवार चूरन बेचकर अपनी आजीविका चलता है। बड़ा बेटा अनमोल बीमार चल रहा है, जो मेडिकल कॉलेज लखनऊ में भर्ती है, उसके इलाज के लिए उन्होंने 90,000 रुपये उधार लिए थे। घर में कोई नहीं था। ताला लगा हुआ था, तभी उनके पीछे बुधवार सुबह करीब 9 बजे कमरे में आग लग गई। धुआं निकलते हुए निहाल ने देखा। उसने अपने परिवार के लोगों को सूचना दी, परिवार व आस पास के लोगों ने बिजली की सप्लाई बंद करने के बाद आग पर काबू पाया उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुलिस एवं दमकल विभाग की टीम ने पहुंचकर निरीक्षण किया। पीड़ित ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर मुआवजे की मांग की है




# विधवा ने देवर और नंदोई पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की चार साल पहले शादी आकाश निवासी भमौरा जिला बरेली के साथ हुई थी। 23 अगस्त 24 को बीमारी के चलते उसके पति आकाश की मौत होने के बाद ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि उसका देवर शिवम और नंदोई बालक राम ने गलत नियत से उसे पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगे। विरोध करने पर दोनों लोगों ने विधवा को मारा पीटा। आरोप है कि 18 सितंबर 24 को छह माह के बेटे मोनू व एक साल के बेटे देव के साथ ससुराल वालों ने घर से निकाल दिया। पीड़िता कटरा थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराने गयी तो पुलिस ने मना कर दिया। पीड़िता एसपी से मिली। प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि शिवम, बालक राम समेत चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# 40 वार्डों में महिला समूह कर रहे वाटर टेस्टिंग का कार्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन व अमृत 2.0 के संयुक्त तत्वाधान वाटर क्वालिटी टेस्टिंग का कार्य स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों की ओर से नगर निगम के 40 वार्डों में किया जा रहा हैं। इनमें बहादुरपुरा, तारीन बहादुरगंज, खिरनीबाग, कटिया टोला, खलीलशर्की, भारतद्वाजी, बिजलीपुरा, अंटा, हाथीथान, दिलाजाक, रामनगर कालोनी, तारीन जलालनगर, निसरजई, एमनजई जलालनगर व बाडूजई प्रथम, बाडूजई पेशावरी, अजीजगंज, काशीराम कालोनी, ककरा, मामूडी, यूनुसखेल, महमन्द जगंला, आनन्दपुरम कालोनी, मक्कू बजरिया, हुण्डाल खेल, तिराही, अहमदपुरा, अहमदपुर नियाजपुर, ख्वाजा फिरोज, जियाखेल, दलेलगंज, सरायकाइया, नई बस्ती आदि शामिल हैं। रोशनगंज, बाबूजई, सदर बजार, सुभाषनगर, बीबीजई हद्वफ, गढीगाडीपुरा, फत्तेपुर रेती में भी वाटर क्वालिटी टेस्ट की जा रही है। जिसमें काम करने के इच्छुक स्वयं सहायता समूह की महिलाएं नौ जून तक आवेदन कर सकती हैं। पीओ डूडा ने बताया कि ऐसे सक्रिय स्वयं सहायता समूह सदस्यों की ओर से वाटर क्वालिटी टेस्टिंग के लिए सर्वेयर पद पर कार्य करने के जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा में आकर आवेदन पत्र 9 जून तक प्राप्त व जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी को किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय डूडा टाउन हॉल निकट बाबा विश्वनाथ मंदिर से भी प्राप्त कर सकते हैं।



पानी की टेस्टिंग करती महिला।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# गोशालाओं पर रहेगी हर वक्त नजर

## सीसीटीवी कैमरे से युक्त गोशालाओं और पीएम श्री विद्यालयों के लिए कंट्रोल रूम खुला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कंट्रोल रूम में एलईडी पर एक गोशाला का निरीक्षण करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, साथ में सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह।

**अमृत विचार:** जिले में संचालित बृहद गोशालाओं और पीएम श्री विद्यालयों की निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का कंट्रोल रूम विकास भवन में स्थापित किया गया है। बुधवार को डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने गोपालकों से संवाद भी स्थापित किया। गोशालाओं की निगरानी के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को पर्यवेक्षक नामित किया गया है।

डीएम ने बताया कि इन कैमरों की सहायता से गोशालाओं की 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की गई है और शिकायतों के तत्काल निस्तारण के लिए प्रणाली की व्यवस्था की गई है। उन्होंने वॉइस कमांड के माध्यम से एक गोशाला के गोपालक से संवाद स्थापित कर चारा, पानी एवं छाया जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली।

डीएम ने बताया कि जिले में 10 और वृहद गौशालाएं निर्माणाधीन हैं, जिनमें आरंभ से ही बाउंड्री वॉल एवं सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। बताया कि जिले के 26 पीएम-श्री विद्यालयों को भी सीसीटीवी कैमरों से युक्त किया जा चुका है, जिनकी निगरानी भी विकास वॉर रूम में की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि गौशालाओं अथवा विद्यालयों के संचालन एवं देखरेख में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता पाई गई, तो सम्बन्धित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सीडीओ, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

- डीएम ने फीता काटकर कंट्रोल रूम का किया उद्घाटन, एक गोशाला के गोपालकों से किया संवाद

### सोलर पैनल से जुड़े रहेंगे सीसीटीवी कैमरे

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह ने बताया कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित 11 वृहद गौशालाओं को नियंत्रण कक्ष से जोड़ते हुए 360 डिग्री सीसीटीवी कैमरों (एआई सक्षम) की सहायता से निगरानी की जाएगी। यह कैमरे सोलर पैनल एवं सिम युक्त हैं, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में भी निर्बाध रूप से कार्यरत रहेंगे।

# रोज़ा पावर ने सफल छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रोज़ा पावर परियोजना क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में सुधार के विभिन्न प्रयासों के अतिरिक्त गार्गी वेल्फेयर सोसाइटी के सहयोग से ग्राम चौढेरा में निशुल्क कोचिंग संस्थान के मेधावी छात्र-छात्राओं को रोज़ा पावर के सीएसआर प्रमुख कुमार अवनीश द्वारा सम्मानित कर छात्रों को भविष्य में सफलता की शुभकामनाएं दी।

गत आठ वर्षो से संचालित सोसाइटी में 241 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। ग्राम प्रधान के सहयोग से पंचायत भवन चौढेरा में संस्थान संचालित है।यहां बच्चों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, राष्ट्रीय छात्रवृति परीक्षा आदि की तैयारी भी कराई जाती है। इस वर्ष यूपी बोर्ड परीक्षा में 48 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। 10वीं में संस्थान से 19 छात्र छात्राओं में से 15 ने 60 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए। शेष 3 ने 50 प्रतिशत अथवा इससे अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। 12वीं में संस्थान के बच्चों में 18 ने प्रथम श्रेणी व 11 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इस मौके पर रोज़ा पावर के राजीव कुमार सिंह, प्रधान पति चौढेरा सुनील कुमार वर्मा, कोचिंग संस्थान के संचालक गौरव कुमार मिश्रा तथा सहयोगी शिक्षक घनश्याम भारद्वाज, कुलदीप शुक्ला, देवेंद्र सिंह, सोनू कटियार, प्रशांत द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।



छात्रा को सम्मानित करते रोजा पावर के सीएसआर प्रमुख कुमार अवनीश।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में लोगों को किया जागरूक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जनपद की 9 न्याय पंचायतों की ग्राम पंचायतो चांदपुर, रायपुर बिचपुरी, जोगराजपुर, मोहद्दीनपुर, ढका घनश्यामपुर, देवकली, सिधौली, जेंवा, कंजा पुरैना में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें बंडा के ढका धनश्याम में ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश, मोहद्दीनपुर में मंडल अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा, पुवायां के जेवां में कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख सुरजन लाल, जिला कृषि अधिकारी, विकास किशोर, भूमि संरक्षण अधिकारी आरपी राणा, जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र वैज्ञानिक डा. विद्या गुप्ता, डा. महेश कुमार, डा. नीलम कुनील, डा.पीके कपिल, डा.एनपी गुप्ता, एनसी त्रिपाठी जी, डा. मनीष मोहन, डा. विमल कुमार आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह को ज्ञापन सौंपते राष्ट्रवादी पार्टी के पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** राष्ट्रवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार अपूर्वा सिंह को सौंपा।

जिसमें कहा गया कि प्राइवेट स्कूल संचालक मनमाने ढंग से हर वर्ष फीस बढ़ाते हैं, जिससे अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है, इसलिए मनमानी फीस वसूलने पर लगाम लगाई जाए, बेरोजगार युवाओं को रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और इंवेस्टर समिति 2023 में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा पूरा किया जाए, फसलों की एमएसपी तय की जाए और सभी फसलों की सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए, , 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, सभी सरकारी अस्पतालों में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए समुचित बेड उपलब्ध कराए जाएं और आक्सीजन की व्यवस्था की जाए, जिन गांवों में घरौनी का कार्य पूरा नहीं हुआ है, वहां घरौनी का काम पूरा कराया जाए, भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाते हुए भिक्षा वृत्ति में लिप्त लोगों के लिए पुर्नवास और रोजगार की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, मंडल प्रभारी सुभाष पांडेय, विद्यासागर, जिलाध्यक्ष अमित वर्मा, सुरजीत सिंह, गंगाश्री, रेखा देवी, दिलीप सिंह आदि लोग शामिल रहे।

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा
- प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वसूली का भी उठाया मुद्दा

# सड़क पर ठेले लगे तो दुकानदार पर होगा जुर्माना

संवाददाता, पुवायां




व्यापारियों के साथ बैठक में मौजूद एसडीएम चित्रा निर्वाल।

**अमृत विचार:** अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर एसडीएम ने व्यापारियों से बैठक कर दिशा निर्देश दिए। इस दौरान दुकानदारों से नाले के पीछे ही रहने और आगे लगे ठेले वालों के लिए दुकानदार से जुर्माना वसूले जाने की चेतावनी दी।

प्रशासन के अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत लगातार व्यापारियों में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई थी। पालिका प्रशासन ने इसके लिए खुटार रोड के 53 दुकानदारों को नोटिस देकर कब्जा हटाए जाने के निर्देश दिए थे। इसको लेकर तमाम व्यापारियों ने भी अपने प्रयास शुरू कर दिए थे। इसको लेकर बुधवार को एसडीएम चित्रा निर्वाल की अध्यक्षता में पालिका सभागार में चेयरमैन, व्यापार मंडल कमेटी व अन्य व्यापारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में तय हुआ कि मुख्य मार्गों पर सभी दुकानदार नाले के पीछे ही अपनी दुकानों तक सीमित रहेंगे, तमाम दुकानों के सामने ठेले वालों को नहीं लगने देगा, अन्यथा ऐसे में पहली बार दुकानदार को 2 हजार व दूसरी बार 5 हजार रुपए जुर्माना वसूला जाएगा। इसके अलावा सभी प्रमुख मार्गों पर ई रिक्शा व टैक्सी वाहन राजीव चौक से 50 मीटर दूर ही खड़े होंगे। इस दौरान अधिशासी अधिकारी सतेंद्र प्रकाश, चेयरमैन संजय गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार लील समेत अन्य तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

- एसडीएम ने की व्यापारियों के साथ बैठक

> पालिका सभागार में बैठक कर व्यापारियों, टैक्सी व रिक्शा चालकों से नियमों के तहत व्यापार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जुर्माने का भी प्रावधान रखा गया है।
> –चित्रा निर्वाल, एसडीएम, पुवायां

> बैठक के माध्यम से दुकानदारों से नाले के पीछे ही रहने की अपील की गई है। इसके अलावा ठेले वालों के लिए भी दुकानदारों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसका उद्देश्य सड़क पर लगने वाले जाम को रोकना है, जिसमें तमाम दुकानदारों व लोगों से सहयोग करने की अपील की गई है। बाकी जब एनएचआई अपना निर्माण करेगा तो अतिक्रमण हटाओ अभियान चलेगा।
> –सतेंद्र प्रकाश, ईओ नगर पालिका पुवायां

# आश्वासन के बाद भाकियू का धरना समाप्त

**तिलहर, अमृत विचार:** जनहित की कई समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता तहसील में दो दिन से धरने पर बैठे थे। तहसीलदार ने धरना स्थल पर पहुंचकर वार्ता की, जो13 बिंदुओं पर सफल रही। तीन दिन में निस्तारण के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया।

तहसील अध्यक्ष गेंदन लाल लोधी के नेतृत्व में एकत्र हुए कार्यकर्ता जनहित की समस्याओं को बताया कि जल निगम ने गांवों में सड़कें खोद कर डाल दी है लेकिन उन्हें बनाया नहीं गया है। बुधवार को दोपहर तहसीलदार जयप्रकाश यादव किसान नेताओं से वार्ता करने पहुंचे। इसके बाद किसान नेताओं ने धरना समाप्त किया। इस दौरान वीरपाल वर्मा, राम नरेश, ओम प्रकाश, विश्वनाथ सिंह, सुनील कुमार, गेंदालाल वर्मा, श्री कृष्ण, राजवीर सिंह, सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# नदी घाटों पर फॉगिंग व कीट नियंत्रण को चलाया अभियान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** महानगर क्षेत्र में स्थित घाटों पर बुधवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान घाटों पर सफाई और फागिंग कराई गई।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्र ने लोधीपुर, हनुमत धाम, गर्रा नदी घाट पर कराए जा रहे स्वच्छता अभियान का निरीक्षण किया।

बकरीद के उपलक्ष्य में समस्त सड़कों, गलियों की साफ़ सफ़ाई का भी विशेष ध्यान रखे जाने के लिए सम्बन्धित सफ़ाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया। यदि सफ़ाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बरती गयी तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण में पार्षद अरविन्द गुप्ता, सफ़ाई एवं खाद्य निरीक्षक संजीव वर्मा व सुपरवाइजर मौजूद रहे।

- नगर आयुक्त ने सफाई कार्य का किया निरीक्षण

## सार-संक्षेप

### राहगीरों को पिलाया शरबत



**सिंधौली, अमृत विचार:** गर्मी को ध्यान में रखते हुए राम अवतार उर्फ पिंटू ने एमए पब्लिक स्कूल मुड़िया मोड़ के प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी व प्रधान ढकिया हमीद नगर निवासी बृजेश यादव के सहयोग से स्कूल के सामने प्याऊ लगाया। हाईवे से गुजर रहे ग्रामीणों एवं राहगीरों को शरबत पिलाकर पुण्य कमाया गया। शरबत वितरण में अब्दुल रहमान खान, धर्मेंद्र सक्सेना, अति सक्सेना, अनूप कश्यप, कृष्ण पाल, अंकित कुमार, रोहित कुमार, रजनीश यादव उर्फ बूचे, मिस्त्री निजामुद्दीन सिद्दीकी, डॉक्टर रविंद्र सिंह, पिंटू, श्लोक यादव, मुजीम अली मंसूरी, सुंदर लाल उर्फ हिप्पी आदि का सहयोग रहा।

### ग्रामीण विकास है भारत का आधार



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसएस कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में एमए के छात्र-छात्रों के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली की क्षेत्रीय अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. रुचि द्विवेदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था में ग्रामीण विकास को भारत के समग्र विकास का मूल आधार बताया। उन्होंने कहा की तीव्र औद्योगिक विकास के बाद भी भारत की आधे से अधिक जनसंख्या अपने भरण पोषण के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर करती है। भारत में गरम मसाले चाय काफी फल आदि अनेक कृषि उत्पादन विदेशों को निर्यात किए जाते हैं। यही नहीं भारत के अनेक उद्योग भी अपने कच्चे माल के लिए कृषि पर आधारित हैं। डॉ. पूजा वाजपेई के संचालन में हुए कार्यक्रम में विषय स्थापना कॉलेज प्रोफेसर डॉ. अनुराग अग्रवाल ने की। महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राम शंकर पांडे ने ग्रामीण विकास पर लिखी अपनी पुस्तक डॉ. रुचि द्विवेदी को भेंट की। अंत में डॉ. मधुकर श्याम शुक्ला ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### स्टेट रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में शगुन ने पाया सातवां स्थान





**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** व्यापारी नेता सचिन बाथम की पुत्री शगुन बाथम ने नोएडा में आयोजित यूपी स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर सातवीं रैंक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में प्रदेश से 400 बच्चों ने भाग लिया था। मोहल्ला खिरनीबाग निवासी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर अध्यक्ष की पुत्री शगुन बीकॉम की छात्रा हैं। यह प्रतियोगिता एक जून को नोएडा में आयोजित हुई थी। व्यापारियों ने व्यापार मंडल कार्यालय पहुंचकर शगुन को बधाई दी। इस दौरान अशोक गुप्ता, रेहान मिर्ज़ा, लकी खान, अखिल मिश्रा, कंचन गुप्ता, महेंद्र दुबे, नारायण दास अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह सेठ, राजीव खन्ना, अशरफ, आसिफ, डॉ शब्बन, रविन्द्र सिंह, हनी सिंह, राकेश गुप्ता, कामरान, फुरकान खान, सुहेल, चांद आदि रहे।

### ऋण अदायगी नहीं होने पर बैंक ने संपत्ति पर किया कब्जा



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हांडा कॉलोनी रोजा निवासी सारिका गुप्ता पर बैंक ऑफ बड़ौदा का करीब 35 लाख ऋण का बकाया चल रहा था, कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी अदायगी नहीं करने पर अपरजिलाधिकारी के आदेश पर रोजा थाना की फोर्स के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा ने सारिका की संपत्ति अपने कब्जे में ले ली। इस दौरान तहसीलदार, सौरभ भारद्वाज, रिकबरी ऑफीसर धीरज दीक्षित, विनय पाठक, रूपेश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### ओशीन एक दिन के लिए बनी एसपी




**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत पहल करते हुए एसपी राजेश द्विवेदी ने छात्रा ओशीन अनेजा को एक दिन के लिए एसपी बनाया। छात्रा ने जनता की समस्याओं को सुना और निस्तारण का आश्वासन दिया। तक्षशिला पब्लिक स्कूल की छात्रा ओशीन अनेजा ने सीबीएसई की 10वीं परीक्षा में 93 प्रतिशत हासिल किए है। एसपी ने बुधवार को छात्रा को कार्यालय बुलाकर एक दिन की जिले की कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी दी। कुर्सी पर बैठकर छात्रा ने एक-एक करके फरियादियों के प्रार्थना पत्र लेकर समस्याएं पूछी। अधिकांश शिकायते पारिवारिक कलह और पुलिस से संबंधित थी। उन्होंने समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एएसपी ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण, अपर पुलिस अधीक्षक सिटी देवेंद्र कुमार, सीओ सिटी पंकज पंत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### परौर पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग

परौर। बुधवार को पुलिस ने पकड़िया चौराहे पर दोपहिया वाहनों व चार पहिया वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान कई वाहनों के चालान किए गए और कुछ वाहन चालकों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया। उप निरीक्षक सुखेंद्र सिंह यादव, हेड कांस्टेबल अजय राणा मौजूद रहे।

### बारिश से पहले करा लें टीकाकरण

जैतीपुर। जैतीपुर सीएचसी प्रभारी डॉक्टर मोहम्मद सजर ने बताया कि बारिश का समय आने वाला है। इस समय टीकाकरण कार्यक्रम चल रहा है, सभी लोग बच्चों को शत प्रतिशत टीका लगवाए, जिससे आने वाले बारिश के समय में फैलने वाले संक्रमण से उन्हें बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि आसपास पानी इकट्ठा न होने दें और मच्छरों से बचाव रखें।

### संस्था के मीडिया प्रभारी बने डॉ. पुनीत

शाहजहांपुर। सहयोग संस्था के मीडिया प्रभारी का अतिरिक्त दायित्व डा. पुनीत मनीषी को सौंपा गया है। अध्यक्ष, महासचिव व संरक्षक शाहनवाज खान व अनिल गुप्ता प्रधान के द्वारा निर्णय के बाद यह मनोनयन किया गया है।

# मौसम: सुबह उमस ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें, दोपहर में बारिश से मिली राहत

## आंधी में फाल्ट से गुल रही खिरनीबाग, कटिया टोला, बहादुरगंज की बिजली आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बारिश के बाद सड़क किनारे गड्ढों में भर गया पानी

**अमृत विचार:** मौसम में कभी नमी तो कभी उमस के बीच परेशान हो रहे लोगों के लिए बुधवार दोपहर को तेज आंधी बारिश ने मौसम को खुशगवार बना दिया। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई, जिससे विभिन्न मोहल्लों की बिजली करीब एक से डेढ़ घंटे गुल रही। सड़कों पर जलभराव हो गया और फिसलन बढ़ गई। बुधवार को 35.1 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक 10 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई।

बुधवार सुबह करीब आठ बजे धूप में चमक दिखाई दी और आसमान साफ हो गया। इसी के साथ ही धूप का असर तेज हो गया, इससे उमस भरी गर्मी बढ़ गई। दोपहर करीब 2:30 बजे अचानक मौसम में बदलाव आ गया। बादल छा गए और तेज हवा चलने लगी, इसके बाद धूल भी आंधी शुरू हो गई, फिर बूंदाबांदी होने लगी।



बारिश के बाद हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

इसके बाद रिमझिम बारिश शुरू हो गई, करीब 45 मिनट की रिमझिम बारिश के बाद बूंदाबांदी जारी रही करीब 3:30 बजे अचानक फिर से झमाझम बारिश शुरू हो गई। सड़कों पर दोपहिया वाहन व पैदल चलने वाले लोग पांच मिनट की बारिश में भीग गए, पांच मिनट के दौरान गड्ढा युक्त सड़कों पर जलभराव की स्थिति हो गई। सड़क किनारे गड्ढों में भी पानी भर गया। रिमझिम और बूंदाबांदी के साथ 5:30 बजे तक बारिश हुई। आंधी के दौरान लाइनों में आए फाल्ट की वजह से खिरनीबाग, कटिया टोला, बहादुरगंज आदि मोहल्लों की बिजली गुल हो गई, करीब एक घंटे तक बिजली गुल रही। बारिश थमने के बाद आपूर्ति सुचारू हुई। इस बारिश से किसानों के चेहरे भी खिले हुए हैं।

> मंगलवार के मुकाबले बुधवार को तापमान में 0.3 डिग्री सेल्सियस की कमी थी, मंगलवार को तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था, बुधवार को तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वर्षा 10 मिमी रिकॉर्ड की गई।
> –डॉ. मनमोहन सिंह, मौसम वैज्ञानिक, गन्ना शोध संस्थान



बारिश से बचने के लिए दुकानों के सामने छज्जे के नीचे खड़े लोग।

## 10 बोरी से अधिक यूरिया खरीदने वालों की होगी जांच

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** अप्रैल-मई माह में समितियों व रिटेलरों से 10 बोरी से अधिक यूरिया खरीदने वाले किसानों की जांच की जाएगी। शासन से आए निर्देश के बाद कृषि विभाग जांच करेगा।

जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने कृषकों एवं उर्वरक प्रतिष्ठान स्वामियों को बताया कि किसी भी दशा में खतौनी के आधार पर प्रयोग होने वाली यूरिया से अधिक यूरिया को न तो क्रय करे और न ही उर्वरक विक्रेता यूरिया का विक्रय करे। यदि किसी उर्वरक विक्रेता द्वारा कृत्रिम रूप से यूरिया का पीओएस मशीन से खारिज किया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि 10 बोरी से अधिक खरीदने वाले किसान एवं उर्वरक विक्रेताओं की जांच टीमों द्वारा प्रारम्भ करा दी गयी है। कोई भी रिटेलर कम्पनी या डीलर के कहने पर यूरिया उर्वरक का कृत्रिम रूप से खारिज न करे, ऐसा करने पर उर्वरक लाइसेंस निरस्त करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराके कार्यवाही की जाएगी।

# प्लास्टिक हटाओ-जीवन बचाओ का किया मंचन



स्टेशन पर पर नुक्कड़ नाटक का मंचन करते स्काउट गाइड। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रेलवे कर्मचारियों, यात्रियों की दिलाई शपथ, प्लास्टिक का न करे उपयोग

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस पर रेलवे स्टेशन पर भारत स्काउट एंड गाइड ने प्लास्टिक हटाओ और जीवन बचाओ नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इस दौरान बताया गया कि प्लास्टिक का प्रयोग करने तमाम प्रकार की बीमारियां फैलती है और प्रदूषण फैलता है। रेलवे कर्मचारियों और यात्रियों को प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करने की शपथ दिलायी गयी।

भारत स्काउट एंड गाइड ने रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म एक पर प्लास्टिक हटाओ को लेकर रैली निकाली। नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। नाटक के माध्यम से बताया गया कि प्लास्टिक मनुष्य एवं पर्यावरण के लिए हानिकारक है। प्लास्टिक में खाने-पीने की चीजें इस्तेमाल करने से तरह-तरह की बीमारियां फैलती है। पन्नी में सामान न रखकर थैले का प्रयोग करें। इस अवसर पर सीएमआई एके ठाकुर, एसएस पीएस तोमर, सीएचआई त्रिलोक चंद्र, शशांक पाण्डेय, ग्रुप लीडर सुनील पाल, निशा अंजली, वैशाली, चांदनी, विनीत, पवन, सूरज, दीपक, सुमित आदि थे।

# वन स्टाप सेंटर महिलाओं को सुरक्षा देने की पहल



वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करते एसपी राजेश द्विवेदी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** एसपी राजेश द्विवेदी ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। एसपी ने महिला हेल्पलाइन, कानूनी सहायता, परामर्श सेवाओं और आपातकालीन सहायता को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि वन स्टाप सेंटर महिलाओं की त्वरित सहायता और सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। एसपी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को महिला सुरक्षा और सहायता सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सिटी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# विश्व पर्यावरण दिवस: कचरा बीना, पौधे रोपे



स्वच्छता अभियान के तहत कूड़ा उठाते अभियान से जुड़े लोग।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वन विभाग ने मोहनपुर कलुआपुर में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन की शुरुआत की
- स्वच्छता की आवश्यकता और स्वच्छता के साथ ही कचरा प्रबन्धन पर की चर्चा

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के अन्तर्गत कचरा प्रबन्धन के साथ बुधवार को कलान के गंगा ग्राम पंचायत मोहनपुर कलुआपुर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस दौरान तकनीकी सलाहकार जीआईजेड अविरल सक्सेना ने युवाओं व ग्रामवासियों से चर्चा करते हुए स्वच्छता की आवश्यकता और स्वच्छता के साथ ही कचरा प्रबन्धन पर चर्चा की और इस गतिविधि को जिला गंगा योजना का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए युवाओं व ग्रामवासियों की 5 टोलिया बनाई, जिनको अलग-अलग प्रकार के कचरा चुनने को कहा। डीपीओ जिला गंगा समिति डॉ. विनय कुमार सक्सेना ने कूड़े को धन बताते हुए वर्ष 2025 की थीम पर चर्चा की तथा स्वच्छता अभियान में पाया कि एकत्रित कूड़ा-कचरे में प्लास्टिक की मात्रा सर्वाधिक है इस अवसर पर वन दरोगा सत्यपाल सिंह के निर्देशन में एक पेड़ मां के नाम अन्तर्गत पौध भी रोपित कराई गई तथा उसके संरक्षण की शपथ दिलाई। एलआरपी राजेश सक्सेना व एडवोकेट नितीश यादव ने सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का निवेदन किया। कार्यक्रम में विशेष सहयोग वन रक्षक ब्रज मोहन तिवारी, हिमांशु सक्सेना, आशीष यादव, काव्यांश, प्रदीप, कौशल व स्वच्छता ग्राहियों सहित ग्रामवासियों का रहा।

## वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी



**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जीएफ़ कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस अवसर पर संगोष्ठी और वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खान ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की बढ़ती समस्या के कारण मौसम चक्र प्रभावित हो रहा है, उसको केवल वृक्ष ही रोक सकते हैं। राजनीति विज्ञान शिक्षक डा. रईस अहमद ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। इस दौरान सैयद अनीस अहमद, प्रो. सैयद मुजीबुद्दीन, खलील अहमद, प्रो. मुशर्रफ अली, डा. सैयद शहाब हुसैन, मोहम्मद हफ़ीज़, ज़हीर खान गाज़ी, सिदरा खान, सोनम, रिफा, मीनाक्षी आदि रहे। दिनेश, मुकेश, संजय और बलराम आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### फ्रंटल संगठनों की बैठकों में पार्टी को मजबूत करने पर जोर



**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत फ्रंटल संगठनों की बैठक हुई। इन बैठकों का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने के लिए प्रेरित करना था। बैठक में जिला कॉर्डिनेटर जयंत गौतम ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। युवा जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी, अमन गुप्ता, रहीम दाद खां, अनुराग मिश्रा ने भी युवा कांग्रेस की गतिविधियों और संगठन के कार्यों की जानकारी दी। इसके बाद लोधीपुर में एनएसयूआई की बैठक जिलाध्यक्ष रफी उल हसन के नेतृत्व में हुई। यहां स्कूलों और कॉलेजों में कैंप आयोजित कर ज्यादा से ज्यादा छात्रों को संगठन से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवा को संगठन से जोड़कर ऊर्जा बढ़ाई जा सकती है। इस अवसर पर अचल गुप्ता, प्रत्युष मिश्रा और अनुभव कटारिया ने एनएसयूआई के कार्यों की जानकारी साझा की। केरूगंज में महिला कांग्रेस की बैठक जिलाध्यक्ष अर्चना वाल्मिकी और महानगर अध्यक्ष सीमा गौतम ने महिला कांग्रेस के कार्यों व संगठन की जानकारी दी।



### बजरंग सेना गोरक्षक संघ का संगठन विस्तार

**तिलहर, अमृत विचार:** मंगलवार को तिलहर नगर के छंगेलाल मंदिर में बजरंग सेना गो रक्षक संघ का संगठन विस्तार हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुसुम लता ने कहा संगठन सेवा सर्वोपरि है। उन्होंने अनुज तोमर को बजरंग सेना गौरक्षक संघ का जिलाध्यक्ष, विवेक कुमार को पुवायां का तहसील अध्यक्ष, सुखदेव सिंह को बंडा का नगर अध्यक्ष, कपसेड़ा निवासी अखिलेश यादव सदर तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया। इस दौरान राघवेंद्र शर्मा, सुमित तोमर, नितिन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# डिजिटल होने से पारदर्शी हुई व्यवस्था: सुरेश राणा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिला कार्यालय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन
- मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ने दिया व्याख्यान

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व जिला प्रभारी सुरेश राणा ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कहा कि मोदी सरकार आज पूरे विश्व में लोगों के मन-मस्तिष्क में है। डिजिटल होने से व्यवस्था पारदर्शी हुई है। मोदी सरकार ने देश के लिए बेहतर काम किया है, जिससे देश की तस्वीर बदल गई है। देश के विकास के लिए मोदी सरकार की योजनाएं मील का पत्थर साबित हो रही है।

जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों का सपना पूरा किया है। गरीबों को छत मिली, छात्रों को बेहतर एजुकेशन के लिए प्लेटफार्म मिला। किसानों को हर सुविधा देने के लिए सरकार पूरा प्रयास कर रही है। मोदी सरकार की योजनाएं गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही हैं।

विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियां अद्वितीय हैं। मोदी सरकार ने देश को नई दिशा दी है। मोदी सरकार की नीतियों से देश का भविष्य उज्ज्वल हो रहा है।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव ने भी केन्द्र सरकार की योजनाओं की खूबियां बताई। कार्यक्रम में अनिल गुप्ता, महेंद्र पाल सिंह, पूर्व विधायक शरद वीर सिंह, विजय मोहन मिश्रा, सौरभ सोमवंशी, अनिल गुप्ता, अनिल कमांडो, महेंद्र पाल, जिला मीडिया प्रभारी रामबरन सिंह चंदेल आदि रहे।



कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि का स्वागत करते जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा।

# खेत में जबरन खनन करने पर एसडीएम से शिकायत

संवाददाता, मिर्ज़ापुर

**अमृत विचार :** खेत में जबरन खनन करने का आरोप लगाते हुए किसान ने एसडीएम से शिकायत की है।

प्रकरण मिर्ज़ापुर की ग्राम पंचायत पैलानी उत्तर के मजरा कटैला नगला का है। यहां के शिव शंकर दीक्षित पुत्र रामेश्वर दयाल दीक्षित वर्तमान में मिर्ज़ापुर में रहते हैं। उनका आरोप है कि उनकी ग्राम कटैला नगला स्थित उनकी ढाई बीघा जमीन पर माफिया ने जबरन मिट्टी खनन करवाया है। खुद को पीडब्ल्यूडी का ठेकेदार बताने वाले खनन माफिया ने उनके खेत को खोद कर ताल बना दिया है। खनन माफिया ने सत्ता पक्ष के एक क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि का नाम लेकर धमकी दी कि तुम कहीं भी चले जाओ मेरा कुछ नहीं कर सकते।

किसान ने मामले की शिकायत एसडीएम कलान अभिषेक प्रताप सिंह से की। एसडीएम ने भी सत्ता पक्ष से मामला जुड़ा होने की वजह से उक्त खनन करने की जांच करवाने का आश्वासन देकर उसे टरका दिया। पीड़ित के खेत में जेसीबी से अवैध खनन होने का वीडियो वायरल होने के बाद माफिया और उसके गुर्गे वीडियो वायरल करने और शिकायत करने वाले खेत स्वामी को तरह तरह की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि न्याय न मिला तो वह मुख्यालय जाएगा।

# पुत्रों-पौत्र के नाम प्रधान ने दर्शाई मजदूरी, रकम हड़पी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम ने दोषी ग्राम प्रधान व सचिव से रिकवरी करने के दिए आदेश

**अमृत विचार:** महिला प्रधान ने इंटरलॉकिंग सड़क व नाली निर्माण में पुत्रों एवं पौत्र के नाम पर मजदूरी दर्शाकर हजारों की रकम हड़प ली। फर्जीवाड़े का खुलासा होने पर डीएम ने दोषी पाई महिला प्रधान एवं सचिव से रिकवरी के आदेश दिए हैं।

मामला बिलसंडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पंडरी मरौरी का है। गांव निवासी रामबहोरे, राजकुमार आदि ने तत्कालीन डीएम को शपथ पत्र सहित की गई शिकायत में ग्राम प्रधान एवं सचिव पर विकास कार्य के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की थी। जिस पर तत्कालीन डीएम ने जिला कृषि अधिकारी एवं शारदा सागर खंड के सहायक अभियंता विशाल मिश्रा को जांच अधिकारी नामित कर जांच करने के आदेश दिए थे। टीम द्वारा जांच में बड़े पैमाने पर अनियमितता पाते हुए ग्राम प्रधान मुन्नी देवी, सचिव पंकज शर्मा और तत्कालीन सचिव प्रकाश राम आर्या को दोषी पाते हुए रिपोर्ट सौंप दी गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर ग्राम प्रधान से स्पष्टीकरण तलब किया गया। वहीं दोषी सचिव एवं तत्कालीन सचिव के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## दो पक्षों में मारपीट चार लोग घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार:** मामूली विवाद के चलते मोहल्ला दुर्गाप्रसाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें महिला समेत चार लोग घायल हो गए।

नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी मेवाराम के घर रहकर उनका रिश्तेदार क्योलड़िया बरेली निवासी अमित कुमार पढ़ाई करता है। उनके परिवार के सदस्य आए दिन अमित से मारपीट करते हैं। अमित ने इसकी जानकारी अपने घर वालों को दी। इस पर उसके घर से पुत्तूलाल आए और नाराजगी व्यक्त की। तभी दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। जिसमें मेवाराम, पुत्तूलाल, मेवाराम की पत्नी सुखरानी समेत चार लोग घायल हो गए। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी।

# मिर्जापुर के बुढ़ौरा शेरगंज में राशन विक्रेता के चयन में मनमानी का आरोप

संवाददाता, मिर्ज़ापुर

**अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत बुढ़ौरा शेरगंज के प्रधान ने ग्राम पंचायत के उचित दर राशन विक्रेता के चयन में धांधली का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से चुनाव निरस्त कर पुनः चुनाव करवाए जाने की मांग की है।

ग्राम प्रधान मनीराम ने जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मोहिद्दीन नगर घटीयूरा में 31 मई को ग्राम पंचायत के उचित दर राशन विक्रेता के चयन के लिए बैठक आहूत की गई थी। वह बैठक में शामिल होने के लिए समय पर पहुंच गया। बैठक की कार्रवाई शुरू होने से पहले अत्यधिक गर्मी के कारण अचानक उसका स्वास्थ्य बिगड़ गया। जिससे उसने बैठक को मौखिक रूप आगे बढ़ाने की बात रखी। इसी बीच उसकी हालत गंभीर होने पर उसके तमाम समर्थक उसे लेकर क्षेत्रीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरियनपुर ले गए।

प्रधान मनीराम का आरोप है कि उसकी अनुपस्थिति में जिम्मेदारों ने मतदान में दूसरी ग्राम पंचायतों के लोगों को शामिल करके ग्रामीणों की भावनाओं को ठेस पहुंचाते हुए मनमाने तरीके से उचित दर विक्रेता का चयन कर लिया गया है। विक्रेता चयन का मौके पर कोई प्रस्ताव भी नहीं लिखा गया। जिसका बड़े पैमाने पर ग्राम पंचायत के वाशिंदे विरोध कर रहे हैं। ग्राम प्रधान सहित तमाम ग्रामीणों ने प्रधान की अनुपस्थिति में राशन विक्रेता का हुआ चयन निरस्त करवाकर नियम से राशन विक्रेता का चयन करवाए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है। इस संबंध में बीडीओ मिर्जापुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे पास एक फोटो है जिसमें प्रधान मौजूद हैं।

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :-
7906732664
9897885429
8445507002

सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुर, बरेली
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26
स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
D. Pharma COLLEGE CODE : 2143/3059 B.El.Ed. D.El.Ed.(BTC) B.Ed.
Contact No.
9412287776, 9412288876
9412288878, 9457507777
चेयरमैन -
डा. हरीशंकर गंगवार
9412287777

समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

Neat & Clean Hygiene
Clinic Activity

Fast Appointment

for Maximum 25 Minute only
Offline, Online

Justdial

PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, वैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।

Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुसंका)

Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।

Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष
गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :


# गंगा दशहरा आज, घाटों पर जुटेंगे हजारों श्रद्धालु

## डीएम और एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ मास के गंगा दशहरा के अवसर पर गुरुवार को गंगा घाटों से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था बहुत जरूरी है। प्रशासन तैयारी पूरी कर ली है। तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथ डीएम अवनीश राय और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ कछला स्थित भागीरथी घाट का निरीक्षण करके सुरक्षा व्यवस्था जानी। गोताखारों के माध्यम से पानी का स्तर भी चेक कराया। लोगों से कहा कि किसी भी श्रद्धालु को निर्धारित सीमा से भीतर नहीं जाने दिया जाए।

मान्यता है कि ज्येष्ठ मास के गंगा दशहरा के दिन देवी गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था। इस दिन गंगा स्नान और पूजन का विशेष महत्व होता है। इस दिन गंगा में स्नान करना पुण्यदायी माना जाता है। इसके चलते इस दिन गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। गंगा की गहराई में जाने पर हादसे हो जाते हैं तो कई बार राजमार्ग पर जाम लग जाता है। श्रद्धालुओं को खासी परेशानी का सामना कराना पड़ता है। इन समस्याओं के निस्तारण के मद्देनजर डीएम और एसएसपी ने अधिकारियों के साथ घाट का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।



कछला स्थित भागीरथी घाट पर जायजा लेते डीएम अवनीश राय और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह।

- रोशनी, साफ-सफाई, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, पार्किंग का लिया जायजा, दिए दिशा निर्देश

सभी तैयारी पूरी कर लें। उन्होंने कछला घाट पर रोशनी, साफ-सफाई, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, पार्किंग आदि व्यवस्थाओं का एक-एक करके जायजा लिया। उन्होंने कछला घाट पुल के ऊपर बनाए गए फ्लाईओवर से भी मुआयना किया। घाट के दोनों ओर से स्थिति देखी। वहीं एसएसपी ने पुलिसकर्मियों से घाटों पर तैनात रहने को कहा। डीएम ने घाटों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। सीओ उझानी डॉ. देवेंद्र कुमार, उझानी के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान गंगा किनारे पानी का स्तर बताता गोताखोर।

# बकरीद पर गोशालाओं की निगरानी के निर्देश

**बदायूं, अमृत विचार :** बकरीद पर गोशालाओं की निगरानी रखने के निर्देश दिए गए है। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि गोवंश संरक्षण प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

5 जून को गंगा दशहरा व 7 जून को बकरीद (ईद-उल-अजहा) का त्योहार को शान्तिपूर्वक मनाए जाने की अपील की गई है। सभी प्रधानों को निर्देश दिए गए है कि अपने-अपने ग्राम पंचायत में संचालित गोवंश आश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंश की विशेष निगरानी रखें। सुनिश्चित करें कि प्रत्येक गोवंश आश्रय स्थल पर ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो कि वहां केयर टेकर एवं रात्रि चौकीदार अनुपस्थित हो।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत के गोवंश आश्रय स्थल पर 24 घंटे केयर टेकर अथवा रात्रि चौकीदार की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। गोवंश आश्रय स्थल से कोई भी गोवंश बाहर न जाए। इससे किसी भी अवांछनीय तत्व द्वारा कोई अप्रिय घटना घटित न की जा सके। बकरीद व गंगा दशहरा के मौके पर आपसी सौहार्द बना रहे। गोवंश आश्रय स्थल पर सुरक्षा एवं साफ-सफाई की पूर्ण व्यवस्था की जाए।

# नुक्कड़ नाटक से दिया नशे से दुष्प्रभाव का संदेश

**उसावा, अमृत विचार :** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को बरेली की आरोही सांस्कृतिक संस्था द्वारा तंबाकू निषेध कार्यक्रम पर आधारित नुक्कड़ नाटक आयोजित कर जागरूक किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान आरोही सांस्कृतिक संस्था द्वारा तंबाकू निषेध कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण जागरुकता अभियान चलाया। इस कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक एक प्रभावी माध्यम है जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक किया जा सकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करना। डॉ. राहुल सिद्धार्थ, डॉ. पीयूष गौतम, राजीव, शैलेन्द्र, सुशील कुमार, उषा, विजय, मोहित सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# 214 छात्र-छात्राओं को वितरित किए टैबलेट



टेबलेट वितरण के दौरान छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण निशुल्क टैबलेट वितरण योजना के अंतर्गत राजकीय पॉलीटेक्निक में कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, विशिष्ट अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री अरशद अल्वी, आरएच पटेल, प्रधानाचार्य एसके आजाद ने 214 छात्र-छात्राओं को टेबलेट निशुल्क वितरित किए।

मुख्य अतिथि ने आह्वान किया कि इन टैबलेट का सदुपयोग लक्ष्य बनाकर करें। टैबलेट छात्र-छात्राओं की प्रगति में सहायक होंगे। प्रधानाचार्य ने टैबलेट के सहयोग उपयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी प्रियंका पांडेय और कैमिकल इंजीनियरिंग की प्रवक्ता आराधना कंचन ने किया। रितुराज सिंह, कुसुम लता, आरती तिवारी, अर्चना गौतमी, अंजना यादव, सौर्य प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार अग्रवाल, भानु प्रताप, विकास बाबू मौर्य, परवेज हुसैन, अभिताब शर्मा, शिवनंदन, विश्वदीपक आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### जल के बिना जीवन संभव नहीं, न करें बर्बादी



**बदायूं, अमृत विचार :** गांधी नेत्र चिकित्सालय के गेट पर भारत स्काउट एवं गाइड और इंडियन स्काउट एवं गाइड फैलोशिप की ओर से चल रहा निशुल्क जल सेवा शिविर 24वें दिन भी मंगलवार को जारी रहा। स्काउट गाइड ने भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल राहगीरों और दूरदराज के इलाकों से आए यात्रियों को स्काउट गाइड ने ई-रिक्शा टैंपो और बसों में जाकर शीतल जल पिलाकर प्यास बुझाई। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना भी असंभव है। बर्बादी कर गंभीर समस्याओं को पैदा न करें। डीटीसी पूर्वी सक्सेना, मोहिनी मौर्य, सचिन पाल, हिमांशु, सिद्धि, उर्मी, आकांशी, पूजा, वैष्णवी, यष्टि, रोशनी, रचित, मुस्कान, दीपाक्षी, नेहा, पायल आदि मौजूद रहे।

### धूप और बारिश से बचाव के लिए वितरित किए छाते



**बिसौली, अमृत विचार :** पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर कस्बे में जायंट्स ग्रुप बिसौली स्टार्स ने फल विक्रेता और ठेले वालों को धूप से बचाने को छाता वितरित किए। ग्रुप ने सड़क किनारे धूप में सामान बेचने वालों और और ठेले वालों को धूप से बचाने को उपहार दिया। नगर के बुध बाजार, चंदौसी रोड, दबतोरी रोड, अटल चौक, शनिवार बाजार आदि स्थानों पर छातों का वितरण किया। छाते पाकर सड़क पर बैठकर सामान बेचने वालों और ठेले वालों के चेहरे खिल गए। इस अवसर पर यूनिट डायरेक्टर अनुपम वार्ष्णेय, अध्यक्ष साहू सावेंद्र, प्रवीण अग्रवाल, रविंद्र मोहन अग्रवाल रिंकू, नितिन वार्ष्णेय, राजू साहनी, डॉ गुंजन वार्ष्णेय, निशांत गोयल, गौरव वार्ष्णेय, जितेंद्र वार्ष्णेय टिंकू, शशांक भिल्ला आदि उपस्थित रहे।

### कादरचौक में कर्मचारियों ने चलाया सफाई अभियान



**कादरचौक, अमृत विचार :** कस्बे में बुधवार को ग्राम प्रधान के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। सड़क चौक चौराहों से लेकर नाली साफ की गई। कस्बे में गंदगी के ढेर लगे होने की शिकायत लोगों ने ग्राम प्रधान दिनेश कुमार से की थी। गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका व्यक्त की थी। ग्राम प्रधान ने बुधवार को कस्बे में सफाई अभियान चलाया। नाली-नाले और सड़क से लेकर हर चौक चौराहे को साफ कराया। दर्जनों सफाई कर्मचारी लगाए गए। लोगों ने कहा कि बारिश से पहले नाली नाले साफ किए जाने चाहिए जिससे बारिश के समय कहीं पर भी जलभराव न हो। ग्राम प्रधान ने कहा कि हर माह इसी तरह सफाई अभियान चलाया जाएगा। यदि कहीं गंदगी दिखे तो जानकारी दें जिससे समय से सफाई कराई जा सके।

### उर्स के मौके पर की चादरपोशी और गुलपोशी



**बदायूं, अमृत विचार :** बुधवार को कांग्रेस नेता हाजी नुसरत अली की मौजूदगी में हजरत ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया महबूब ए इलाही के वालिद ए गिरामी हजरत ख्वाजा सैयद अहमद बुखारी मशहदी रहमतुल्लाहि ताला अलैह के उर्स के मौके पर चादरपोशी व गुलपोशी की गई। कौम और वतन की खुशहाली के लिए दुआएं की। पूर्व शहर उपाध्यक्ष अहमद अमजदी बदायूंनी, हाजी इमरान, नदीम उद्दीन, हाजी ताहिर उद्दीन, सभासद पति रफीउद्दीन शेख, बन्ने, अकलीम गरीबा, अवनीश यादव, पूर्व जिला सचिव सदाकत अली, आबिद अंसारी, मुशाहिद सैफी आदि मौजूद रहे।


बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है
- मस्से होना
- सूजन होना
- जलन होना
- उठाने-बैठने में तकलीफ होना
- खूनी बवासीर होना

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:सन्तान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)


# पुलिस ने यूसुफ नगर में किया फ्लैग मार्च

**कुंवर गांव, अमृत विचार :** बकरीद को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। कहीं भी किसी कीमत पर प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं करने दी जाएगी। इसके लिए पुलिस ने कमर कस ली है। सौहार्द को बिगड़ने नहीं दिया जाएगा।

थाना प्रभारी वेदपाल सिंह ने बुधवार को पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया। पहले दिन बुधवार को क्षेत्र के गांव यूसुफ नगर में फ्लेग मार्च निकालकर लोगों से अपील की कि बकरीद को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। आपस में प्रेम भाव भाईचारा रखें। किसी कीमत पर अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खुराफाती तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्हें चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। खुले मैदान में पशुओं की कुर्बानी न करें। पशुओं के अवशेषों को एक गड्ढे में नष्ट करें। इस मौके पर थाना प्रभारी वेदपाल सिंह के साथ एसआई रामेश्वर सिंह, सोमवीर सिंह कमलेश सिंह, हेड कांस्टेबल गिरिराज सिंह, कांस्टेबल पंकज तेवतिया, राजेश कुमार सहित थाना फोर्स मौजूद रही।



## अमृत विचार आपके साथ....

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।

ईमेल :budaun@amritvichar.com

## शहर में आज

- गंगा दशहरा के अवसर पर पंजाबी मार्केट में शरबत का वितरण सुबह 10 बजे।
- पर्यावरण दिवस के अवसर पर कैंप कार्यालय पर युवा मंच की संगोष्ठी दोपहर 3 बजे।

# रामगंगा का जलस्तर बढ़ने की आशंका

## 24 घंटे में जलस्तर में हुई वृद्धि, कई ने खेत किए खाली, कुछ काट रहे फसलें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- हजरतपुर और हर्रामपुर के बीच का पूरा क्षेत्र भर जाता है पानी से
- तरबूज, खरबूजा व सब्जियों को औने पौने दामों में बेच रहे किसान

**अमृत विचार :** मानसून से पहले ही रामगंगा का जलस्तर बढ़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। गंगा किनारे सब्जी और पालेज करने वाले किसानों ने भय के कारण अपने खेत खाली कर दिए हैं। किसानों का कहना है कि पिछले 24 घंटे से जलस्तर में वृद्धि हुई है। इसलिए पहले से फसलों को हटा लिया गया।

सीमावर्ती कस्बा हजरतपुर से दो किलो मीटर आगे रामगंगा बहती है। राम गंगा किनारे सैकड़ों किसान अपने खेतों में तरबूज, खरबूज और सब्जियां उगाते हैं। यह किसान गंगा के पानी से सिंचाई करते हैं जिससे उन्हें लाभ होता है, लेकिन पिछले 24 घंटे के दौरान गंगा की धार में पानी बढ़ा है। हजरतपुर के किसानों ने बताया कि कुछ दिन पहले तक गंगा की धार पतली थी। अब पानी बढ़ने लगा है। पानी काफी बढ़ने से आसपास के किसानों की धड़कने बढ़ने लगी हैं। किसानों का कहना है कि यदि गंगा में पानी अधिक बढ़ गया तो उसकी सब्जी और तरबूज खरबूज और ककड़ी, तोरई जैसी फसलें नष्ट हो जाएंगी। आशंका है कि ऊपर से पानी और अधिक छोड़ा जाएगा। इसी आशंका के चलते दो दिन से किसान फसल काट रहे हैं। तरबूज और खरबूजा को औने पौने दामों में बेच रहे हैं। किसानों ने कहा कि खेतों में पानी भर गया तो कुछ नहीं मिलेगा। इसलिए रात दिन फसलों को हटाया जा रहा है।



रामगंगा में बढ़ा हुआ पानी। ● अमृत विचार

विकास क्षेत्र म्याऊ के हजरतपुर और हर्रामपुर के बीच पांच किलो मीटर का फासला है। इसी फासले के बीच राम गंगा बहती है। रामगंगा के किनारे सैकड़ों किसान फसलें उगाते हैं। मुख्य रूप से हरी सब्जियां तैयार करते हैं। लेकिन गंगा में पानी बढ़ने से किसानों को भारी नुकसान होता है। इसलिए किसान हर समय आशंकित रहते हैं।

### पानी भर जाने से कई दिनों तक यातायात रहता है ठप

हर्रामपुर का पांच हजार हेक्टेयर का खेती का रकबा है। इस क्षेत्र में गंगा के पानी से सिंचाई एक मुख्य साधन है। लेकिन बारिश के दिनों में यह पूरा क्षेत्र जलमग्न हो जाता है जिससे किसानों को भारी परेशानी होती है। बारिश के समय रामगंगा का जलस्तर बढ़ जाता है। इससे हजरतपुर और हर्रामपुर के बीच का पूरा क्षेत्र पानी से भर जाता है। बारिश में रोड पर दो से तीन फुट तक पानी भर जाता है। इससे कई कई दिनों तक यातायात ठप रहता है। रामगंगा की फैलती धार कई गांवों को परेशानी का कारण बनती है।

रामगंगा या कछला की गंगा में अभी जलस्तर अधिक बढ़ने की संभावना नहीं है। पहाड़ों पर बारिश शुरू होने के कुछ सप्ताह बाद जलस्तर बढ़ने की संभावना रहती है। रामगंगा में थोड़ा बहुत उतार चढ़ाव रहता है। जब जलस्तर बढ़ता है तो उस क्षेत्र के ग्रामीणों को इसकी सूचना दे दी जाती है।

**– उमेश चंद्र**, अधिशासी अभियंता, बाढ़ खंड

# भाकियू ने डीएफओ कार्यालय पर दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उझानी के गांव सिरसौली के जंगल में जंगली सुअर की मौत पर वन विभाग के कर्मचारियों ने एक किसान से 50 हजार रुपये ऐंठ लिए। इसके विरोध में बुधवार को वन विभाग कार्यालय पर भाकियू टिकैत ने धरना प्रदर्शन किया। वन विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी की। रुपये वापस किए जाने की मांग के साथ वसूली करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

बुधवार को भाकियू टिकैत ने वन विभाग कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया। मंडल उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने कहा कि सिरसौली गांव में दो माह पूर्व गरीब किसान सूबेदार के खेत के निकट एक सूअर मरा पाया गया। वन विभाग के कर्मचारियों वन रेंजर ने सूबेदार पर सूअर की हत्या का आरोप लगाते हुए 50 हजार रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद भी सूबेदार को धमकाया गया। डिप्टी रेंजर ने इस मामले की झूठी रिपोर्ट लगा दी जिसके बाद किसानों में गुस्सा पनप गया। वन विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर नारेबाजी की गई। भारतीय किसान यूनियन के



धरने को संबोधित करते भाकियू टिकैत के नेता सौदान सिंह। ● अमृत विचार

- जंगली सूअर की मौत पर किसान से 50 हजार रुपये लेने का मामला

मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना व सदर तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह के साथ सिरसौली के सैकड़ों किसान डीएफओ कार्यालय पहुंच गए। सुबह से ही हंगामा शुरू कर दिया गया। राजेश कुमार सक्सेना ने कहा गरीब किसान सूबेदार के पचास हजार रुपये वापस कराये जाएं। वन कर्मचारियों को जेल भेजा जाए। वन विभाग के उच्च अधिकारियों से जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में 16 जून को होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में यह मुद्दा उठाया जाएगा। दोषी वन कर्मियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। डीएफओ प्रदीप कुमार ने भाकियू टिकैत के नेताओं को बुला कर भरोसा दिया कि इस मामले की जांच करायी जाएगी। दोषी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। किसान के रुपए वापस किए जाएंगे। डीएफओ द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। धरने पर

ठाकुर अजय पाल सिंह ब्लॉक सलारपुर अध्यक्ष, पप्पू सैफी, सुरेश दीवान, बृजपाल प्रजापति, रमेश, बाबू सैफी, पूरन लाल कुशवाहा, मुन्ना सेठी, मुंशीलाल कुशवाहा, बनवारी लाल शाक्य, अजब सिंह राजपूत, शिवदयाल सागर, पान सिंह कुशवाहा, देवराज शाक्य, लीलाधर कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## शव की हुई शिनाख्त बहन के घर आते समय हुआ था हादसा

**विजय नगला/बिनावर, अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर बिनावर क्षेत्र में मिले बुजुर्ग के शव की शिनाख्त हो गई है। वह अपने बहन के घर आए थे। सड़क पार करते समय किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी।

मंगलवार शाम राजमार्ग पर बिनावर क्षेत्र में चौपाल सागर के पास के बुजुर्ग का शव मिला था। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। बुजुर्ग की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया था। इसी बीच बुधवार को कुछ लोग जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे। मृतक की पहचान बिनावर क्षेत्र के गांव ढकिया निवासी महबूब (55) के रूप में की। वह मजदूरी करते थे। बताया कि वह मंगलवार को अपनी बहन के घर से टेंपो में सवार होकर वापस लौट रहे थे। चौपाल सागर स्थित पेट्रोल पंप पर चालक ने टेंपो में तेल डलवाया। इसी दौरान महबूब टेंपो से उतरकर राजमार्ग किनारे खड़े हो गए। किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और भाग गया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार कंबोज ने बताया कि सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# जिला जज व डीएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला जज विवेक संगल, डीएम अवनीश राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बुधवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदी बैरकों, पाकशाला, चिकित्सालय आदि का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली गई। जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाए इसके संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जेल अधीक्षक को साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर रखने के लिए निर्देशित किया गया। सीसीटीवी कैमरों के संचालन के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। इस दौरान लोक अदालत जज शिव कुमारी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तौसीफ रजा, जेल अधीक्षक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



निरीक्षण कर बाहर निकलते अधिकारी।

# पचास प्रतिशत महिलाओं में खून की कमी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- समय से पहले हो रहे प्रसव प्रसूताओं की जान का बढ़ा खतरा

**अमृत विचार :** हरी सब्जियां और दूध नहीं मिलने के कारण महिलाओं में खून की कमी हो रही है। गर्भवती महिलाओं में खून की कमी के चलते समय से पूर्व प्रसव हो रहे हैं प्रसव के समय प्रसूताओं की मौत का खतरा बना रहता है। जबकि कम वजन होने के कारण 90 प्रतिशत शिशुओं की मौत हो जाती है।

खान पान ठीक न होने के कारण महिलाओं के स्वास्थ्य में गिरावट आती जा रही है। महिलाओं में कई तरह की बीमारियां देखने को मिलती हैं। मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं के बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण उनको गर्भ धारण करने के बाद से अधिक देखभाल की जरूरत होती है।

### हर माह हो रहे दो हजार से अधिक प्रसव

देहात की 80 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं सरकारी अस्पताल में जांच और प्रसव कराती हैं, जबकि शहरी क्षेत्र की अधिकांश महिलाएं शहर के बड़े अस्पतालों में सुविधाजनक प्रसव को महत्व देती हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जनपद में हर माह दो हजार से अधिक प्रसव सरकारी अस्पतालों में होते हैं। महिलाओं को बेहतर खानपान का सुझाव दिया जाता है। गर्भवती महिलाएं अंडा, हरी सब्जी, दूध और पनीर आदि का अधिक सेवन करें जिससे उनके शरीर में ब्लड बने जिसके बाद वह सामान्य प्रसव करा सकें।

जिला महिला अस्पताल की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चार माह में 558 प्रसव हुए। इनमें से 50 प्रतिशत महिलाओं में खून की कमी पाई गई। कई महिलाओं को ब्लड चढ़ाया गया, जबकि सैकड़ों महिलाएं को सामान्य प्रसव हुए। जिन महिलाओं में खून की कमी पाई गई। इनमें 26 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को सात और आठ माह के प्रसव हुए। समय से पूर्व प्रसव होने के कारण 60 प्रतिशत शिशुओं की मौत हुई। ब्लड कम होने के कारण प्रसूताओं को जान का खतरा बना रहता है। ऐसी स्थिति प्रसव के बाद भी ब्लड की जरूरत होती है। ऐसी स्थिति में कुछ लोग महिलाओं को दूसरे जनपदों में ले जाते हैं।

जिला महिला अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रूचि गुप्ता ने बताया कि यहां पर हर दिन 200 से अधिक महिलाएं आती हैं। इनमें से अधिकांश में एनीमिया की दिक्कत होती है। विशेषकर गर्भवती महिलाओं में ब्लड न होने से उनका चेहरा पीला होता है।

# विभाग की गतिविधियों की मिलेगी अब पूरी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पावर कारपोरेशन ने बनाया वाट्सएप ग्रुप, बिजली सप्लाई का शेड्यूल होगा लोड

**अमृत विचार :** पावर कॉरपोरेशन ने विभागीय जानकारी देने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया है। इस ग्रुप पर विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति के शेड्यूल की जानकारी मिलेगी। उपभोक्ताओं को जरूरी सूचनाएं भी इसी ग्रुप पर दी जाएगी। पावर कॉरपोरेशन मुख्यालय से जो भी गतिविधि की जाएगी इस ग्रुप पर उसका पूरा लेखा जोखा देखा जा सकता है।

पावर कॉरपोरेशन लखनऊ ने एक वाट्सएप ग्रुप बनाया है। विभागीय काम काज की जानकारी देने को इसी ग्रुप पर अधिकारी जुड़े रहेंगे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अब तक लिखित या मौखिक आदेश के तहत काम होता था, लेकिन अब वाट्सएप ग्रुप बन जाने से विभाग की गतिविधियों की पूरी जानकारी इसी ग्रुप पर मिलेगी। लखनऊ से जो भी दिशा निर्देश होंगे वह जिला मुख्यालय के अधिकारियों के पास आएंगे। इसके बाद जिला मुख्यालय के अधिकारी तहसील, ब्लॉक और बिजली घरों को मैसेज देंगे। बिजली उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति के शेड्यूल की जानकारी इसी पर दी जाएगी। विभाग में यदि जिला मुख्यालय पर किसी लाइन की सप्लाई रोकी जाती है तो इसी ग्रुप पर लोड किया जाएगा। अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार ने बताया कि ग्रुप में किसी उपभोक्ता की शिकायत दर्ज नहीं की जाएगी।

## आवश्यकता है

- लैब टेक्निशियन (BMLT/DMLT)
- O.T. टेक्नीशियन
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male/Female)
- नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
- आयुर्वेद परिचारिका
- मैट्रन (नर्सिंग का अनुभव)
- वार्ड ब्यॉय/वार्ड आया
- कैंटीन कुक

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली।
मो. 8077808309, 9837357497

## सांड़ की मौत, गोली या भाला मारने का आरोप

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव कासिमपुर में मस्जिद के पीछे मृत सांड़ पड़ा था। ग्रामीणों ने पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष व पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा और पुलिस को सूचना दी। पशु प्रेमी ने सोशल साइट एक्स पर जानकारी साझा करके सांड़ का पोस्टमार्टम कराकर कार्रवाई की मांग की। गांव में चर्चा है कि किसी ने गोली या भाला मारकर सांड़ को मारा है।

## घर में घुसकर की छेड़छाड़, विरोध करने पर पीटा

**विजय नगला, अमृत विचार :** घर में घुसकर एक युवक ने महिला को गलत नीयत से पकड़कर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर महिला को पीटा। पीड़िता ने तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

थाना बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि मंगलवार शाम लगभग सात बजे वह घर पर अकेली थी। मौका पाकर गांव निवासी युवक उसके घर में घुस और महिला को दबोच लिया। छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर पीटा। महिला चिल्लाई तो ग्रामीण पहुंचे। आरोपी मौके से भाग गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार कंबोज ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कार्य में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डीएम ने की जल जीवन मिशन ग्रामीण के कार्यों की समीक्षा

**अमृत विचार :** डीएम अवनीश राय ने जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के कार्यों की समीक्षा बैठक की। कार्यों में तेजी लाने व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। कहा कि पाइप पेयजल योजना अंतर्गत किए जाने वाले गड्ढों को समयानुसार भरवाया जाए। इससे आमजन को उससे कोई परेशानी न हो।

बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में आहूत बैठक में डीएम ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं में कार्य पूरा हो गया है उसकी सूची उपलब्ध कराएं। जो परियोजनाएं दिसंबर 2025 तक पूरी होनी है उसकी भी सूची अलग से उपलब्ध कराएं। अधिकारियों को कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी करने के निर्देश दिए। सीडीओ केशव कुमार ने बताया कि योजना अंतर्गत जिले में 857 ओवरहेड टैंक बनाए जाने हैं। 1444 राजस्व ग्रामों में पाइप पेयजल योजना अंतर्गत शुद्ध व साफ जल पहुंचाए जाना है। जल जीवन मिशन की परियोजना लगभग 1860 करोड़ रुपये की है। पूर्व निर्मित 29 परियोजनाएं बिजली से चलती हैं और 828 परियोजनाएं सोलर व जनरेटर से संचालित होंगी। पीएनसी इंफ्रा को ऑपरेशन एंड मैनेजमेंट 10 वर्ष तक करना होगा। एनएबीएल से एक्रेडिटेड लैब की स्थापना जिला स्तर पर जल जीवन मिशन ग्रामीण के कार्यालय में की गई है। यहां पेयजल की शुद्धता की जांच की जाती है वहीं हर गांव में पांच महिलाओं को जल की शुद्धता की जांच करने के लिए प्रशिक्षित भी किया गया है। उन्हें जांच के लिए एक एफटी किट (फील्ड टेस्ट किट) भी दी गई है। एक एफटी किट से 100 सैंपलों की जांच की जा सकती है। हर महीने 20 सैंपल की जांच की जानी है। एक एफटी किट लगभग 5 महीने चलती है। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण नरेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।



समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम अवनीश राय।

## तेज हवा से मोबाइल की दुकान पर गिरा पेड़

**बदायूं, अमृत विचार :** मंगलवार देर शाम चली तेज हवा में स्टेशन रोड पर एक पेड़ जड़ से उखड़ गया और पास में मधुवन कॉलोनी निवासी गोपाल शर्मा की मोबाइल की दुकान पर गिर गया। दुकान का सामान टूट गया। सुबह दुकान पर पहुंचने पर जानकारी हुई। इस दौरान लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पेड़ की टहनियां छटवाई गईं। क्रेन से पेड़ दुकान से हटवाया गया। गनीमत रही कि कोई हताहथ नहीं हुआ।

B.I.U. Admission Open Session 2025-26 BIUCOP

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY

BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com

Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

समस्या — फसलों को कर रहे नष्ट, शिकायत करने पर भी नहीं सुनते अधिकारी

# छुट्टा गोवंश बने किसानों के लिए मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** छुट्टा गोवंश की बढ़ती संख्या को लेकर किसान परेशान हैं। किसानों की फसलें गोवंश नष्ट कर रहे हैं। इससे परेशान किसान फसल छोड़ने का मन बना चुके हैं। किसानों का कहना है कि जिला प्रशासन की लापरवाही के चलते गोवंश गोशालाओं में नहीं रखे जा रहे हैं।

शासन के निर्देश पर चार माह पूर्व छुट्टा गोवंश को गोशालाओं में रखने का अभियान चलाया गया था। अभियान के तहत 1700 से अधिक गोवंश जिले की विभिन्न गोशालाओं में संरक्षित किए गए थे। अभियान ठप हो गया। इसके बाद कागजों में अभियान चलता रहा। जिला प्रशासन की ओर से अभियान को सफल बताया गया, लेकिन हकीकत में अभियान पूरी तरह फ्लॉप रहा। जनपद के हर क्षेत्र में छुट्टा गोवंश की संख्या बढ़ी है। दातागंज क्षेत्र में करीब दो हजार से अधिक गोवंश है। गोवंश की बढ़ती संख्या के चलते दातागंज हजरतपुर, सैजनी हर्रामपुर आदि गांवों में किसान खेती छोड़ने का मन बना चुके हैं।

बुधवार को सैजनी के किसानों ने बताया कि धान गेहूं के बाद मक्का बोई जाती है। मक्का की फसल की रखवाली करने को रात भर खेतों पर रहना होता है, लेकिन छुट्टा गोवंश फसलों को एक रात में ही नष्ट कर देते हैं। इसलिए किसान मक्का बाजरा की खेती नहीं कर रहे हैं। केवल धान और गेहूं की फसल से गुजारा कर रहे हैं। हर्रामपुर निवासी मुरारी ने बताया कि इस समय पूरे जंगल में छुट्टा गोवंश दिखाई देते हैं। यदि किसी एक खेत में मक्का या बाजरा दिखाई देता है तो गोवंश पूरा खेत चट कर देते हैं। रखवाली करने के बाद भी फसलों को नहीं बचा पा रहे हैं।



सैजनी के निकट खेत में छुट्टा घूमते गोवंश।

### सांड़ के हमले में घायल हो रहे किसान

सैजनी क्षेत्र में करीब एक हजार हेक्टेयर में वन क्षेत्र है। इस बन क्षेत्र में बबूल और कटीले पेड़ हैं। वन क्षेत्र में छुट्टा गौवंश हर समय रहते हैं। बारिश होने के बाद छुट्टा गोवंश खेतों की ओर रुख करते हैं। फसलें तैयार होते ही फसलों में घुसते हैं और फसल को नष्ट कर देते हैं। हिंसक सांड किसानों पर हमले कर रहे हैं। पिछले तीन महीने में सात लोग सांड़ के हमले का शिकार हो चुके हैं। सैजनी, और चितरी गांव में एक एक ग्रामीण सांड के हमले में घायल हो चुके हैं। हर्रामपुर में दो लोगों पर सांड ने रात को सोते समय हमले किए। दोनों किसान घायल हो गए। इसी तरह कई अन्य किसान भी सांड़ के हमले में घायल हो चुके हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र शोभित सैनी व पुत्रवधू दीपशिखा को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **मनोज सैनी उर्फ बब्लू पुत्र रामआसरे लाल सैनी निवासी पानी की टंकी के पास, जगतपुर, विवेकनगर, श्यामतगंज, थाना बारादरी, बरेली**

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट बरेली

आवश्यकता है
**प्राचार्य /असि. प्रो.** एलएल.एम./एलएल.बी. व बी.ए.एलएल.बी. विधि, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व इतिहास विषयों के लिए। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अन्दर अपने सम्पूर्ण शैक्षिक अभिलेखों सहित बायोडाटा भेजे। योग्यता व वेतन UGC मानकानुसार।
ईमेल-asianvidhi@gmail.com
मोबाइल नं. 9837175862
एशियन विधि एवं न्यायिक विज्ञान महाविद्यालय, खामपुर उर्फ गंगापुर नवाबगंज (बरेली)

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च ।
दु:खितै : सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति ॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दु:खियों–रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दु:खी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# साइबर सुरक्षा प्राथमिकता

भारत में बढ़ते डिजिटल बुनियादी ढांचे के साथ, साइबर सुरक्षा खतरे भी बढ़ रहे हैं जो देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं। सूचना युद्ध और साइबर हमलों से भारत की राजनीतिक व्यवस्था को नुकसान हो सकता है। वित्तीय धोखाधड़ी, जैसे ऑनलाइन निवेश घोटाले और अवैध ऋण देने वाले ऐप, डिजिटल वित्त में विश्वास को कमजोर करते हैं। साइबर अपराधियों ने 2024 में डिजिटल धोखाधड़ी के ज़रिए 1,750 करोड़ रुपये से अधिक की हानि पहुंचाई है। कहा जा सकता है कि भारत का बढ़ता डिजिटल बुनियादी ढांचा साइबर खतरे में है और सुरक्षा खतरे तेजी से जटिल होते जा रहे हैं। ये खतरे डेटा उल्लंघन, फिशिंग अटैक और रैनसमवेयर के रूप में सामने आते हैं। यह मुख्य रूप से साइबर अपराधों से निपटने के लिए मज़बूत बुनियादी अवसंरचना की कमी के कारण होता है। डेटा उल्लंघन एक प्रमुख चिंता है, जिसमें संवेदनशील जानकारी तक अनधिकृत पहुंच हो जाती है। फिशिंग अटैक में, साइबर अपराधी लोगों से संवेदनशील जानकारी प्राप्त करने के लिए ईमेल, संदेश या वेबसाइटों का उपयोग करते हैं। रैनसमवेयर हमले में, साइबर अपराधी डेटा को एन्क्रिप्ट कर देते हैं और उसे वापस प्राप्त करने के लिए फिरौती मांगते हैं।

साइबर सुरक्षा चुनौतियां बढ़ जाने की वजह से साइबर हमलों से विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सेवाएं बाधित हो सकती हैं। भारत के नेतृत्व, संस्थान और रणनीतिक संपत्ति डिजिटल निगरानी के निशाने पर रहे हैं। अधिकांश लोगों को साइबर सुरक्षा नियमों की जानकारी नहीं होती है, जिससे वे फ़िशिंग और अन्य सामाजिक इंजीनियरिंग तकनीकों के लिए अधिक असुरक्षित हो जाते हैं। देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में विकसित हो रहे डिजिटल बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करने के लिए देश में लगभग 7,90,000 साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी है। साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए, नियमित प्रशिक्षण, सिमुलेशन, और साइबर सुरक्षा ऑडिट आवश्यक हैं। साइबर खतरों के तेजी से परिष्कृत और अंधाधुंध होने के साथ, नैतिक हैकर्स, साइबर विश्लेषकों और डिजिटल रक्षकों की आवश्यकता बढ़ेगी और भारत को पहले से कहीं ज्यादा साइबर योद्धाओं की जरूरत होगी। कुल मिलाकर जब भारत की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचा डिजिटल होता जा रहा है, भारत डिजिटल क्रांति से गुज़र रहा है और साइबर सुरक्षा युद्ध अब हाशिये पर नहीं है, बल्कि यह सबसे आगे और केंद्र में है। साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनना चाहिए।

# विरासत और विकास की नई इबारत लिख रहे योगी



डॉ. चंद्रमोहन
प्रदेश सचिव
उत्तर प्रदेश भाजपा

कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है।

आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन है। ये अवसर इसलिए खास है, क्योंकि देश और दुनिया में आज जिस उत्तर प्रदेश के विकास की चर्चा हो रही है, उसका श्रेय योगी आदित्यनाथ को जाता है। योगी आदित्यनाथ ने 'जो कहा, वो करके दिखाया'। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी 'विरासत और विकास' की भावना को साथ लेकर एक दुनियाभर में एक नई पहचान बना रहा है। आपने देखा कि 14 जनवरी से लेकर 27 फरवरी तक तीर्थराज प्रयाग में अद्भुत तरीके से महाकुंभ का सफल आयोजन योगी के नेतृत्व में किया गया। मानवता के इस 'महायज्ञ' में, आस्था, एकता और समता का महापर्व में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व और अविस्मरणीय आयोजन है। हमारी सांस्कृतिक विरासत को इतने भव्य तरीके से जीवंत करने और इस आयोजन में विभिन्न माध्यमों से लाखों लोगों को विकास और रोजगार की पावन धारा से जोड़ने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस आयोजन से लाखों लोगों को रोजगार मिला और उनके जीवन का कायाकल्प हुआ।

इसी तरह अयोध्या नगरी में रामलला का भव्य मंदिर बना, जो रामलला बरसों से टाट में थे, वो अब अपने भव्य और दिव्य भवन में विराजमान हैं। योगी सरकार का प्रयास ही है कि देश-विदेश से हर रोज लाखों की संख्या में भक्त रामनगरी अयोध्या में दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। अयोध्या नगरी आज फेवरेट टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी, इसके बाद एक वर्ष के भीतर 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। अयोध्या में दान का रिकॉर्ड भी टूट रहा है। यहां दस काउंटरों पर प्रतिदिन 10 लाख रुपये से अधिक चढ़ावा आ रहा है। अयोध्या और उसके आसपास का



क्षेत्र आज विकास की एक नई इबारत लिख रहा है। विरासत को विकास से जोड़ने का यह अद्भुत उदाहरण है। भगवान राम का विचार था कि प्रजा का एक भी व्यक्ति अगर चैन से नहीं सो पा रहा है, तो राजा को भी नींद लेने का कोई हक नहीं। भगवान राम अपना सुख, चैन त्यागकर, मानव कल्याण के लिए राक्षसों का सर्वनाश करने निकल पड़े थे। 14 बरस भोग की हर वस्तु का त्यागकर प्रभु राम जमीन पर सोए और नंगे पैर कांटों भरे रास्ते पर चले। आज हमारे प्रदेश के मुखिया योगी, उन्हीं के पदचिन्हों पर चल रहे हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर दिन रात प्रदेश के जनता की सेवा कर रहे हैं।

संतकबीर नगर में बाबा तामेश्वरनाथ धाम का कायाकल्प कर इसे एक भव्य तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। बाबा तामेश्वरनाथ धाम को अयोध्या और काशी की तर्ज पर एक सुव्यवस्थित व भव्य तीर्थस्थल का स्वरूप दिया जाएगा। वृंदावन में भव्य और दिव्य बांकेबिहारी कॉरिडोर का निर्माण जल्द शुरू होने जा रहा है। 500 करोड़ रुपये से बांके बिहारी मंदिर के निकटवर्ती क्षेत्र में सुविधाओं का सुधार किया जाएगा और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर माहौल बनाया जाएगा। मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी धाम को दिव्य बनाने के लिए 331 करोड़ की लागत से कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। सहारनपुर में सिद्ध पीठ मां शाकुंभरी देवी मंदिर के विकास के लिए करोड़ों रुपये का बजट योगी सरकार ने स्वीकृत किया है। उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 4560 करोड़ रुपये की लागत से धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों का कायाकल्प किया जा रहा है। अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, चित्रकूट, प्रयागराज, नैमिषारण्य और मीर्जापुर के धार्मिक स्थलों को विकसित कर नई पहचान दिलाने का काम योगी आदित्यनाथ की सरकार कर रही है। आज हर जनपद में जिस तरह मेडिकल कॉलेजों का निर्माण हो रहा है, पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई कॉलेजों का कायाकल्प हो रहा है, उसी तरह वहां के प्रमुख धार्मिक स्थलों और विरासतों का मूलभूत विकास भी सरकार करा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज यूपी चहुंमुखी विकास की गाथा लिख रहा है। एक समय प्रभु राम की नगरी अयोध्या में जैसा शासन रहा होगा, उसी राम राज्य को स्थापित करने की कल्पना साकार होती दिख रही है।

स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर हो रहा है। टूटी-फूटी सड़कें एक्सप्रेस का रूप ले रही हैं, गरीबों के खाते में सीधे सहायता राशि पहुंच रही है। आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में रामराज्य की कल्पना साकार हो रही है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार, गुंडाराज, घोटाला, अपराध, जंगलराज, धांधली, तुष्टीकरण, कोरोना, जबरन धर्मांतरण आदि पर जबरदस्त प्रहार हो रहे हैं। गुंडे-माफियाओं पर शिकंजा कसता जा रहा है। बदमाश गले में तख्ती डालकर थाने में स्वयं सरेंडर करने आ रहे हैं। बाहुबली और माफिया योगी राज में थर-थर कांप रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने दूसरे कार्यकाल से पहले लोक कल्याण संकल्प पत्र में जो संकल्प लिए थे, उन्हें एक-एक कर पूर्ण कर दिखाया है। प्रदेश में युवाओं को रोजगार की बात हो, प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को निवेश के लायक बनाने की चुनौती हो, एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हो या फिर माफिया-अपराधियों पर नकेल कसने का संकल्प हो, हर मुद्दे पर योगी आदित्यनाथ ने जनता के प्रति समर्पण के भाव से प्रभावशाली काम किया है। अपने ऐतिहासिक कार्यकाल में योगी आदित्यनाथ ने न सिर्फ योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया, बल्कि समय-समय पर योजनाओं के विकास की समीक्षा भी की, जिससे कोई योजना सरकारी फाइलों में दब नहीं सकी और पूरी पारदर्शिता के साथ लोगों को उनका लाभ मिल सका।

योगी आदित्यनाथ पांच अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डों वाले यूपी में सभी मंडलों को एयर कनेक्ट करने की महात्वाकांक्षी परियोजना पर मिशन मोड में काम कर रहे हैं। यूपी में 1,225 किलोमीटर तक फैले एक्सप्रेस-वे के जाल ने न सिर्फ यात्राओं को सुगम और तेज बनाया है, बल्कि इनके दोनों ओर डेवलप किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्र प्रदेश के विकास को भी गति दे रहे हैं। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो प्रदेश के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ एटीएम लगाए जा रहे हैं। हर जिले में मेडिकल कॉलेज के अलावा गोरखपुर-रायबरेली में एम्स का संचालन किया जा रहा है। 6.51 करोड़ प्रदेशवासियों को आयुष्मान कार्ड के जरिए पांच लाख रुपये तक के बीमा से कवर किया जा चुका है। मेट्रो को अब गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, बरेली और मेरठ में भी चलाने की योजना बनाई जा रही है। आगरा में मेट्रो की सवारी शुरू हो चुकी है।

कभी निवेश की राह देखने वाला उत्तर प्रदेश अब इंवेस्टमेंट के लिए पसंदीदा राज्य बन गया है। ग्लोबल इंवेस्टर समिट के माध्यम से यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने कई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का काम किया है। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में सबसे ज्यादा निवेश आईटी और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में 94,632 करोड़ रुपए का हुआ है। हर हाथ को रोजगार देने की दिशा में योगी आदित्यनाथ आगे बढ़ रहे हैं।

## प्रसंगवश

# गंगाजल भारतीय चिंतन और दर्शन का प्रतीक

श्रीकृष्ण ने गीता के अध्याय 10 श्लोक 31 में स्वयं मुख से कहा है- 'स्रोतसामस्मि जाह्नवि' अर्थात् दियों में भागीरथी गंगा मैं हूं। भगवद् स्कंद 11 अध्याय 16 में आता है-'तीर्थानां स्रोतसां गंगा' तीर्थों में गंगा सबसे श्रेष्ठ है। यों गंगाजल की लौकिक महत्ता भी कम नहीं है, पर इसका मूल महत्व तो परलौकिक एवं आध्यात्मिक ही है। गंगा से कितने मनुष्यों और अन्य जीव-जंतुओं की तृष्णा शांत होती है, कितनी भूमि हरी-भरी शस्यश्यामला बनती है, उसके जल से सिंचित होकर कितनी घास-पात, कितना अन्न, शाक, फलों का भंडार उत्पन्न होता है इसे सभी लोग जानते हैं।

सभी जानते हैं कि लाखों करोड़ों मनुष्यों और पशु-पक्षियों का जीवन गंगा पर निर्भर रहता है। यदि गंगा का अवतरण न हुआ होता तो आज जहां की भूमि हरी-भरी दीखती है, जहां अगणित मनुष्य और पशु-पक्षी आनंद से किलोल करते हैं, वहां का दृश्य दूसरा ही हुआ होता। उस भूमि पर आज श्मशान जैसी विभीषिका दृष्टिगोचर होती। गंगा जिस प्रदेश में होकर गुजरती है, वहां के समीपवर्ती लोगों को तो जीवन के बहुमूल्य आधार दिए ही हैं, साथ ही दूरवर्ती जनता को भी बहुत कुछ दिया है। यहां की समृद्धि दूर-दूर तक फैलकर प्रकारांतर से सारे देश की समृद्धि को बढ़ाती है। प्रसिद्ध नदीसूक्त में सर्वप्रथम गंगा का ही आह्वान किया गया है। ऋग्वेद में 'गंगय' शब्द आया है। महाभारत एवं पुराणों गंगा की महत्ता एवं पवित्रीकरण के विषय में सैकड़ों प्रशस्तिजनक श्लोक हैं। भारत की अनेक धार्मिक अवधारणाओं में गंगा नदी को देवी के रूप में निरुपित किया गया है।



आचार्य टेकनारायण उपाध्याय
वरिष्ठ अर्चक, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी

बहुत से पवित्र तीर्थस्थल गंगा नदी के किनारे पर बसे हुए हैं। अनेक पर्वों और उत्सवों का गंगा से सीधा संबंध है। इस नदी के बारे में पं. जवाहर लाल नेहरू ने लिखा है, "गगा तो लोकतांत्रिक भारत की नदी है, जनता की प्रिय है, जिसकी झलक भारत की जातीय स्मृतियां, उसकी आशाएं और उसका भय, उसके विजयगान, उसकी विजय और पराजय है।" इसके तटों पर अनेक प्रसिद्ध मेलों का आयोजन किया जाता है और अनेक प्रसिद्ध मंदिर गंगा के तट पर ही बने हुए हैं। ये तीर्थ स्थल संपूर्ण भारत में सांस्कृतिक एकता स्थापित करते हैं। गंगा को लक्ष्य करके अनेक भक्ति ग्रंथ लिखे गए हैं। गंगाजल के बारे में प्रचलित मान्यताएं व तथ्य तो यहां तक कहते हैं कि यदि मृत्युशय्या पर पड़े व्यक्ति के मुख में गंगाजल डाल दिया जाए तो वह बंधनों से मुक्त हो जाता है। गंगा जी के प्रति हमारी श्रद्धा और आस्था अकारण नहीं है। इसका वैज्ञानिक आधार भी है।

अनेक शोधकर्ताओं ने परिक्षण से सिद्ध किया है कि गंगाजल में ऐसे बहुत से औषधीय गुण हैं, जो विविध शारीरिक और मानसिक रोगों से मुक्ति दिलाते हैं, इसके पान, स्नान, स्पर्शन और नव प्राणशक्ति का संचार होता है। पुरानी मान्यता है कि वृद्धावस्था में जब शरीर जर्जर और व्याधिग्रस्त हो जाए तो केवल गंगाजल ही इसका उपचार है। "शरीर जर्जरीभूते व्याधिग्रस्त कलेवर औषधि जाह्नवी तायं वैद्यो नारायणोहरि।" "वैज्ञानिक कहते हैं कि गंगा के पानी में बैक्टीरिया को खाने वाले बैक्टीरियोफाज वायरस होते हैं। ये वायरस बैक्टीरिया की तादाद बढ़ते ही सक्रिय होते हैं और बैक्टीरिया को मारने के बाद फिर छिप जाते हैं। पश्चिमी प्रकृति ने भी गंगा के जल की इस अद्भुत विशेषता को सिद्ध किया है। डॉ. एफ.सी. हरिसन के अनुसार गंगा जल में एक विशिष्ट गुण है, जिसका संतोषजनक वर्णन कठिन है। इसमें हैजे के जीवाणु की तीन से पांच घंटे में मृत्यु हो जाती है। जबकि कई नदियों में यही जीवाणु तेजी से फैलते हैं।

यह नदी उन खेतों के लिए पोषक तत्व भी प्रदान करती है, जिनसे यह गुजरती है। गंगा की सहायक नदियां 300 मिलियन से अधिक लोगों के लिए जीवनदायिनी हैं। गंगाजल को हर भारतीय अमृत तुल्य मानकर उसका पान करता है। अपने पूर्ण जीवन काल के अंतिम समय में हर भारतीय के प्राण गंगा की सिर्फ एक बूंद मात्र के लिए तरसते हैं। यहीं विशेषता गंगा को संसार की हर नदी से पृथक बनाती है और मुक्ति का यही विश्वास गंगा को एक सामान्य नदी के बजाय देवी के रूप में प्रतिष्ठित करता है।

# पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी पहाड़वासी



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया।

पहाड़ समस्त प्राणी जगत के मूलाधार हैं। पारिस्थितिकी और जैव विविधता के आश्रय स्थल हैं। बशर्ते कि पहाड़ विविध प्रजाति के जंगलों से आच्छादित हो। 'पहाड़' शब्द की कल्पना मात्र से मस्तिष्क में बर्फ की सफेद चादर से ढके हिमालय, श्रृंखलाबद्ध पहाड़ियों में गहनों की भांति सजे हरे वृक्ष, झरने, गाड-गधेरे और कल-कल करती नदियों का चित्र उभर आता है। पेड़, पानी और पहाड़ का वजूद एक-दूसरे से गहरे तौर पर जुड़ा है। पहाड़ हैं तो पेड़ हैं, पेड़ हैं तो पानी है। ये सब मिलकर पहाड़ को 'पहाड़' बनाते हैं। इनके बगैर पेड़, पहाड़, पानी और पर्यावरण की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

मनुष्य और जंगलों के बीच आदिम युग से अटूट रिश्ते रहे हैं। उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की समूची अर्थव्यवस्था सदियों से प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रही है। पर्वतीय समाज का पूरा जीवन चक्र वनों की ऊर्जा से घूमता था। वन यहां के निवासियों के जीवनाधार थे। ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश जरूरतें वनों से ही पूरी होती थीं। यही वजह है कि यहां के निवासियों का वनों के प्रति भावनात्मक और आत्मीय लगाव था। जंगल, पेड़ और पहाड़ के प्रति पहाड़वासियों की संवेदनशीलता के चलते वन महोत्सव की शुरुआत भी पहाड़ से ही हुई।

अविभाजित उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने 1953 में वन महोत्सव की शुभारंभ नैनीताल से की थी। इस अवसर पर श्री मुंशी ने नैनीताल के राजभवन परिसर में बांज का पौधा लगाया था। जंगल, पेड़ और पर्यावरण के संरक्षण के लिए जन्मे 'चिपको आंदोलन' के प्रणेता भी पहाड़वासी ही हैं। पहाड़वासी सदियों से जंगल, पेड़ और पर्यावरण का संरक्षण करते आ रहे हैं। जंगलों और यहां के बाशिंदों के बीच सहअस्तित्व का रिश्ता रहा है, लेकिन उत्तराखंड में ब्रिटिश राज कायम होने के बाद वनों के संरक्षण के नाम पर थोपे गए तमाम अव्यावहारिक वन कानूनों ने पहाड़ के ग्रामीण समाज और वनों के बीच एक गहरी खाई पैदा कर दी। यहां के निवासियों का वनों के प्रति दिनों-दिन लगाव कम होते चला गया।

आजादी के बाद ग्रामीण समाज और वनों के बीच इस पुश्तैनी रिश्ते को पुनर्स्थापित करने के बजाय खटास को बढ़ाने की दिशा में ही ज्यादा जोर दिया गया। परिणामस्वरूप गांव के लोगों और जंगलों के बीच दरार और चौड़ी होती चली गई। आज इसका खामियाजा ग्रामीण समाज, जंगल, पर्यावरण तीनों को उठाना पड़ रहा है। दो शताब्दी पहले तक पहाड़ के जंगलों और इसके आसपास रहने वाले मनुष्यों के मध्य भावनात्मक रिश्ता था। कुमाऊं में देशज राजवंश के शासनकाल में यहां के निवासी संपूर्ण वन संपदा का नियंत्रित दोहन नैसर्गिक अधिकार के रूप में करते थे। उनका समूचा जीवन चक्र जंगलों से जुड़ा था, सो जंगलों की सुरक्षा करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी हुआ करती थी। 1790 में यहां गोरखा सैनिक शासन कायम हो गया था। गोरखों ने बेहिसाब जंगल काटे। 1815 में उत्तराखंड में ईस्ट इंडिया कंपनी का राज कायम हो गया। इसके बाद यहां के ग्रामीणों और जंगलों के बीच सदियों पुराने रिश्तों में दरारें आनी शुरू हुई। धीरे-धीरे जंगलों और स्थानीय निवासियों के आदिकाल से चले आ रहे रिश्ते तार-तार हो गए।

हालांकि अंग्रेजी शासनकाल में पहाड़ के भीतर यातायात व संचार का विकास सामरिक जरूरतों और यहां की अकूत वन संपदा के दोहन के नजरिए से ही हुआ। इसके बावजूद यह भी सच्चाई है कि अंग्रेजों ने जंगलों के एकतरफा दोहन की नीति नहीं अपनाई। अंग्रेज वनों के दोहन के साथ संरक्षण पर भी उतना ही ध्यान देते थे। अंग्रेजी शासनकाल में वनों की निगरानी और हिफाजत की पुख्ता व्यवस्था थी। आजाद भारत में अंग्रेजों की वनों के प्रति संरक्षणवादी और दूसरे सकारात्मक पक्षों को तो तिलांजलि दे दी गई है, लेकिन वनों को जनता से जोड़ने के सवाल पर गंभीरता से नहीं सोचा गया। ग्रामीण जन समुदाय को वनों से जोड़ने की नीति बनाने की दिशा में ठोस पहल नहीं हो पाई। जबकि उत्तराखंड के वन सिर्फ उत्तराखंड के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत के संदर्भ में अमूल्य संपत्ति हैं।

यदि वनों के प्रति सुविचारित नीति हो, तो इन्हें सरकार और आम जनता, दोनों के लिए लाभदायी बनाया जा सकता है। वन संपदा को समृद्ध बनाकर वनोत्पादों पर आधारित लघु एवं कुटीर उद्योगों के माध्यम से बेरोजगारी और पलायन जैसी गंभीर समस्याओं से निपटा जा सकता है। असल सवाल सोच और इच्छाशक्ति का है, जो फिलवक्त दिखलाई नहीं पड़ती। याद रहे कि पहाड़ के वनों और वनोपज के संरक्षण और संवर्धन की ठोस एवं व्यावहारिक नीति बनाए बगैर वन और पर्यावरण संरक्षण की बात बेमानी है।

## सोशल फोरम

# उदार होना अधिक जरूरी है

आर्थिक उदारीकरण आया, बाजार को मुक्त करके और समाज को विभक्त करके चला गया। इस समय दुनिया सामाजिक रूप से दो जनवर्गों में विभक्त है-कूपमंडूक और उदार। हमारे देश में भी हर विचारधारा, हर धर्म, हर जाति, हर प्रांत में दो तरह के लोग हैं- कूपमंडूक और उदार। कूपमंडूक के पास भी बुद्धि होती है, पर उसकी बुद्धि उसे कुआं के बाहर कुछ भी सोचने नहीं देती। वह कुआं को ही पूरा विश्व समझता है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इसके विपरीत उदार व्यक्ति की बुद्धि में तर्क, संवेदना और खुलापन-ये तीन खास गुण होते हैं। यह एक बड़ी विडंबना है कि हमारे समय के लोग बाजार में उदार हैं, सब तरह के आधुनिक माल खरीदेंगे, चीन का भी माल खरीदेंगे, पर विचारों से धर्म, जाति और प्रांत के मामलों में कूपमंडूक होंगे। इस समय कूपमंडूकों की शक्ति और संख्या दोनों बढ़ी है। कूपमंडूक होने में फिलहाल बड़े फायदे हैं। निश्चय ही उनकी तुलना में उदार चित्त के लोग कम हो गए हैं, पर मनुष्यता या नागरिक भाव सचमुच यदि है, तो ऐसे ही लोगों में हैं, जो उदार हैं, उनकी सबसे बड़ी कमाई उनकी उदारता है, उन्हें इस मनुष्यता में ही आनंद है। जब समाज का भविष्य अंधकार में हो तो फिर उन्हें अपने लिए उज्ज्वल भविष्य क्यों चाहिए? उदारता क्या है, यह जानना हो तो, जिस 'वसुधैव कुटुंबकम्' को लोग तलवार की तरह इतना भांजते हैं, उसके पूरे श्लोक को एक बार देख लेना चाहिए- अयं निजः परे वेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम्॥ अर्थात् जो मोर-तोर की भिन्नता वाले लघु चित्त से ऊपर उठ जाए और उदार चरित्र का हो उसके लिए यह पृथ्वी घर-परिवार की तरह है।

भारत की सांस्कृतिक परंपरा का संबंध कूपमंडूकता से नहीं उदारवाद से है। यदि कुछ भी संस्कृति है, तो उसमें उदारता एक प्रमुख तत्व है। कूपमंडूकता विकृति है, जबकि उदारता संस्कृति है। प्रसाद ने 'लहर' में लिखा है : तुम हो कौन और मैं क्या हूं/इसमें क्या है धरा सुनो/ मानस जलधि रहे चिर चुंबित/ मेरे क्षितिज उदार बनो। साहित्य केवल पढ़ने-पढ़ाने के लिए ही नहीं है, अपने जीवन में जगह देने के लिए भी है। **-फेसबुक वॉल से**

# पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण की जरूरत



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं।

वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, अगर उस पर समय रहते काबू नहीं पाया गया तो अगली सदी में तापमान 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। आज जब 48 डिग्री सेल्सियस की गर्मी मनुष्य के लिए असहनीय है, तो 60 डिग्री सेल्सियस गर्मी को कैसे बर्दाश्त कर सकता है। तापमान बढ़ने से सूर्य की किरणें कैंसर जैसे भयंकर रोगों में वृद्धि करेंगी। कहीं सूखा पड़ेगा, कहीं गरम हवाएं चलेंगी तो कहीं भीषण तूफान व बाढ़ का सामना करना पड़ेगा। यदि पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो जाए, तो आर्कटिक एवं अंटाकर्टिका के विशाल हिमखंड पिघल जाएंगे, जिससे समुद्र के जल स्तर में 10 इंच से 5 फुट तक वृद्धि हो सकती है। इसका परिणाम यह होगा कि समुद्रतटीय नगर समुद्र में डूब जाएंगे। भारत के मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पणजी, विशाखापट्टनम, कोचीन और त्रिवेंद्रम नगर समुद्र में होंगे। इसी तरह न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स, पेरिस और लंदन आदि बड़े नगर भी जलमग्न हो जाएंगे।

प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व भर में पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। पर विडंबना यह है कि इस दिवस पर हम एक ओर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर करते हैं, संगोष्ठियां करते हैं, नए कानून गढ़ते हैं, वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध विकास के नाम पर प्रति वर्ष 7 करोड़ हेक्टेयर वनों का विनाश करते हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों सालों में मनुष्य जाति ने विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों का विनाश किया है। उसके इस कृत्य से प्रकृति की तकरीबन एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हुई हैं। जंगली जीवों की संख्या में 50 फीसद की कमी आई है। उदाहरण के लिए भारत में पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। इससे मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण कार्य काफी हद तक प्रभावित हुआ है। गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। वनों के विनाश से वातारण भी जहरीला होता जा रहा है। यानी प्रतिवर्ष दो अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाईआक्साइड वायुमंडल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को नुकसान पहुंच रहा है।

विडंबना यह है कि ओजोन परत की सुरक्षा से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के मांट्रियल प्रोटाकाल में इन तत्वों पर नियंत्रण की कोई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यदि इनमें लगातार इजाफा हो रहा है, तो ओजोन परत के लिए नुकसानदायक स्वाभाविक है। पर्यावरण के साथ खिलवाड़ का सबसे घातक असर ध्रुवीय क्षेत्रों पर पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय अनुपात को देखते हुए उत्तरी ध्रुव क्षेत्र दोहरी तेजी से गरम हो रहा है। उत्तरी ध्रुव समुद्र में फैली स्थायी बर्फ की मोटी परत कम हो रही है। सदियों से बर्फ के मजबूत चादर में ढके क्षेत्र पिघल रहे हैं। वर्ष 2007 की इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई वर्ष 2005 में आधे मीटर से ज्यादा कम हो गई। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके लिए मुख्य रूप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन जिम्मेदार है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। इसके अलावा हिमालय के 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते ग्लेशियर का एक अन्य उदाहरण है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो सकता है। कई जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो जाएंगी। जातियों के वितरण में इन परिवर्तनों का जाति विविधता तथा पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं इत्यादि पर असर पड़ेगा। विकास के लिए बिजली आवश्यक है, लेकिन जिस तरह बिजली के उत्पादन के लिए नदियों के सतत प्रवाह को रोककर बांध बनाया जा रहा है, उससे खतरनाक पारिस्थितिकीय संकट उत्पन हो गया है।

जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदूषण से कराह रही हैं। नतीजतन मनुष्य को मौसमी परिवर्तनों से जुझना होगा। गौर करें तो आज भी मनुष्य अपने दुराग्रहों के साथ ही खड़ा है। प्रकृति से उसका खिलवाड़ का तरीका पहले से भी जघन्य हो गया है। नतीजा सामने है। प्रकृति भी प्रतिक्रियावादी बनती जा रही है। विडंबना है कि मानव जाति समझने को तैयार नहीं, किंतु उसे समझना ही होगा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर वह स्वयं को सुरक्षित नहीं रख सकता।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### कांग्रेसी करेंगे रंजौरा और बिचौला में मामलों की पड़ताल

**बदायूं, अमृत विचार :** उझानी मेंथा फैक्ट्री में आग में फंसे मुनेंद्र यादव व सेल्समैन मुकेश यादव की हत्या के मामलों का कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने संज्ञान लिया है। उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल को छह जून को मौके पर जाकर पीड़ितों से मिलने का निर्देश दिया है। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक प्रमिला भदवार, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव, जितेंद्र कश्यप, रजनी सिंह, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनिता सिंह, प्रदेश सचिव उपासना सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह आदि शामिल हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने को अंतिम दम तक संघर्ष करेंगे।

### एसपी से आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**कासगंज, अमृत विचार :** थाना सुन्नगढ़ी के ग्राम फतेहपुर निवासी मदनलाल ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनका 20 वर्षीय भाई सौरभ की नीतेश, जुगेंद्र, अमर सिंह व गुरूदेव ने उसकी हत्या कर दी। चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। उसके भाई के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोपी परिवार को तरह तरह से डरा धमका कर केस वापस लेने की धमकी दे रहे हैं। मदनलाल ने भाई के हत्यारों की गिरफ्तारी किए जाने की मांग की है।

### जिला बस ऑपरेटर यूनियन ने की बैठक

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला बस ऑपरेटर यूनियन की एक बैठक बुधवार को प्राइवेट बस स्टैंड पर यूनियन अध्यक्ष ओमकार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें बस ऑपरेटरों ने भामाशाह पुलिस लाइन चौराहे से चल रहे अवैध टेंपो स्टैंड को हटाने 9 जून को डीएम को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। बुधवार को बैठक में कांग्रेस नेता ओंकार सिंह ने कहा कि 9 जून को सभी बस ऑपरेटर एवं बस स्टॉफ डीएम को ज्ञापन देंगे। बैठक में जिला बस ऑपरेटर यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल रस्तोगी, उपाध्यक्ष भरत गुप्ता, उपाध्यक्ष रामू गुप्ता महासचिव मस्टर्ड खान कोषाध्यक्ष राजू जैन, जिला सचिव नितिन ठाकुर सचिव आदि मौजूद रहे।

# मेले में पुलिसकर्मियों पर हमला, एक सिपाही घायल

## महिलाओं से अभद्रता पर दो युवकों को लिया था हिरासत में

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** मेले में महिलाओं से अभद्रता करने वाले दो युवकों को पुलिसकर्मियों ने पकड़ा और उनसे पूछताछ की। इतने में युवकों के साथियों ने पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में एक सिपाही खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। घायल सिपाही की तहरीर पर नौ नामजद समेत 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोतवाली उझानी में तैनात सिपाही नवनीत वर्मा सिपाही लक्ष्मण सिंह के साथ गांव ननाखेड़ा में लगे मेला में गश्त करने गए थे। कुछ लोगों ने बताया कि मेले में दो लड़के महिलाओं पर टिप्पणी करते हुए अभद्रता कर रहे हैं। दोनों सिपाही मेले में बच्चों के ट्रेन वाले झूले के पास पहुंचे। यहां दोनों लड़कों से उनके नाम पूछे। एक ने अपना नाम उसहैत थाना क्षेत्र के गांव भुंडी निवासी आजम व जुबैर बताया।

इस दौरान सात-आठ लोग लाठी-डंडे लेकर पुलिसकर्मियों की ओर आए। इसी दौरान आजम और जुबैर गाली देते हुए चिल्लाए कि मारो इनको। लोगों ने जान से मारने की नीयत से दोनों पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। पुलिसकर्मियों ने खुद को बचाने का प्रयास किया तो वह लोग और ज्यादा हमलावर हो गए। पुलिसकर्मियों के सिर पर प्रहार किया। डंडा लगने से नवनीत शर्मा खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। लक्ष्मण सिंह ने हमलावरों को ललकारते हुए और पुलिस बुलाने की बात कही तो आरोपी भाग गए।

**इन हमलावरों ने किया हमला**

हमलावरों की पहचान गांव ननाखेड़ा निवासी गुड्डू, पप्पू, मुगले और उनके पिता मंगल खां, आसमी, याद मोहम्मद और आसिफ के रूप में हुई है। इसके अलावा कुछ और लोग भी थे। नवनीत शर्मा की तहरीर पर नौ नामजद और एक अज्ञात पर मारपीट, उपद्रव करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने और महिलाओं के साथ अभद्रता करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक ने बताया कि सिपाहियों पर हमला करने के आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

- युवकों के साथियों ने लाठी से किया हमला, 10 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

### बीएसए कार्यालय के निर्माण समन्वयक की संविदा समाप्त

**कासगंज, अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सामने आई अनियमितताओं को लेकर बीएसए सूर्य प्रताप सिंह ने डीएम मेधा रूपम की अनुमति से कार्रवाई की। उन्होंने निर्माण समन्वयक पाल संदीप हरिराम की संविदा समाप्त कर दी।

इससे पूर्व लगातार वित्तीय अनियमितताएं पाए जाने पर बीएसए ने डीसी निर्माण को कई बार चेतावनी देते हुए नोटिस जारी किए, लेकिन नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की। संविदा समाप्त होने से डीसी निर्माण ने बीएसए कासगंज पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा दिए। बीएसए सूर्य प्रताप सिंह ने सभी आरोपों को सिरे से नकारते हुए बताया कि डीसी निर्माण पाल संदीप हरिराम उनके ऊपर झूठे आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीसी निर्माण को काफी बार वित्तीय अनियमितताएं पाए जाने पर चेतावनी दी गई, लेकिन कोई सुधार न होने के कारण डीएम की अनुमति से यह कार्रवाई की।

# कुंवर गांव से विजय नगला तक बनेगा रोड



करोड़ों की लागत से बनने वाले रोड का शिलान्यास करते विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** शहर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुंवरगांव से विजय नगला तक 12 किलो मीटर सड़क निर्माण के लिए बुधवार को विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने शिलान्यास किया।

बुधवार को गांव युसूफ नगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा विधायक महेश सिंह गुप्ता ने कहा कि आज का दिन इस क्षेत्र के लिए बेहद खास है। इस सड़क के बन जाने से सैकड़ों गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। ये सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इसके अतिरिक्त वजीरगंज से कुंवरगांव होते हुए बरेली का रास्ता भी काफी सुगम हो जाएगा और सभी तरह के वाहन इस मिनी बाईपास पर दौड़ेंगे। इससे क्षेत्र का विकास भी होगा। मंडल अध्यक्ष नौरंग पाल, राघव चौहान, ब्लाक प्रमुख अनेक पाल पटेल, चेयरमैन अरविंद कुमार, एडवोकेट नरेंद्र मोहन पाल, जिला उपाध्यक्ष सोबरन सिंह राजपूत, नत्थू लाल वर्मा, प्रधान अरुण कुमार, प्रधान सलीम, प्रधान आरीफ मोहम्मद, प्रधान महेंद्र शाक्य, प्रधान धीर सिंह, प्रधान रमेश राजपूत, प्रधान महावीर शाक्य, प्रधान लालाराम शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

### किशोरी से दुष्कर्म अश्लील वीडियो बनाकर किया वायरल

**अमांपुर (कासगंज) अमृत विचार :** कस्बा निवासी किशोरी के पिता ने बताया कि फरवरी में उसकी 13 वर्षीय पुत्री मोहल्ले के अरमान के घर काम से गई थी। तभी अरमान ने उसे डरा धमका कर दुष्कर्म किया। इसी के साथ उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। किसी से बताने पर पिता को जान से मारने और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। कुछ दिन पहले आरोपी ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़िता के परिजनों को जानकारी मिली, तो परिजन मामले की शिकायत लेकर आरोपी के घर गए। आरोपी व उसके परिजन ने अभद्रता करते हुए गाली गलौज की। मामले की तहरीर पिता ने आरोपी अरमान व उसके परिजनसारिक, शानू, फरीन, मुस्कान आदि के खिलाफ पुलिस को दी। थाना प्रभारी सुमित त्रिपाठी ने बताया कि मामले में दुष्कर्म करने व वीडियो वायरल करने के मामले में आरोपी व उसके परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही हैं।

### ट्रेन में छूटे बैग को किया वापस

**कासगंज, अमृत विचार :** बीट स्टाफ कांस्टेबल महेश चंद मीना को मंगलवार को गाड़ी संख्या 05046 राजकोट लालकुआं के सिलीपर कोच में एक लावारिस बैग मिला। इसे आरपीएफ पोस्ट पर जमा कराया गया। बैग में मोबाईल फोन था। इस पर बार-बार रिंग होने पर बात की गई। मोबाईल पर बात करने वाला व्यक्ति ने बताया कि जल्दबाजी में मथुरा उतरने के दौरान बैग गाड़ी में छूट गया है। बुधवार को आरपीएफ पोस्ट पर अरविन्द निवासी उमंग अपटमेंट थाना माझेवादी जिला जूनागढ़ गुजरात को बैग लौटाया।


बैग को वापस देते निरीक्षक।

# हरियाणा गया पति, महिला ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, बिल्सी

- बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव महरौली का मामला
- पति के साथ जाने की जिद कर रही थी सोनम

**अमृत विचार :** परिवारिक कलह में बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव महरौली की महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों के अनुसार वह पति के साथ हरियाणा जाने की जिद कर रही थी, लेकिन पति साथ नहीं ले गया तो उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। किसी की ओर से भी आरोप नहीं लगाया गया है।

वजीरगंज क्षेत्र के गांव धिमरपुरा निवासी रामौतार की बेटी सोनम (20) की शादी तकरीबन 10 महीने पहले बिल्सी क्षेत्र के गांव महरौली निवासी भूदेव के साथ हुई थी। शादी से पहले भूदेव हरियाणा में रहकर मजदूरी करते थे, लेकिन शादी के बाद गांव में रहने लगे थे। परिजनों के अनुसार भूदेव मजूदरी करने के लिए रविवार को हरियाणा चले गए थे। सोनम उनके साथ जाने की जिद कर रही थी। कह रही थी जाना है तो साथ ले चलो। इससे नाराज होकर सोनम ने मंगलवार सुबह अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने शव फंदे पर लटका देखा तो चीत्कार मच गया। शव को नीचे उतारकर चिकित्सक के पास ले गए। चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आत्महत्या करने का स्पष्ट कारण नहीं पता है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तेरहवीं भोज में खाना खाने से 104 लोग बीमार

**कासगंज ,अमृत विचार :** कोतवाली सिढ़पुरा क्षेत्र के जलीलपुर कुटेरा गांव निवासी सुधीश की माता के निधन के बाद तेरहवीं का आयोजन किया गया था। भोज में पारंपरिक व्यंजन पूड़ी, आलू की सब्जी और काशीफल परोसे गए थे। ग्रामीण महेश के अनुसार, मंगलवार सुबह से धीरे-धीरे लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। पीड़ितों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत हुई। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और तत्काल जांच कर प्रभावित लोगों को प्राथमिक उपचार दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आमिर खान ने बताया कि अब तक 104 मरीजों का इलाज किया जा चुका है और सभी की हालत स्थिर है। गांव में ही अस्थायी कैंप लगाकर दवाएं वितरित की गईं और लगातार निगरानी की जा रही है।

# विधायक ने एसएसपी से की मुलाकात

- अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी ने लोगों के नहीं दिए करोड़ों रुपये

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** फाइनेंस कंपनी अमर ज्योति का कार्यालय बंद होने के बाद से निवेशक परेशान हैं। कहीं भी उनके सवालों के जवाब नहीं मिल रहे हैं। वह लगातार एसएसपी कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। बुधवार को दर्जनों लोग पहुंचे। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने भी पहुंचकर एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह से बात की। जांच तेज करने को कहा।

निवेशकों के साथ सदर विधायक भी एसएसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसएसपी के सामने निवेशकों को पेश किया। उन्होंने निवेशकों के रुपये वापस कराने को कहा। लोगों ने रोते हुए अपने साथ हुई धोखाधड़ी के बारे में बताया। कहा कि उन्होंने बहुत मेहनत करके पाई-पाई जोड़कर फाइनेंस कंपनी में जमा की थी। अब उनके साथ परिवार के लोग भी गम में हैं। कहीं से कुछ समझ नहीं आ रहा है। एसएसपी ने आश्वासन दिया कि रिपोर्ट लिखी जा चुकी है। जांच की जा रही है। कंपनी मालिकों की तलाश में बदायूं के अलावा बरेली की टीम भी लगी हैं।


मेहनत की कमाई बचाकर अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी में तीन लाख रुपये जमा किए थे। शुरूआत में हर महीने ब्याज के 1500 रुपये आते थे, लेकिन अब कुछ महीनों से आने बंद हो गए। **– महेश चंद्र साहू**, तीन लाख


कंपनी में बेटे की एक लाख रुपये की एफडी बनवाई थी। पाई-पाई जोड़कर रुपये जमा किए थे। अब कंपनी भाग गई इसमें रुपये जमा करने वालों की क्या गलती है। रुपये दिलाए जाने चाहिए। **– सुरेंद्र पाल**, एक लाख


लोगों ने अच्छा ब्याज मिलने और एजेंट के नियमित आने की बात कही थी तो कंपनी में लगभग एक लाख 80 हजार रुपये जमा किए। अब कंपनी भाग गई तो प्रशासन ही लोगों का सहारा बचा है। **– सुमित सक्सेना**


मेहनत से रुपये कमाए जाते हैं यह बात कंपनी संचालकों को नहीं पता। थोड़े-थोड़े रुपये एकत्र करके कंपनी में दो लाख रुपये जमा किए थे। अब दिन रात दिमाग परेशान रहता है। **– राकेश गुप्ता**

### हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत, परिवार में मचा कोहराम

**कासगंज ,अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मामों निवासी मनोज कुमारी (40) अपने छोटे बेटे सोनू (15) के साथ रविवार को एटा से शादी समारोह में शामिल होकर स्कूटी से अपने गांव लौट रही थीं। जब वह मिरहची के समीप पहुंची तो उनकी स्कूटी से सांड़ टकरा गई। हादसे में मनोज कुमारी और उनका बेटा सोनू दोनों गंभीर घायल हो गए। राहगीरों व आस-पास के लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। महिला मनोज कुमारी की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें अलीगढ़ रेफर किया। जहां से बाद में सफदरजंग अस्पताल दिल्ली भेजा गया। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# अभिशाप के रूप में समाज में बढ़ रहा बाल श्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



बाल श्रम दिवस पर जानकारी देतीं अपर जिला जज शिव कुमारी व अन्य।

- बाल श्रम निषेध दिवस पर आयोजित किया जागरुकता कार्यक्रम

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घटपुरी पर विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर लगाया गया। जनपद अपर न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिव कुमारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ कर कहा कि बाल श्रम करना या कराना एक दंडनीय अपराध है।

प्राधिकरण की सचिव ने महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे एसिड हमला, बलात्कार, अपहरण, दहेज उत्पीड़न, एवं यौन उत्पीड़न के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया। इसके अलावा केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि बेटियों के साथ मित्रवत व्यवहार करें ताकि बेटियां वरिष्ठ परिजनों के साथ बेझिझक अपनी कोई भी बात साझा कर सकें। कहा कि 13 सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं। सूक्ष्म एवं लघु प्रकृति के वादों को सम्बन्धित न्यायालय के निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर में मध्यस्थता केन्द्र खुला हुआ है। असिस्टेंट लीगल एड. डिफेन्स काउंसिल कशिश सक्सेना ने आशा बहुएं व संगिनियों को शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम, बाल श्रमिकों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येन्द्र मिश्रा ने बताया कि बाल श्रम या श्रम निर्माण व बीओसीडब्लू से यदि किसी मजदूर के घर में बेटी होने पर 25 हजार रुपये एवं बेटा होने पर 20 हजार रुपये दिए जाते है। शिविर में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेन्द्र सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार, चिकित्साधिकारी डॉ. हुमा खांन, फार्मासिस्ट शैलेन्द्र मिश्रा, फार्मासिस्ट शेखर वर्मा, ब्लाक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर निर्विकार सिंह, आदि की टीम मौजूद रहे।

# अपोलो कंपनी के नकली पाइप लोडर टेंपो से बरामद

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** अपोलो कंपनी के सुधीर कुमार दुबे क्वालिटी हेड डिवीजन के डिप्टी जनरल मैनेजर ने टीम के साथ मोहनपुरा के समीप एक लोडर टेंपो को रोका। इसमें कंपनी के नाम से नकली माल मिला। उसे मोहनपुरा पुलिस चौकी में खड़ा कराया गया और तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

क्वालिटी हेड डिवीजन के डिप्टी जनरल मैनेजर सुधीर दुबे ने बताया कि नकली माल मार्केट में बिक्री होने की जानकारी मिली। उन्हें जानकारी मिली की कंपनी के नाम से नकली मार्ग कहीं जा रहा है। इस पर उन्होंने हिमांशु असिस्टेंट मैनेजर, अनुज शर्मा रीजनल सेल्स मैनेजर, रामकुमार वशिष्ठ सेल्स एंड मार्केटिंग को शामिल कर टीम बनाई। टीम ने मंगलवार की शाम डुकरिया नगला पर लोडर टेंपो को पकड़ा। इसमें अपोलो कंपनी से मिलते जुलते अनेकों उत्पाद मिले जो कि नकली थे। उसे पकड़कर मोहनपुरा चौकी पर खड़ा कराया। बुधवार की सुबह दिल्ली से पहुंची अपोलो कंपनी की टेक्निकल टीम ने माल की नकली होने की पुष्टि की। तहरीर पुलिस को दी गई है।


टेंपो में रखे पाइप व अन्य सामान।

- कंपनी के डिप्टी जनरल मैनेजर ने पुलिस को दी तहरीर

# सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार, चौथे की तलाश

संवाददाता, उझानी

- एक साल पहले बकरी चराने के दौरान किशोरी से किया था सामूहिक दुष्कर्म

**अमृत विचार :** किशोरी के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करके सामूहिक दुष्कर्म करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है, जबकि चौथा आरोपी फरार है। पीड़िता के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने मंगलवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि तकरीबन एक साल पहले उसकी भतीजी बकरी चराने के लिए गांव के पास खेतों की ओर गई थी। यहां गांव निवासी मझले उर्फ वीरेश और एक किशोर ने उसका हाथ पकड़कर खींच लिया। किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बनाई। मझले, किशोर, अरुण और जानू पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करके उसके साथ दुष्कर्म करते रहे। एक दिन बुलाने पर पीड़िता नहीं गई तो अरुण और जानू ने उसकी अश्लील वीडियो वायरल कर दी। जानकारी होने पर पीड़िता के चाचा ने तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म, आईटी एक्ट, पॉक्सो एक्ट आदि के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की। आरोपी मझले उर्फ वीरेश, जानू उर्फ रमाकांत और एक किशोर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। आरोपी अरुण की तलाश की जा रही है। निरीक्षक अपराध गुड्डू सिंह और सिपाही अंशु यादव ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

# मृतक के परिजनों का हंगामा, एसडीएम के आश्वासन पर किया अंतिम संस्कार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** बिसौली में ट्रैक्टर की बैट्री चोरी का आरोप लगाते हुए पांच लोगों ने घर में घुसकर पीटा था। इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने हंगामा किया। आरोपियों के पकड़ने तक अंतिम संस्कार न करने की जिद की। बिसौली एसडीएम ने गांव पहुंचकर परिजनों को समझाया। तब शव का अंतिम संस्कार किया गया।

मामला बिसौली क्षेत्र के गांव मिठामई का है। गांव निवासी प्रमोद कुमार सोमवार की शाम खेत लौट रहे थे। बैट्री चोरी का आरोप लगाते हुए पांच लोगों ने प्रमोद कुमार को घेर लिया और गाली-गलौज और मारपीट की थी। प्रमोद कुमार जैसे-तैसे घर पहुंचे। हमलावर पीछे करते हुए उनके घर में घुस आए। प्रमोद कुमार पर हमला करके घायल कर दिया था। घायल को इलाज के लिए भर्ती किया गया था। यहां इलाज के दौरान प्रमोद कुमार की मौत हो गई थी। मृतक की पत्नी ममता की तहरीर पर पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने हंगामा किया। आरोपियों की गिरफ्तारी तक शव के अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। हंगामा क सूचना पर चार थानों की पुलिस गांव पहुंची। इसके बाद भी परिजन मानने को तैयार नहीं थे। सूचना मिलने पर बिसौली एसडीएम राशि कृष्णा और सीओ सुनील कुमार गांव पहुंचे। परिजनों को समझाकर शांत कराया। पुलिस के सामने अंतिम संस्कार किया गया।


हंगामा करते परिजनों को समझातीं बिसौली एसडीएम राशि कृष्णा व सीओ।

- बिसौली के गांव मिठामई में युवक की पीटकर हत्या का मामला

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ
सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

## दो किलोग्राम अफीम के साथ तीन तस्कर दबोचे

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर पुलिस ने विलयधाम पुल के पास से तीन तस्करों को दबोच लिया। तलाशी में तीनों के पास से दो किलोग्राम अफीम और 410 रुपये बरामद हुए। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया।

इज्जतनगर थाने में तैनात दरोगा संजय सिंह ने बताया कि मंगलवार शाम छह बजे विलयधाम हाईवे के किनारे वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। सूचना मिली कि हाईवे पर तीन लोग एक बाइक लेकर अफीम बेचने की फिराक में खड़े हैं। वह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी मुजम्मिल निवासी क्योना शादीपुर थाना भमोरा के पास से 700 ग्राम अफीम और 100 रुपये, सिरोही थाना भमोरा निवासी सल्लू खां से 650 ग्राम अफीम और 110 रुपये और बदायूं के थाना बिनावर निवासी मुजाहिद उर्फ मुजाहिरउद्दीन के पास से 650 ग्राम अफीम और 200 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने तस्करों अफीम तो दो किलोग्राम बरामद की है, लेकिन रुपये मात्र 410 वसूल किए हैं। तस्करों के कब्जे से इतनी कम रकम बरामद होना भी पुलिस पर सवाल खड़े कर रही है।

# कार-लोडर की भिड़ंत में दो की मौत

## बीसलपुर रोड पर राघवपुर मोड़ के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने हुई टक्कर

कार्यालय संवाददाता, बरेली/भुता

**अमृत विचार :** बरेली-बीसलपुर रोड पर राघवपुर मोड़ पर बुधवार सायं करीब 4 बजे कार और छोटा हाथी (लोडर वाहन) की आमने सामने जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर होने के बाद कार खाई में जा गिरी और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक की पहचान हो गई है, जबकि दूसरे की शिनाख्त कराई जा रही है। लोडर वाहन में सवार चार लोग घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने चारों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस ने बताया कि लोडर वाहन बीसलपुर की ओर से आ रहा था, जबकि कार बरेली से बीसलपुर की ओर जा रही थी। राघवपुर मोड़ के पास तेज गति से आ रहे दोनों वाहनों की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार खाई में जा गिरी। वहीं लोडर वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने दौड़कर दोनों वाहनों से घायलों को निकाला। इसी बीच सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां मोहित भारती (35) पुत्र स्व. कृष्णलाल भारती निवासी चंद्रमणि नगर बुद्धविहार डेलापीर थाना इज्जतनगर व दूसरे युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से कार को किसी तरह काटकर घायलों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल भेजा। भुता पुलिस ने बताया कि दूसरे मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**हादसे के बाद लगा लंबा जाम :** हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। करीब एक घंटे तक आवागमन काफी धीमी गति से चलता रहा।



घटना के बाद मौके पर लगी भीड़ • अमृत विचार

### घटना में ये लोग हुए घायल

घटना में कार चालक ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। लोडर में सवार चालक इरफान, हेल्पर मनोज कुमार (निवासी अमृता, थाना भुता) ग्राम रुपियापुर निवासी नरोत्तम गंगवार व नीरज गंगवार को भी गंभीर चोटें आईं हैं। सभी घायलों को बरेली जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां ओमप्रकाश की हालत नाजुक बनी हुई है।

### मोहित के मौत की खबर सुनकर मां और पत्नी हुईं बेसुध

चंद्रमणि नगर बुद्धविहार डेलापीर निवासी अनूप भारती ने बताया कि वह तीन भाई हैं। मोहित दूसरे नंबर का था। मोहित नए बन रहे पेट्रोल पंपों पर इलेक्ट्रिशियन का कार्य ठेकेदार की ओर से करता था। रिछोला गांव में नया पेट्रोल पंप खुल रहा है। वहीं पर ठेकेदार ने भेजा था। जाते समय हादसा हो गया। बताया कि मोहित का दो वर्ष पूर्व बबिता के साथ विवाह हुआ था। मोहित की मौत से मां शारदा, पत्नी बबिता, भाई मनोज और अनूप का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सवारी गाड़ी बनाकर चलाने पर 50 निजी वाहन सीज

**बरेली, अमृत विचार:** परिवहन विभाग ने निजी वाहनों को सवारी गाड़ी बनाकर चलाने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। तीन दिन में ऐसे 50 निजी वाहन सीज किए गए हैं। जबकि 104 से अधिक वाहनों के चालान किए गए हैं। आरटीओ के निर्देश पर 15 जून तक मंडल के चारों जिलों में अभियान जारी रहेगा।

- 15 तक मंडल के चारों जिलों में चलेगा अभियान

आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर 1 से 3 जून तक बरेली में 9, बदायूं में 9, पीलीभीत में 14 और शाहजहांपुर में कुल 22 वाहनों को सीज किए गए। इसके अलावा 104 वाहनों के चालान किए गए। आरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि ऐसे वाहनों के चालान किए गए, जो निजी गाड़ी को सवारी गाड़ी में इस्तेमाल कर रहे हैं। जिसमें ईको कार समेत ई रिक्शा और अन्य वाहन शामिन हैं।

15 जून तक इस तरह से रोज अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# अपहरण के बाद युवती से दो युवकों ने किया गैंगरेप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीबीगंज थाना क्षेत्र के दो गांवों में आरोपियों ने युवती को रखा
- पिता की दुकान से सामान लेकर लौटते समय किया था अगवा

**अमृत विचार :** हाफिजगंज थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती का कुछ लोगों ने नशा सुंघाकर अपहरण कर लिया। इसके बाद उसे सीबीगंज थाना क्षेत्र के दो गांवों में ले गए और वहां सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों के चंगुल से छूटने के बाद युवती घर पहुंची तो परिजनों ने थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस को दी तहरीर में युवती ने बताया कि 31 मई की रात में वह अपने पिता की दुकान से सामान लेकर घर वापस लौट रही थी। रास्ते में उसका पड़ोसी गुड्डू व उसके साथ कुछ अज्ञात लोग मिल गए और मुंह पर कपड़ा रखकर बेहोश कर दिया। पीड़िता ने बताया कि जब उसे होश आया तो वह सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में थी। जिस मकान में उसे रखा गया, वह आरोपी के रिश्तेदार का है। आरोप है कि वहां उसके साथ दो लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया।

**आरोपियों ने पीड़िता को दी धमकी :** युवती ने बताया कि रिश्तेदार के घर पर दुष्कर्म करने के बाद आरोपी उसे दूसरे गांव ले गए। वहां भी दुष्कर्म किया। वहां आरोपियों ने धमकी दी कि यदि कहीं भी शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। परिजन युवती को लेकर थाना पहुंचे और गुड्डू व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### दुष्कर्म के बाद चलती रही पंचायत

मुकदमे से बचने के लिए आरोपी व उसके परिजनों के बीच गांव के कुछ लोग पंचायत करा रहे थे, लेकिन युवती के परिजनों ने पंचायत की राय के अनुसार आरोपी से शादी करने से इनकार कर दिया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर हाफिजगंज पवन कुमार सिंह ने बताया कि वह आरोपियों को तलाश कर रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेजेगी।

## लालकुआं-राजकोट विशेष गाड़ी में जुड़ेंगे दो अतिरिक्त कोच, यात्रियों को मिलेगी राहत

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन के अनुसार लालकुआं-राजकोट विशेष गाड़ी में दो अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे, जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी। जनसंपर्क विभाग के मुताबिक 05045/05046 लालकुआं-राजकोट-लालकुआं विशेष गाड़ी में दो अतिरिक्त साधारण द्वितीय श्रेणी के कोच स्थायी रूप से जोड़े जाएंगे। यह व्यवस्था लालकुआं से 8 जून और राजकोट से 9 जून से लागू होगी।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना सं. 02 वर्ष 2025-26**

अधोलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द खुली निविदाएँ भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मण्डल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती हैः- **कार्यों का विवरण : 1.** कन्नौज स्टेशन पर विविध सिंगनलिंग कार्य तथा गुड्स शेड/मानीमऊ को कनेक्ट करने हेतु निर्माणाधीन साइडिंग लाइन के लिए कन्नौज-अरोल खण्ड के सिगनल एवं दूरसंचार यूटिलिटी को शिफ्ट करना, **अनुमानित लागत :** ₹ 3,16,71,446.65, **बयाना राशि :** ₹ 3,08,400/-, **कार्य समापन अवधि :** 9 माह। **कार्यों का विवरण : 2.** महत्वपूर्ण सिगनलिंग एवं दूरसंचार सर्किटों की विश्वसनीयता उन्नयन हेतु 16 किमी से अधिक सेक्शनल लम्बाई के शेष ब्लॉक सेक्शनों में अतिरिक्त ओ.एफ.सी. केबिल का प्रावधान (लालकुआँ-गूलरभोज, गूलरभोज-बाजपुर, लालकुआँ-हल्द्वानी एवं भोपतपुरा-बीसलपुर) और इज्जतनगर मंडल के रुद्रपुर सिटी-लालकुआँ खण्ड में सेफ्टी फेंसिंग के प्रावधान हेतु विविध दूरसंचार कार्य, **अनुमानित लागत :** ₹ 2,26,25,490.86, **बयाना राशि :** ₹ 2,63,100/-, **कार्य समापन अवधि :** 6 माह। **कार्यों का विवरण : 3.** इज्जतनगर मंडल में स्थापित Efftronics मेक डाटा लॉगर, आर.टी.यू. एवं सी.ओ.ए. सिस्टम की तीन वर्ष के लिए Comprehensive ए.एम.सी., **अनुमानित लागत :** ₹ 2,70,71,584.68, **बयाना राशि :** ₹ 2,85,400/-, **कार्य समापन अवधि :** 36 माह। **ई-निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 26.06.2025 को 11:00 बजे। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

**वरि. मण्डल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर,**
**मुजाधि/सिगनल-18 पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 25/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैः-

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरणः **(1)** इज्जतनगर डिवीजन में राया-सोनाई अनुभाग के मध्य ट्रेक के साथ सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिये डब्ल्यू-बीम टाइप की मेटल की फेन्सिग लगाने का कार्य। **(2)** इज्जतनगर डिवीजन में हाथरस सिटी-मुरसान अनुभाग के मध्य ट्रेक के साथ सी.आर.ओ. की रोकथाम के लिये डब्ल्यू-बीम टाइप की मेटल की फेन्सिग लगाने का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों मेंः ₹ 11,17,69,390.38, बयाना राशि रूपयों मेंः ₹ 7,08,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

**(1)** ई-निविदा दिनांक 30-06-2025 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

**(2)** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.),
मुजाधि / डब्लू-96 इज्जतनगर

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**


## रुविवि से गुहार, हमारी भी दुबारा कराएं प्रयोगात्मक परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रुविवि बुधवार को भी पहुंचे अमरोहा के बीएएमएस विद्यार्थियों ने परीक्षा नियंत्रक से की अपील

**अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय (रुविवि) से संबद्ध डब्ल्यूटीएम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, अमरोहा के बीएएमएस विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से अपनी प्रयोगात्मक परीक्षा फिर से कराने की मांग की है। विवि परिसर में बुधवार को पहुंचकर इन विद्यार्थियों ने प्रयोगात्मक परीक्षा कराने के लिए परीक्षा नियंत्रक से निवेदन किया। इन विद्यार्थियों का आरोप है कि कॉलेज में हुई आंतरिक परीक्षा में 90 प्रतिशत छात्र-छात्राओं को फेल कर दिया गया, जिससे उनका भविष्य संकट में पड़ गया है। विद्यार्थियों ने कहा कि उन्होंने पूरे सत्र में नियमित रूप से कक्षाएं अटेंड की हैं और प्रयोगात्मक कार्य भी ईमानदारी से किए, लेकिन परीक्षा के परिणाम ने उन्हें मानसिक रूप से आहत किया है। छात्रों का आरोप है कि आंतरिक मूल्यांकन निष्पक्ष नहीं था और जानबूझकर अधिकतर विद्यार्थियों को अनुपयुक्त कारणों से फेल कर दिया गया।

कॉलेज के बीएएमएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का कहना है कि अन्य संबद्ध कॉलेजों में प्रयोगात्मक परीक्षा दोबारा कराई गई है या छात्रों को सुधार का अवसर दिया गया है, लेकिन उनके साथ ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने विश्वविद्यालय से मांग की है कि उनकी भी प्रैक्टिकल परीक्षा दोबारा कराई जाए ताकि वे अपने ज्ञान और तैयारी को साबित कर सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को बाध्य होंगे। रुविवि प्रशासन ने छात्रों की मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि मामले की जांच की जाएगी और यदि अनियमितता पाई गई तो निष्पक्ष निर्णय लिया जाएगा।


## पुलिस हॉकी : बरेली को हराकार शाहजहांपुर की महिलाएं चैंपियन

**बरेली, अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन मैदान में 73वीं अंतर जनपदीय बरेली जोन पुलिस हॉकी प्रतियोगिता वर्ष-2025 (महिला और पुरुष वर्ग) का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन महिला वर्ग का फाइनल मैच बरेली और शाहजहांपुर के बीच खेला गया। कांटे की टक्कर में शाहजहांपुर ने बरेली की टीम को 2-1 से हराकर फाइनल मैच अपने नाम कर लिया। पुरुष वर्ग का प्रथम क्वार्टर फाइनल मैच में मुरादाबाद ने शाहजहांपुर को 3-0 से शिकस्त दी। प्रतियोगिता के प्रथम सेमी फाइनल मैच में बरेली ने रामपुर को हरा दिया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में मुरादाबाद ने बदायूं को शिकस्त दी। पुरुष वर्ग का फाइनल मैच गुरुवार को बरेली और मुरादाबाद के बीच खेला जाएगा।

- पुरुष वर्ग में मुरादाबाद और बरेली के बीच आज खेला जाएगा फाइनल मुकाबल

प्रतियोगिता के दौरान आरआई हरमीत सिंह, पीटीआई प्रदीप कसाना समेत अन्य पुलिस कर्मियों का सहयोग रहा।

# समस्याओं के लेकर सांसद को सौंपा ज्ञापन



सांसद उत्कर्ष वर्मा को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। • अमृत विचार

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** निघासन पहुंचे सपा सांसद उत्कर्ष वर्मा से बुधवार को अधिकवक्ताओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की और उन्हें समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें अधिवक्ताओं के बैठने के लिए टिनशेड डलवाने, पंखे लगवाने और सोलर प्लांट लगवाने की मांग की गई।

तहसील अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अंबरीश श्रीवास्तव और मंत्री टीएल यादव के नेतृत्व में सांसद को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील परिसर में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कुछ हिस्से पर 2021 में टिनशेड डलवाया था। कुछ हिस्से पर सपा एमएलसी शशांक यादव ने टिनशेड डलवाया था। पश्चिम का कुछ हिस्सा बाकी है। उस पर भी टिनशेड डलवा देने से काफी सुविधा होगी। इसके अलावा गर्मियों में वादकारियों की सुविधा के लिए टिनशेड में पंखे लगाने से उनको आराम होगा। साथ ही सोलर प्लांट लगाने से इन पंखों को चलाया जा सकेगा। ज्ञापन देने वालों में वीरेंद्र भदौरिया, सर्वेश मिश्र, मोहम्मद अमीन, रवि गुप्ता, राकेश वैश्य, हरिओम गुप्ता, संजीव निषाद, रमेश भारती आदि अधिवक्ता शामिल थे।

## बच्ची से छेड़छाड़ गाल काटने के आरोपी को उम्रकैद

**बरेली, अमृत विचार :** ढाई वर्षीय मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने और उसका गाल काटने के आरोपी थाना शेरगढ़ के ग्राम खजुआ जागीर निवासी छेदालाल को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट देवाशीष ने आजीवन कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील राजीव तिवारी व आलोक प्रधान ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना भोजीपुरा में तहरीर देकर बताया था कि 15 दिसम्बर 2021 को वह काम से धौराटांडा बाजार गया था। उसकी बेटी उम्र करीब 2.5 वर्ष घर के बाहर सरकारी नल के पास खेल रही थी। तभी छेदालाल गंगवार (45) आया और उसकी बेटी को पकड़कर सरकारी नल के पास बैठकर बेटी का गाल मुंह से काटकर घायल कर दिया। बेटी की रोने की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोगों ने शोर मचाया, पुलिस ने छेड़छाड़, गंभीर चोट पहुंचाने, पॉक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

# चौकी इंचार्ज पर भारी पड़े चोर 24 घंटे में तीन बाइकें उड़ाई

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- अस्पताल से लगातार हो रहीं बाइक चोरियों से मरीज व उनके तीमरादार परेशान

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल से बाइक चोरी होने का क्रम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बाइक चोर गैंग के सदस्य पिछले 24 घंटे में अस्पताल परिसर ने तीन बाइक चोरी कर ले गए। इससे मरीज और अस्पताल आने वाले उनके तीमारदारों में भय का माहौल बना हुआ है।

थाना फूलबेहड़ के गांव दुधवा मिलनिया निवासी मेहताब पुत्र अमीन खां मंगलवार की दोपहर करीब तीन बजे बाइक से अस्पताल आया था। इसने अस्पताल गेट के सामने बनी चौकी से कुछ दूरी पर अपनी बाइक खड़ी कर दी और अंदर दवा लेने चला गया। थोड़ी देर बाद जब वापस आया तो देखा उसकी बाइक गायब थे। दूसरी बाइक श्यामलाल निवासी गगरिया थाना लहरपुर जनपद सीतापुर की चोरी हुई। वह रात नौ बजे अपने मरीज को लेकर आए थे। बाइक खड़ी कर इमरजेंसी में चले अंदर चले गए। रात करीब 12 बजे जब वह बाइक लेने के लिए वापस आए तो उनकी बाइक नहीं मिली। तीसरा मामला बुधबार की सुबह का है, जब अस्पताल में अपनी पुत्री का इलाज करा रहे सलमान पुत्र मुस्तफा निवासी अमृतागंज खीरी की सुबह नौ बजे अस्पातल परिसर में खडी की गई बाइक चोरी हो गई। सभी पीड़ितों ने जिला अस्पताल चौकी प्रभारी अजय कुमार को प्रार्थना पत्र दे कर कार्रवाई की मांग की है। अस्पताल गेट के अंदर से एक महीने में 12 से अधिक बाइकें चोरी हो चुकी हैं। पुलिस किसी भी बाइक का पता आज तक नहीं लगा सकी है। चिकित्सालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन कर्मचारी फुटेज को दिखाने में भी टाल-मटोल करते हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना खीरी विवेक कुमार उपाध्याय ने बताया कि बाइक चोरी की तीनों तहरीरें मिली हैं।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, लखीमपुर-खीरी**

पत्रांकः 1119/जननिर्माण/एम.बी.एल./2025-26 दिनांकः 03.06.2025

**पुनः ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगरीय सेवायें और अवस्थापना विकास परियोजनाएं (मा. मुख्यमंत्री वैश्विक रनगरोदय योजना CM-VNY) के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण/ विकास कार्यो हेतु दिनांक 04.06.2025 सायं 05:00 बजे से दिनांक 18.06.2025 अपरान्ह 05:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते है।

5. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि- 04.06.2025 सायं 05:00 बजे से।
6. ई-निविदा के माध्यम निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि- 18.06.2025 अपरान्ह 05:00 बजे तक।
7. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि- 18.06.2025 सायं 06:00 बजे।
8. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है। कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं www.npplakhimpur.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**संजय कुमार** — **अधिशासी अधिकारी** — **नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**
**डॉ. इरा श्रीवास्तव** — **अध्यक्ष** — **नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बरेली।**
**कार्यालय का पता :-विकास भवन, बरेली।**
(ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना द्वितीय आमंत्रण)

**पत्रांक :- 588/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2025-26/दिनांक 27.05.2025**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :-

1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :-

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) (जीएसटी सहित) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (रूपये मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | बरेली | ग्राम बराथानपुर में एक बारात घर का निर्माण कार्य। (विधायक निधि-रामनगर) | 22.039 | 44100.00 | 2354.00 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 09-06-2025
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 25-06-2025 मध्याहन 12.00 वजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 25-06-2025, अपरान्ह 12.30 वजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई वी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा ,जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियिमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।

**(विनय कुमार शर्मा)**
**अधिशासी अभियन्ता**
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-बरेली।
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

**UP-234480 दिनांक 02.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**


# गंगा दशहरा, निर्जला एकादशी पर रेलवे चलाएगा तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रेलवे अधिकारियों के अनुसार 5 और 6 जून को दो-दो फेरे लगाएंगी ट्रेनें

**अमृत विचार:** गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी पर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें 5 और 6 जून को अप और डाउन में दो-दो फेरे लगाएंगी। यात्रियों को हरिद्वार, बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ और दिल्ली के बीच सुगम यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

लखनऊ से हरिद्वार के लिए 04309 विशेष ट्रेन पांच और छह जून को रात 11:30 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन बरेली दोपहर 2:02 बजे पहुंचेगी और फिर कांठ, स्योहारा, धामपुर, नगीना, नजीबाबाद होते हुए रात 8:20 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। वापसी में 04310 ट्रेन हरिद्वार से इन्हीं तारीखों को रात 10:45 बजे चलेगी और बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई होते हुए सुबह 9:25 बजे लखनऊ पहुंचेगी। इसके अतिरिक्त दिल्ली और हरिद्वार के बीच भी दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। 04305 ट्रेन दिल्ली से पांच और छह जून को रात 11 बजे रवाना होगी और हरिद्वार तड़के 4:50 बजे पहुंचेगी।

वापसी में 04306 ट्रेन हरिद्वार से दोपहर 3:40 बजे चलेगी और दिल्ली रात 8:45 बजे पहुंचेगी। दूसरी जोड़ी स्पेशल 04307 ट्रेन दिल्ली से शाम 3:50 बजे रवाना होकर रात 10 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। वापसी में 04308 ट्रेन हरिद्वार से शाम 7:45 बजे रवाना होकर दिल्ली रात 2 बजे पहुंचेगी।

## सरकारी नलकूप पर दबंगों का अवैध कब्जा हटवाने की मांग

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** गांव अशरफनगर ग्रंट के अमृत सिंह आदि ने अधिकारियों को भेजी शिकायत में कहा है कि गांव के गुरजीत सिंह और गुरजेन्दर सिंह ने सरकारी नलकूप की जमीन पर पक्का निर्माण कर बाउंड्रीवॉल बना ली है। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी दबंगई करते हैं। अमृत सिंह का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ कोतवाली मोहम्मदी में पहले से दो मुकदमे दर्ज हैं। अवैध कब्जा हटाने को कहने पर वह दबंगई दिखाते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हैं। पहले भी कब्जे की शिकायत पर कोतवाली में आरोपियों ने लिखित में माना था कि उन्होंने अनजाने में सरकारी भूमि पर कब्जा कर लिया है, जिसे पांच दिन में हटाने का वादा किया था, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से सरकारी नलकूप की भूमि को दबंगों से कब्जा मुक्त कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# गुस्साए परिजन ने शव रख किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। • अमृत विचार

- परिवार को मुआवजा समेत अन्य मांगों को रखा, आए दिन हमलों पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार:** बाघ हमले में महिला की मौत के मामले में दूसरे दिन हंगामा हो गया। गुस्साए परिवार ने ग्रामीणों संग शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिवार को मुआवजा और जंगल से वन्यजीवों की आबादी क्षेत्र में आवाजाही रोकने के लिए ठोस इंतजाम करने की मांग की गई। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासनिक और संपूर्णानगर रेंज के वन अफसर मौके पर पहुंच गए। काफी जद्दोजहद के बाद आश्वासन देकर मामला शांत कराया जा सका।

घटना मंगलवार देर शाम हुई थी। हजारा थाना क्षेत्र के गांव शांतिनगर के रहने वाले राम किशोर खेत में ही घर बनाकर परिवार समेत रहते हैं। बीती शाम उनकी पत्नी 40 वर्षीय रेशमा देवी घर के बाहर नल पर पानी भरने गई थी। नजदीक में ही सम्पूर्णानगर रेंज का जंगल है। जंगल से निकले बाघ ने महिला पर हमला कर दिया था। बाघ तीन सौ मीटर तक महिला को घसीटते ले गया था। हजारा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। बुधवार शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर पहुंचे परिवार ने ग्रामीणों संग संपूर्णानगर-मुरैनिया मार्ग पर जाम लगा दिया। मृतक के परिवार को दस लाख रुपये मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी की मांग की गई। इसके अलावा आए दिन होने वाले वन्यजीवों के हमलों पर नाराजगी जताई। इसका ठोस इंतजाम करने की मांग की गई।

विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलने पर खलबली मच गई। कुछ ही देर में हजारा एसओ सिद्धार्थ उपाध्याय पुलिस बल के साथ पहुंच गए।

## एक नजर

### संयुक्त आयकर आयुक्त योगेंद्र मिश्रा निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** इनकम टैक्स ऑफिस में ही एक आईआरएस अफसर पर दूसरे आईआरएस अफसर के हमला कर देने के मामले में सख्त कार्रवाई की गई है। हमला करने वाले ज्वाइंट कमिश्नर योगेंद्र मिश्रा को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। उन्हें बंगाल और सिक्किम रीजन से अटैच कर दिया गया है। 29 मई को हुई इस घटना में आईआरएस अफसर उपायुक्त गौरव गर्ग ने योगेंद्र मिश्रा पर हमला करने, कांच का गिलास फेंककर मारने और प्राइवेट पार्ट पर पैर से मारने का आरोप लगाया था।

### वीआईपी सुविधाएं देने पर डिप्टी जेलर निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** ललितपुर जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर को नियमों के खिलाफ जाकर वीआईपी सुविधाएं देने के आरोप में डिप्टी जेलर जय नारायण भारती को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी शुरू की गई है। इसके अलावा जेल अधीक्षक मुकेश कुमार के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने की शासन से संस्तुति की गई है। वहीं जेलर जीवन सिंह के खिलाफ भी विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

### दो पीसीएस अधिकारियों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने बुधवार को दो पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिये। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी उन्नाव प्रमेश श्रीवास्तव को जिले में ही उप जिलाधिकारी पुरवा बनाया गया है। सहायक अभिलेख अधिकारी उन्नाव प्रशांत नायक को वर्तमान कार्यभार के साथ विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी उन्नाव का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

### सर्वाधिक डॉल्फिन उप्र. में, बाघों की संख्या हुई 205

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश में सबसे अधिक डॉल्फिन की संख्या उत्तर प्रदेश में है। बाघों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। वन विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार राज्य में 2018 में इनकी संख्या 173 थी जो 2022 में बढ़कर 205 हो गई। इस बीच राज्य सरकार कछुओं के अवैध शिकार एवं इनके व्यावसायिक उपयोग पर अंकुश लगाने के साथ संरक्षण योजना चला रही है।

### वनावरण व वृक्षावरण में उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश का वनावरण व वृक्षावरण 23437 .53 वर्ग किमी ( 9 .73 प्रतिशत) से बढ़ कर 23996 .72 वर्ग किमी ( 9 .96 प्रतिशत) 559 .19 वर्ग किमी. बढ़ गया है। वनावरण का अर्थ है वन के द्वारा आच्छादित क्षेत्र, जबकि वृक्षावरण का अर्थ है किसी भी प्रकार के वृक्षों द्वारा आच्छादित क्षेत्र, चाहे वह वन का हिस्सा हो या न हो। भारतीय वन सर्वेक्षण देहरादून द्वारा वर्ष 2023 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वनावरण व वृक्षावरण वृद्धि की नजर से उत्तर प्रदेश, पूरे देश में दूसरे स्थान पर रहा है।

# पुख्ता होगी सहकारी बैंकों की सुरक्षा, बनेगा साइबर सिक्योरिटी कवच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप्र. कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड व 50 जिला सहकारी बैंकों में टेक्नोलॉजी एडॉप्शन की बड़ी तैयारी

**अमृत विचार:** राज्य सरकार राज्य में सहकारी बैंकों को आधुनिक और सुरक्षित बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है।

अब प्रदेश के 50 जिला सहकारी बैंकों और उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड को साइबर सुरक्षा कवच से लैस किया जाएगा। इसके लिए बैंकों को कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस) आधारित क्लाउड प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड किया जाएगा। जिससे ग्राहकों की बैंकिंग से जुड़ी हर गतिविधि सुरक्षित और पारदर्शी होगी।

इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए तकनीकी क्षेत्र की अग्रणी टीसीएस और विप्रो जैसी कंपनियां सहयोग करेंगी। ये कंपनियां सहकारी बैंकों के डाटा सुरक्षा, सर्वर मैनेजमेंट और साइबर हमलों से बचाव जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के साथ पूरे सिस्टम को सशक्त बनाएंगी। इस पूरी परियोजना के संचालन में नाबार्ड का सहयोग लिया जाएगा। इसमें तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और निगरानी के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी मिलेगी। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी सहकारी बैंक सुरक्षित, सशक्त और ग्राहकों के लिए और ज्यादा भरोसेमंद बनें।

### 10 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान

राज्य सरकार ने योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10 करोड़ रुपये का विशेष बजटीय प्रावधान किया है। यह राशि तकनीकी संसाधनों की स्थापना, सर्वर सुरक्षा, प्रशिक्षण, साइबर जागरूकता और क्लाउड प्लेटफॉर्म पर व्यय की जाएगी। इस पहल के तहत जिला सहकारी बैंकों की न केवल साइबर सुरक्षा को मजबूती दी जाएगी, बल्कि उनकी वित्तीय स्थिति को भी सशक्त बनाया जाएगा।

### उप्र. में एयरोस्पेस और डिफेन्स निवेश को एसओपी जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने डिफेन्स एवं एयरोस्पेस सेक्टर में भारी निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2024' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को अधिसूचित किया है। इसके अंतर्गत अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, झांसी और चित्रकूट राज्य के 6 डिफेन्स नोड विकास के केंद्र बनेंगे। सरकार का मानना है इन क्षेत्रों में एयरोस्पेस और रक्षा उद्योगों की स्थापना के लिए प्रचुर संभावनाएं हैं। सरकार का लक्ष्य है कि इन नोड्स के माध्यम से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, स्थानीय उत्पादन और रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि हो। इस नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उप्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को नोडल एजेंसी नामित किया है। इसी क्रम में शासनादेश के तहत एसओपी को लागू किया गया है, जिससे निवेश प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, अनुमोदन की तीव्रता और उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### भाजपाई नेताओं के कुकृत्य की वीडियों क्लिपें शर्मनाक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि अपराध पर जीरो टॉलरेंस नीति का डंका पीटने वाली भाजपा अपराधियों को संरक्षण देने और अपने विरोध की हर आवाज को दबाने के लिए उनका उत्पीड़न करने का काम पूरी ईमानदारी से कर रही है। भाजपा सरकार में असहिष्णुता और नफरत को खुली छूट मिली हुई है और भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है।

# भारी खर्च फिर क्यों नहीं सुधरी बिजली कंपनियों की दक्षता

## विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से मांगा जवाब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से पूछा है कि भारी-भरकम रकम खर्च होने के बाद भी बिजली कंपनियों की दक्षता में सुधार क्यों नहीं हुआ। आयोग ने पावर कॉरपोरेशन को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

आयोग ने पावर कॉरपोरेशन की ओर से दाखिल वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नई बिजली दरों के प्रस्ताव पर यह सवाल उठाए हैं। आयोग ने राजस्व वसूली का भी पूरा विवरण मांगा है। यह भी कहा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाने के बाद 'कलेक्शन एफिशिएंसी' कितनी हो जाएगी।

नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों के लिए 'लॉस रिडक्शन' में लगभग 16,112 करोड़ अनुमोदित किया था। इसमें वर्ष 2024-25 के अंत तक बिजली कंपनियों ने लगभग 12,693 करोड़ खर्च किया। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए आयोग ने 27,342 करोड़ अनुमोदित किया, इसके बाद भी बिजली कंपनियों की लाइन हानियां बढ़ गईं। आयोग ने इस पर सवाल उठाया है।

मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन ने बिजली दर के प्रस्ताव में पहले 10 हजार करोड़ का घाटा दिखाया था, पर एक सप्ताह बाद बिजली दरों में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव देते हुए घाटा 19,600 करोड़ दिखा दिया। आयोग ने बिजली दर संबंधी प्रस्ताव 'वार्षिक राजस्व आवश्यकता' को तीन दिन में समाचार पत्रों में प्रकाशित करने का निर्देश दिया है।

### मनगढंत आंकड़ों पर सुनवाई कराना गलत

विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली दरों पर आम जनता की सुनवाई को लेकर बुधवार को नियामक आयोग में याचिका दाखिल की। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों के मनगढंत आंकड़ों पर आम जनता की सुनवाई कराना गलत है।

| वितरण कंपनी | अनुमोदित हानियां (भारत सरकार) | प्रस्तावित हानियां पावर कॉरपोरेशन |
|---|---|---|
| दक्षिणांचल | 18 .97 | 28 .48 |
| मध्यांचल | 17 .97 | 21 .93 |
| पश्चिमांचल | 12 .69 | 13 .35 |
| पूर्वांचल | 18 .49 | 36 .08 |
| केस्को | 8 .07 | 10 .37 |
| कुल | 16 .43 | 23 .44 |

(नोट-लाइन हानियां प्रतिशत में)



मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अधिकारी को देते किसान संगठन के प्रतिनिधि।

### निजीकरण के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में किसानों ने प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया और जिलाधिकारियों के जरिये मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इस बीच, बिजली कर्मियों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगाया कि इस भीषण गर्मी में प्रबंधन अनावश्यक तौर पर बड़े पैमाने पर अभियंताओं का उत्पीड़न कर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति फैला रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के नाम पर 87 अभियंताओं पर उत्पीड़नात्मक कार्रवाई की जा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारी व अभियंता इस भीषण गर्मी में उपभोक्ता सेवाओं के प्रति संवेदनशील हैं। इसीलिए संघर्ष समिति की नोटिस में कहा गया है कि आंदोलन के कारण उपभोक्ता सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। ऐसे वातावरण में जब उपभोक्ता सेवाओं की प्राथमिकता सबसे ऊपर है तब पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अभियंताओं को डांटने-फटकारने में लगे हैं। उपभोक्ता सेवाओं की दृष्टि से ही संघर्ष समिति ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था, जो कार्पोरेशन प्रबंधन को सूचित कर दिया गया था। इसके बाद भी प्रबंधन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के नाम पर 87 अभियंताओं को चार्ज शीट दी है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक ने कई अभियंताओं को दंडित करने की दृष्टि से उनका स्थानांतरण कर दिया है।

### इलेक्ट्रिक बसों में तब्दील होंगी डीजल बसें, ट्रॉयल की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम पुरानी डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में बदलने जा रहा है। इस कवायद के तहत कानपुर की राम मनोहर लोहिया वर्कशाप में दो डीजल बसों को इलेक्ट्रिक में बदला जा चुका है। इन बसों को झांसी-ललितपुर रूट पर ट्रायल के लिए चलाया जाएगा। दरअसल, पुरानी डीजल बसों को परिवहन निगम की गाइडलाइन के अनुसार 10 वर्ष या 11 लाख किमी की दूरी तय करने पर बस बेडे.से हटाया जाना अनिवार्य है। बड़ी संख्या में परिवहन निगम की बसों का प्रतिवर्ष नीलामी होती है। डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों में परिवर्तित करने से विभाग को बसों की खरीदारी पर अतिरिक्त व्यय नहीं करना होगा।

# जोशी और सावंत को ओबीसी सूची में शामिल करने की कवायद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पिछड़ा वर्ग आयोग 23 को करेगा प्रारंभिक सुनवाई
- आयोग ने आवेदन के पक्ष व विपक्ष में सुझाव मांगे

**अमृत विचार:** जोशी (भड्डरी) और सावंत को अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची में शामिल करने की कवायद शुरू कर दी गई है। दोनों जातियों के आवेदन पर पिछड़ा वर्ग आयोग 23 जून को प्रारंभिक सुनवाई करेगा। आयोग ने पक्ष व विपक्ष से सुझाव मांगे हैं।

आयोग के सचिव मनोज कुमार ने बताया कि दोनों जातियों के प्रतिनिधियों ने आयोग में आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसमें इन जातियों को प्रदेश की अन्य पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने का अनुरोध किया गया है। जोशी भड्डरी महासभा के अध्यक्ष सुमित कुमार जोशी की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि महाकवि घाघ भड्डरी से संबंधित जोशी भड्डरी डाकोत समाज लाखों की संख्या में प्रदेश में निवास करता है।

इन्हें देश भर में बोलचाल की भाषा में जोशी, जोशी भड्डरी, भडरी, भतरी, भटरी, भठरी, डाकोत, देशांतरि, पडिया, ज्योतिषी आदि नामों से पुकारा जाता है। यह समुदाय ज्योतिष का पैतृक कार्य करता है। शनिवार को शनिदेव का दान लेती है। मूल शांति कराती है।

वर्तमान तकनीकी युग में यह समुदाय काफी पिछड़ गया है। इनके पास खेती के लिए भूमि भी नहीं है। इसी तरह, सावंत समुदाय के प्रतिनिधियों ने खुद को पिछड़ा बताते हुए तर्क पेश किये हैं।

### इन जिलों में हैं जोशी भड्डरी

जोशी भड्डरी लखनऊ के अलावा बाराबंकी, रायबरेली, सीतापुर, कानपुर, फतेहपुर, इटावा, औरैया, फर्रुखाबाद, जालौन, मैनपुरी, आगरा, एटा, बिजनौर, मेरठ, सहारनपुर, बदायूं, रामपुर, बरेली, मुरादाबाद, पीलीभीत और प्रयागराज आदि में निवास कर रही है।

# सरकार ने शुरू किया हर बच्चा खास है पोस्टर अभियान

## 1,32,716 विद्यालयों तक पहुंच रहे छह प्रकार के 2.65 लाख पोस्टर सेट्स

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पोस्टर अभियान

**अमृत विचार :** ऐसे बच्चे जो बोल नहीं सकते है, सुन नहीं सकते हैं या वो बच्चे जो सामान्य बच्चों की तरह पढ़ने में कठिनाई महसूस करते हैं, उन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सामान्य बच्चों की तरह सम्मान व दक्ष बनाने के लिए राज्य सरकार ने जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है। यह अभियान सिर्फ नीति की बात नहीं करता, बल्कि बेसिक शिक्षा विभाग की देखरेख में तैयार किए गए पोस्टर के माध्यम से दिलों को छूने का प्रयास करता है।

अभियान की शुरुआत से अब तक 75 जिलों के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों, पंचायत भवनों, सीएचसी-पीएचसी, बाल विकास केंद्रों और आशा केंद्रों पर पोस्टर लगाए जा रहे हैं। प्रदेश में 15,92,592 पोस्टरों के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। पोस्टरों में इन बच्चों के अधिकारों, आवश्यकताओं और समाज की भूमिका को केंद्र में रखा गया है। पोस्टर वितरण के साथ-साथ स्कूल शिक्षकों को प्रशिक्षण, अभिभावकों से संवाद और समुदाय स्तर पर जागरूकता गतिविधियों को भी प्राथमिकता दी गई है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि हम केवल स्कूलों में बेंच बढ़ाने की बात नहीं कर रहे, हम दायरे बढ़ाने की बात कर रहे हैं। समावेशी शिक्षा बच्चों के साथ-साथ पूरे समाज को बेहतर बनाती है। राज्य सरकार पोस्टर को केवल सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और संवाद की चिंगारी मान रही है। यह एक ऐसा प्रयास है जो किसी बजट, टेंडर या स्कीम से आगे जाकर समाज की सोच में बदलाव लाने की क्षमता रखता है, क्योंकि असली समावेश वही है, जो सिर्फ नीति में नहीं, नजरिए में दिखे।

### सरकारी व सहायता प्राप्त विद्यालयों में पोस्टर वितरण

राज्य के एक लाख 32 हजार 716 सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में ये पोस्टर वितरित किए जा रहे हैं। प्रत्येक विद्यालय को एक सेट (छह पोस्टर) उपलब्ध कराया गया है, जिनमें सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने वाले संदेश शामिल हैं।

### पोस्टर से समझा रहे 'सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श'

इन पोस्टरों की सबसे खास बात है इनका भावनात्मक, सरल और व्यावहारिक होना। ये न केवल जानकारी देते हैं, बल्कि आत्ममंथन को प्रेरित करते हैं। इन पोस्टरों से प्रेरणा मिलती है कि समावेशी शिक्षा केवल बच्चों के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के भविष्य के लिए आवश्यक है। यह भी समझ में आता है कि हर बच्चा खास है, लेकिन कुछ बच्चों को थोड़ा और खास समझे जाने की जरूरत है। इस अभियान में ''सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श'' जैसे अति आवश्यक विषय पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

### 25 जून तक चलेगा कृषि विभाग का बीज शोधन अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** फसलों को कीट, रोग, खरपतवारों और चूहों आदि के नुकसान से बचाने के लिए इन दिनों सरकार द्वारा बीज शोधन अभियान चलाया जा रहा है। सभी जिलों में 25 जून तक बीज शोधन अभियान चलेगा। दरअसल, उप्र. के 01 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी का लक्ष्य प्राप्त करने में कृषि क्षेत्र की अहम भूमिका है। प्रदेश की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर आधारित है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के मुताबिक, उत्पादन में बीज जनित रोगों से बचाव के लिए बीज शोधन तकनीक का अत्यधिक महत्व है। इसे बीज का टीका भी कहते है। जिससे फसलो में भविष्य में जीवाणु और कवकों आदि से होने वाले रोगों का बचाव किया जाता है। इसके निवारण के लिए इस अभियान के तहत बीज शोधन के महत्व की जानकारी देकर कृषकों को शत-प्रतिशत बीज शोधन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

सुनवाई

## राज्य सरकार की ओर से गठित कमेटी को मामले निस्तारित करने के लिए तीन माह का समय

# पेंशन में कटौती संबंधी हजारों याचिकाएं निस्तारित

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पेंशन में कटौती संबंधी राज्य सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों की हजारों याचिकाओं को निस्तारित कर दिया है। न्यायालय ने उक्त मामले के संबंध में राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटी को याचियों का प्रत्यावेदन लेने व तीन माह के भीतर इसे निस्तारित करने का आदेश दिया है। यह भी स्पष्ट किया है कि कमेटी द्वारा मामले के निस्तारण तक याचियों के पेंशन से वसूली नहीं की जाएगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने पारित किया। याचियों की दलील थी कि उन्होंने सेवानिवृत्ति के समय पेंशन के आधार पर जो एकमुश्त धनराशि ली थी उसकी वसूली के तौर पर याचियों के मासिक पेंशन से एक निश्चित रकम की कटौती होती है, मासिक कटौती की धनराशि कर्मचारी द्वारा सेवानिवृत्ति के समय ली गई धनराशि के एक प्रतिशत से कुछ अधिक है। कहा गया कि इस प्रकार जो मासिक कटौती की जा रही है, उससे कर्मचारी से लिए गए उक्त एडवांस पेंशन का भुगतान ब्याज समेत 10 वर्ष 11 माह में हो जाता है। जिसे मोटे तौर पर 11 वर्ष किया जा सकता है या अधिकतम 12 वर्ष तक वसूला जा सकता है।

दलील दी गई कि राज्य सरकार द्वारा 8 दिसम्बर 2008 को जारी शासनादेश के जरिए मासिक कटौती की मियाद 15 वर्ष कर दी गई जो विधिपूर्ण नहीं थी। वित्त विभाग की ओर से न्यायालय को बताया गया कि याचियों की समस्या के निवारण के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। इस पर न्यायालय ने याचियों को एक माह में उक्त कमेटी के समक्ष प्रत्यावेदन देने का समय दिया तथा उसके पश्चात तीन के भीतर याचियों के प्रत्यावेदनों को निस्तारित करने का आदेश दिया। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि कमेटी के निर्णय से क्षुब्ध याची दोबारा याचिका दाखिल कर सकते हैं। न्यायालय ने यही प्रक्रिया अपनाने का आदेश रेलवे के कर्मचारियों के संबंध में रेलवे को दिया है।

### वर्ग पहेली- 452

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।
4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।
5. 1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।
6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।
9. 1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा 3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।
2. 1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।
3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।
7. 1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।
8. 1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| | ■ | ■ | 3 | ■ | |
| 4 | | ■ | 5 | | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | 6 | | | 7 | ■ |
| 8 | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| | ■ | 9 | | | |

### वर्ग पहेली -451 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | ■ | 2 अ | यो | 3 नि |
| हू | ■ | ■ | खं | ■ | छो |
| ■ | 4 को | ■ | ड | ■ | ह |
| ■ | 5 हि | म | पा | त | ■ |
| ■ | नू | ■ | ठ | ■ | 6 मुँ |
| 7 भै | र | वी | ■ | ■ | द |
| ■ | ■ | ■ | 8 खि | ल | ना |

### सुडोकू -176

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | | | |
| | | | | | | | 3 | |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| 7 | | | | 3 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | 5 | | | | 8 | | | |

### सुडोकू - 175 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 2 | 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 4 | 9 | 5 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 6 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 |
| 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 3 | 1 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 2 | 4 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 3 | 1 | 6 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- दशमी 6 जून 02 .15 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- हस्त पूर्ण रात्रि तक।

**मेष:** आज आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। अनुशासनहीनता के कारण दिनचर्या बिगड़ सकती है। बच्चे छुट्टी का आनंद उठाएंगे। कार्यक्षेत्र में काफी अच्छे परिणाम मिलेंगे। पैरों में खिंचाव हो सकता है। सेहत से जुड़े मामलों की अनदेखी न करें।

**वृष:** आज नए कार्यों की योजना बना सकते हैं। अपनी रूचि के अनुसार ही कार्य करें। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा करनी पड़ सकती है। व्यस्तता के कारण परिवार को समय मुश्किल से दे पाएंगे। छोटे बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को विरोध झेलना पड़ सकता है। अनजान व्यक्तियों पर अधिक विश्वास न करें। आपकी कार्यशैली की खूब प्रशंसा होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दांतों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**कर्क:** आज बुद्धिमत्ता से अटके हुए काम बना लेंगे। पार्टनरशिप संबंधी कार्यों से आपको बेहतरीन लाभ प्राप्त हो सकता है। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र से जुड़े व्यवसाय में प्रगति होगी। घर का वातावरण बहुत अच्छा रहने वाला है। दोस्तों के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बनाएंगे।

**सिंह:** आज मित्रता और प्रेम को लेकर आपकी सोच बदल सकती है। गोपनीय विषयों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। बच्चों को लेकर सुखद समाचार मिल सकते हैं। व्यवसाय में संघर्ष वाली परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। केवल बातों पर विश्वास करके कोई डील न करें।

**कन्या:** आज कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको विजय प्राप्त होगी। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यस्थल में वाद-विवाद जैसी स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। योग और अध्यात्म के प्रति आपकी रुचि रहेगी।

**तुला:** आज आपका बजट गड़बड़ा सकता है। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान थोड़ी सावधानी रखें। आपके व्यक्तिगत कार्यों में व्यवधान आने की संभावना है। आलस्य के कारण अच्छे मौकों को चूक सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज व्यापार में अपेक्षानुसार धन लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में आप सहकर्मियों के ऊपर अपना प्रभाव डालेंगे। संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। संपत्ति से जुड़े विवादों का निवारण हो सकता है। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**धनु:** आज लवमेट के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आयात-निर्यात से जुड़े कारोबार में बेहतरीन लाभ मिल सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की बातों का खंडन करने के बजाय उनका शांतिपूर्वक समाधान करें।

**मकर:** आज नया व्यापार शुरू करना चाहते हैं, तो उसकी पूरी योजना बना लें। आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। किसी बड़े काम के लिए लोग आपसे सलाह ले सकते हैं। सहकर्मी आपका उपहास कर सकते हैं।

**कुंभ:** आज अपनी कमजोरी पर नियंत्रण कर लें। ससुराल पक्ष के साथ अपने संबंध मधुर रखें। बचपन के मित्रों से मुलाकात हो सकती है। अनावश्यक यात्राओं से बचना चाहिए। पुरानी स्वास्थ्य समस्याओं से दोबारा परेशान होना पड़ सकता है।

**मीन:** आज करियर को लेकर सावधानी रखनी चाहिए। मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। लंबे समय से सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। जीवनसाथी का भावनात्मक सहयोग आपको प्राप्त होगा। नई वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं।

## एक नजर

### अडानी एयरपोर्ट्स ने जुटाए 75 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** अडानी एयरपोर्ट्स होल्डिंग्स लिमिटेड ने अंतरराष्ट्रीय बैंकों के समूह से बाहरी वाणिज्यिक उधारी के माध्यम से 75 करोड़ डॉलर का वित्तपोषण प्राप्त किया है। कंपनी ने बुधवार को कहा कि प्राप्त वित्तपोषण का एक हिस्सा मौजूदा 40 करोड़ डॉलर के ऋण के पुनर्वित्त में लगाया जाएगा जबकि शेष धनराशि का उपयोग देश के प्रमुख हवाईअड्डों के बुनियादी ढांचे के उन्नयन में इस्तेमाल होगा।

### मौसमी कारकों और मांग में तेजी से बढ़ा ट्रक किराया

**मुंबई।** मांग में तेजी और मौसमी कारकों से मई में देश में ट्रकों के किराए में बढ़ोतरी हुई है। श्रीराम मोबिलिटी के बुलेटिन के अनुसार, गर्मियों के फलों की बागवानी केंद्रों में आवक ने उपभोग को बढ़ावा दिया, जिससे बेड़े की ऑक्यूपेंसी बेहतर हुई। दिल्ली-कोलकाता मार्ग पर ट्रक किराया मासिक आधार पर 1.9 प्रतिशत वहीं बेंगलुरु-मुंबई और दिल्ली-मुंबई मार्गों पर क्रमश: 1.6 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

# अमेरिका से बढ़ेगा तेल-गैस का आयात

## आयात में विविधता के लिए शैल गैस, एलएनजी और कच्चे तेल जैसे उत्पादों पर नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत का अमेरिका को निर्यात बढ़ रहा है और वह अपने आयात में विविधता लाने के लिए अमेरिका से शैल गैस, एलएनजी और कच्चे तेल जैसे उत्पादों का आयात बढ़ा सकता है। इसका कारण अमेरिका में इन वस्तुओं की कीमतों का कम होना है।

एक अधिकारी के मुताबिक दोनों देशों के अधिकारी प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर इस सप्ताह यहां अगले दौर की बातचीत शुरू करेंगे। हालांकि, भारत अमेरिका के साथ एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते की तलाश कर रहा है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में हमें जो मिलता है, वह निर्धारित करेगा कि हम समझौते में आखिरकार क्या अंतिम रूप देते हैं।



● भारत की मंशा अमेरिका के साथ संतुलित और पारस्परिक तौर पर लाभकारी व्यापार समझौते की

यह पूछे जाने पर कि क्या नौ जुलाई से पहले किसी तरह के अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बन सकती है, अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में बहुत सारी अनिश्चितताएं हैं। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की इस्पात पर शुल्क बढ़ाने की योजना और शुल्क पर अमेरिकी अधिकारियों के फैसले के खिलाफ अदालत के आदेश पर रोक जैसे घटनाक्रम हैं।

उन्होंने कहा कि लेकिन अनिश्चितताओं के बीच, भारत को ऐसे रास्ते तलाशने होंगे जो देश के लिए अच्छे हों। अधिकारी ने कहा, निर्यात बढ़ रहा है...ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें हम अमेरिका से खरीद सकते हैं। उदाहरण के लिए शैल गैस, एलएनजी, कच्चा तेल। हमारे स्रोत जितने विविध होंगे, हमारे लिए उतना ही अधिक लाभ होगा। अमेरिका में कीमतें भी कम हैं।

अधिकारी ने कहा कि अमेरिका भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत के पक्ष में व्यापार अधिशेष की स्थिति है। इसके अलावा, बड़ी संख्या में नौकरियां अमेरिका को होने वाले निर्यात से जुड़ी हैं। भारत ने पहले ही इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के विरुद्ध जवाबी शुल्क लगाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखा है।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच एमपीसी की बैठक शुरू

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। इसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती का फैसला लिया जा सकता है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिन तक चलने वाली बैठक में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय एवं घरेलू परिवेश को देखते हुए नीतिगत दर पर विचार किया जाएगा। एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी शुक्रवार को दी जाएगी। इसके पहले आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल में हुई पिछली दो मौद्रिक समीक्षा बैठकों में प्रमुख ब्याज दर रेपो में कुल 0.50 प्रतिशत की कटौती की है।

### गिरावट थमी, 261 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 261 अंक के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 78 अंक की तेजी आई।

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 260.74 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,998.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 349.78 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 77.70 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,620.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) 3.32 प्रतिशत के लाभ में रही।

# भारत ने पाकिस्तान को एडीबी की सहायता का किया विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● एडीबी ने किया 80 करोड़ डॉलर की मदद का अनुमोदन, भारत ने जताई दुरुपयोग की आशंका

भारत ने एशियाई विकास बैंक (एडीबी) द्वारा पाकिस्तान को किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता दिए जाने का कड़ा विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को एडीबी ने पाकिस्तान के लिए 80 करोड़ डॉलर के वित्तीय सहायता को अनुमोदित किया था। इसमें 30 करोड़ डॉलर नीति आधारित ऋण है और 50 करोड़ डॉलर नीति आधारित गारंटी के तहत दिया जा रहा है।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि भारत ने एडीबी संसाधनों के संभावित दुरुपयोग के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की, विशेष रूप से पाकिस्तान के बढ़ते रक्षा व्यय, उसके घटते कर जीडीपी अनुपात और प्रमुख व्यापक आर्थिक सुधारों पर स्पष्ट प्रगति की कमी का हवाला देते हुए यह विरोध जताया है। भारत ने एडीबी को अपने संसाधनों के दुरुपयोग की संभावना के बारे में भी आगाह किया है।

सूत्रों ने कहा कि विकास के विपरीत, अपनी सेना पर व्यय में वृद्धि के बीच पाकिस्तान के संबंध को केवल उसके घरेलू संसाधन जुटाने के संदर्भ में पूरी तरह नहीं समझाया जा सकता। भारत ने इस पर प्रकाश डाला कि जीडीपी के हिस्से के रूप में पाकिस्तान का कर संग्रह वित्त वर्ष 2018 में 13.0 प्रतिशत था जो 2023 में घटकर 9.2 प्रतिशत रह गया। यह एशिया और प्रशांत क्षेत्र के औसत 19.0 प्रतिशत से काफी कम बना हुआ है।

# भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मोटे तौर पर स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि मई में मोटे तौर पर स्थिर रही। इसे मांग की बेहतर स्थिति, नए ग्राहक मिलने आदि जैसे कारकों से समर्थन मिला। बुधवार को जारी एक मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मई में 58.8 रहा जो अप्रैल में 58.7 पर था। यह आंकड़ा विस्तार की एक और तीव्र दर का संकेत देता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है।



● नए ऑर्डर में वृद्धि से सेवा प्रदाताओं ने कर्मचारियों की भर्ती बढ़ाई

एचएसबीसी में भारत के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, भारत का सेवा पीएमआई मई 2025 में 58.8 रहा जो हालिया वृद्धि के अनुरूप मोटे तौर पर स्थिर है। मजबूत अंतरराष्ट्रीय मांग ने सेवा गतिविधि को बढ़ावा देना जारी रखा, जैसा कि अप्रैल से नए निर्यात व्यापार सूचकांक में उछाल से स्पष्ट है।

सर्वेक्षण के अनुसार, नए ऑर्डर में तीव्र वृद्धि हुई, जो मुख्य रूप से विज्ञापन, मांग की मजबूती और मौजूदा ग्राहकों से दोबारा मिले ऑर्डर के कारण हुई। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सेवा प्रदाताओं ने कर्मचारी भर्ती में वृद्धि की है। वास्तव में, रोजगार सूचकांक इस सर्वेक्षण में अब तक दर्ज किए गए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। सर्वेक्षण में शामिल करीब 16 प्रतिशत सदस्यों ने वेतन वृद्धि की बात कही, जबकि एक प्रतिशत ने गिरावट का संकेत दिया।

### ब्रिटानिया के लिए बिस्कुट बनाने वाली कंपनी बंद करने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मुंबई हाईकोर्ट का फैसला खारिज करते हुए ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए तीन दशक से अधिक समय तक बिस्कुट बनाने वाली कंपनी को बंद करने की मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा ने हाईकोर्ट के 17 फरवरी 2023 के आदेश के खिलाफ दायर हरिनगर शुगर मिल्स लिमिटेड की अपील पर यह फैसला सुनाया। एचएसएमएल ने पहले अपने कर्मचारियों को सद्भावना के तौर पर 10 करोड़ रुपये देने की पेशकश की थी। लेकिन अदालत ने इसे बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये कर दिया और आठ सप्ताह में इसका भुगतान करने को भी कहा। अदालत ने कहा, यह देखते हुए कि इस कंपनी के बंद होने से कुछ कर्मचारियों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है और कुछ अन्य बिना किसी गलती के बेरोजगार हो सकते हैं, हम एचएसएमएल के इस कदम की सराहना करते हैं। इस बयान को रिकॉर्ड में दर्ज किया जाता है।

# अच्छे मानसून से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान

**मुंबई, एजेंसी**

देश में इस वर्ष सामान्य से बेहतर मॉनसून की संभावनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंक दी है और इससे कृषि एवं एफएमसीजी क्षेत्र की आय में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। स्मॉलकेस मैनेजर गोलफाई की बुधवार को जारी रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि यदि मानसून की तीव्रता और वितरण कृषि क्षेत्रों में अनुकूल बना रहता है, तो वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही में कृषि-आधारित क्षेत्रों में 10-15 प्रतिशत तक की सालाना आय वृद्धि संभव है।

इससे ट्रैक्टर, कृषि इनपुट, ग्रामीण एनबीएफसी और टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं जैसे क्षेत्रों को सीधा लाभ होगा। गोलफाई का मानना है कि खाद्य महंगाई में नरमी और अप्रैल में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.16 प्रतिशत पर आने जैसे संकेत भारतीय रिजर्व बैंक को 06 जून की मौद्रिक नीति बैठक में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।



● कृषि आधारित क्षेत्रों में 10 से 15 प्रतिशत तक सालाना आय वृद्धि संभव

● एफएमसीजी क्षेत्र की आय में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद

यदि मुद्रास्फीति चार प्रतिशत से नीचे बनी रही तो अगस्त तक और 0.25 प्रतिशत की कटौती संभव है। इस तरह की मौद्रिक नरमी आवास, ऑटो और ऋण आधारित खपत क्षेत्रों में मांग को गति दे सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण आय में तेज सुधार के कारण एफएमसीजी, दोपहिया वाहन और कृषि उपकरणों जैसे खपत आधारित क्षेत्रों में छह से आठ प्रतिशत की बिक्री वृद्धि संभव है। डाबर, मैरिको, इमामी, हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी कंपनियों को ग्रामीण बाजारों से अच्छे ऑर्डर मिलने की उम्मीद है।



## एक नजर

### थाने में पत्रकारों की पिटाई पर सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार से उन दो पत्रकारों की याचिका पर बुधवार को जवाब मांगा, जिन्होंने आरोप लगाया है कि अवैध रेत खनन पर रिपोर्टिंग करने के कारण राज्य के एक थाने में उनके साथ मारपीट की गई। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने दोनों पत्रकारों को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण देने से इन्कार कर दिया। पीठ ने पत्रकार शशिकांत गोयल और अमरकांत सिंह चौहान की याचिका पर मध्य प्रदेश एवं दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा।

### देश में कोविड-19 के मामले बढ़कर 4,302

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार सुबह आठ बजे तक कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,302 हो गई है, जबकि मंगलवार को यह संख्या 4,026 थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक दो और मौतों के साथ इस साल मरने वालों की संख्या सात हो गयी है। पिछले 24 घंटों में करीब 300 नए संक्रमण के मामले सामने आए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

### हैदराबाद में ट्रॉली बैग में मिला महिला का शव

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाचुपल्ली में बुधवार को एक अज्ञात महिला का शव ट्रॉली बैग में मिला, जिसे झाड़ियों में फेंक दिया गया था। पुलिस के अनुसार महिला की उम्र 25 से 35 वर्ष के बीच लग रही है और संदेह है कि उसकी हत्या कहीं और की गई और शव ट्रॉली बैग में डालकर फेंक दिया गया। अनुमान है कि शव को करीब 10-15 दिन पहले ट्रॉली बैग में डाला गया था। महिला की मौत का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। इस संबंधम में बाचुपल्ली थाने में एक मामला दर्ज कर लिया गया है।

### विमान को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी निकली

**पटना।** गुजरात के अहमदाबाद से पटना आने वाली इंडिगो की एक उड़ान को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे यहां हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने बताया कि बाद में यह धमकी फर्जी निकली। उन्होंने बताया कि उड़ान संख्या 6ई921 के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अपराह्न 12.45 बजे उतरने से कुछ समय पहले मिली। उन्होंने बताया कि इस विमान में 192 यात्री सवार थे। हालांकि, अधिकारियों ने यह बताने से इनकार कर दिया कि धमकी भरा संदेश कैसे आया।

# राहुल का बयान देशद्रोह से कम नहीं

## भाजपा अध्यक्ष का पलटवार- नेहरू-गांधी परिवार के आत्मसमर्पणों से भरा है इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आत्मसमर्पण वाले बयान की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि यह न केवल सशस्त्र बलों और देश का घोर अपमान है, बल्कि यह देशद्रोह से कम नहीं है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि यदि किसी पाकिस्तानी ने ऐसा दावा किया होता तो हम उस पर हंसते।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मचाई गई तबाही के बाद पाकिस्तान की जनता से लेकर उसकी सेना और उसके प्रधानमंत्री ने भी ऐसा कहने की हिम्मत नहीं की लेकिन राहुल गांधी ऐसा बोल रहे हैं! उन्होंने कहा, यह देशद्रोह से कम नहीं है। नड्डा ने 'एक्स' पर कई पोस्ट में कहा, राहुल गांधी, आत्मसमर्पण आप करते होंगे, आपकी पार्टी ने किया होगा, आपके नेताओं ने आत्मसमर्पण किया होगा क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है लेकिन भारत कभी आत्मसमर्पण नहीं करता।



● अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव में प्रधानमंत्री मोदी के आत्मसमर्पण के बयान पर जताई तीखी प्रतिक्रिया

उन्होंने कहा, आत्मसमर्पण आपकी पार्टी कांग्रेस के शब्दकोश में है, आपके डीएनए में है। आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण किया, शर्म-अल-शेख में आत्मसमर्पण किया, 1971 की लड़ाई जीतने के बाद शिमला में आत्मसमर्पण किया, सिंधु जल समझौते को लेकर आत्मसमर्पण किया, और यहां तक कि देश की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने आत्मसमर्पण किया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नेता ने पड़ोसी देश के समर्थन में बोलने में पाकिस्तानी सेना प्रमुख, उसके प्रधानमंत्री और वहां के आतंकवादी सरगनाओं को भी पीछे छोड़ दिया है। आरोप लगाया राहुल गांधी के कटाक्ष बीमार और खतरनाक मानसिकता को दर्शाते हैं। त्रिवेदी ने भारत की प्रतिष्ठा को कमतर आंकने के लिए पाकिस्तानी सेना प्रमुख और प्रधानमंत्री के उपनामों का उपयोग करते हुए गांधी को 'राहुल मुनीर' और 'राहुल शरीफ' कहा।

### कांग्रेस ने फिर कहा- मोदी जी, 'नरेंदर बनिए सरेंडर' नहीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर हमला किया। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, सैन्य कार्रवाई के दौरान जब बहादुर भारतीय सेना ने पाकिस्तान की गर्दन दबोच रखी थी, तभी ट्रंप का एक फोन आता है और मोदी ने सरेंडर कर दिया। ट्रंप ने कई बार कहा कि उन्होंने व्यापार की धमकी देकर सैन्य कार्रवाई को रुकवाया है लेकिन मोदी जी ने इसका कभी जवाब नहीं दिया। ये जवाब देंगे भी नहीं, क्योंकि नाम नरेंदर, काम सरेंडर-ये असलियत और हकीकत है। देश के अंदर सारी नीतियां ट्रोल्स चला रहे हैं और विदेश नीति एक ऐसे व्यक्ति चला रहे हैं जो सरेंडर कर चुके हैं।

### बांग्लादेशियों ने बीएसएफ जवान का अपहरण किया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बांग्लादेशी नागरिकों ने बीएसएफ के एक जवान को अगवा कर लिया और उसे अंतरराष्ट्रीय सीमा पार ले गए। हालांकि, कुछ घंटे बाद जवान को छोड़ दिया गया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि घटना जिले के नूरपुर के सुतियार में सीमा सुरक्षा बल शिविर के नजदीक चांदनी चौक के निकट तड़के हुई। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार जवान कथलिया गांव के पास बांग्लादेश की ओर से घुसपैठ की कोशिश रोकने का प्रयास कर रहा था, तभी उसे बांग्लादेश के चपई नवाबगंज जिले के असामाजिक तत्वों ने पकड़ लिया। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के एक वरिष्ठ बीएसएफ अधिकारी ने जवान को बांग्लादेशी नागरिकों ने अगवा कर बंदी बना रखा था, लेकिन हमने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के समक्ष इस मुद्दे को उठाया तो कुछ घंटों के भीतर ही उसे रिहा कर दिया गया।

# प्रदूषणकारी ईंधन से चलने वाली बसों की 2026 से दिल्ली में नो एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बुधवार को निर्देश दिया कि सीएनजी, बिजली या नवीनतम बीएस-6 डीजल जैसे स्वच्छ ईंधन से न चलने वाली किसी भी बस को एक नवंबर 2026 से दिल्ली में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

यह आदेश दिल्ली में प्रवेश करने वाली सभी बसों पर लागू होगा, जिनमें अखिल भारतीय पर्यटक परमिट और स्कूल बस परमिट के तहत चलने वाली बसों समेत विभिन्न श्रेणी की बस शामिल हैं। हालांकि, दिल्ली में पंजीकृत बसों को छूट दी गई है। दूसरे राज्यों की पुरानी और प्रदूषणकारी बसों से दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ता है। भले ही स्वच्छ ईंधन वाली बस अब अधिक आम हैं, लेकिन राजधानी में आने वाली कई बसों में अब भी अस्वच्छ ईंधन का उपयोग किया जाता है।

● वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से जारी किया निर्देश

आयोग ने पहले हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और जम्मू कश्मीर समेत विभिन्न राज्यों को 2024 के मध्य या 2025 की शुरुआत तक स्वच्छ ईंधन वाली बसों का इस्तेमाल करने के लिए कहा था।

### ईडी ने गोवा भूमि घोटाले के सरगना को किया गिरफ्तार

**पणजी।** ईडी ने गोवा में करोड़ों के भूमि घोटाले के सरगना रोहन हरमलकर को पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वह 2022 में गोवा विधानसभा चुनाव में कुम्भरजुआ से निर्दलीय उम्मीदवार रहा है। पणजी की एक विशेष अदालत ने उसे 14 दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। एजेंसी ने दावा किया कि छापों और तलाशी के बाद हुई जांच के दौरान हरमलकर फरार रहा। धन शोधन का यह मामला गोवा पुलिस की एक प्राथमिकी से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि हरमलकर और अन्य आरोपियों ने छद्म नाम, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और राजस्व अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ आदि के जरिये वास्तविक संपत्ति मालिकों के साथ धोखाधड़ी की है।

# अपशिष्ट निपटान के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई से कोर्ट का इन्कार

**1984 भोपाल गैस त्रासदी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के खतरनाक अपशिष्ट को जलाने के खिलाफ दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई से बुधवार को इनकार कर दिया। इस त्रासदी में 5,479 लोगों की जान चली गई थी और पांच लाख से अधिक लोग अपंग हो गए थे। कोर्ट ने जहरीले कचरे को स्थानांतरित करने और धार जिले के पीथमपुर क्षेत्र में निपटान करने के मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश में 27 फरवरी को हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति संजय करोल और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने वकील से पूछा, आप मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के समक्ष इस प्रयास में विफल रहे हैं। आपने इस अदालत के समक्ष भी इसे रोकने का प्रयास किया था। कोई अंतरिम आदेश नहीं दिया गया। अब छुट्टियों के दौरान, आप चाहते हैं कि हम यह सब रोक दें।

## रक्षा अलंकरण



नई दिल्ली में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह में बुधवार को 92 सैन्यकर्मियों को विशिष्ट सेवा सम्मान मिला। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति से परम विशिष्टसेवा पदक प्राप्त करते लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह औजला। एजेंसी

# भारत में प्राकृतिक आपदाओं के कारण एक दशक में 3.2 करोड़ लोग विस्थापित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में बाढ़ और तूफान समेत अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण वर्ष 2015 से 2024 के बीच 3.23 करोड़ लोगों का आंतरिक विस्थापन दर्ज किया गया। किसी देश के अंदर विस्थापित होने वालों की संख्या के लिहाज से चीन और फिलीपीन के बाद भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है।

जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र (आईडीएमसी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अवधि के दौरान आपदाओं के कारण 210 देशों और क्षेत्रों में 26.48 करोड़ लोगों का आंतरिक विस्थापन हुआ या उन्हें मजबूरी में विस्थापित होना पड़ा। पूर्व और दक्षिण एशिया सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र रहे। रिपोर्ट में कहा गया है, देशों के स्तर पर, पिछले दशक में बांग्लादेश, चीन, भारत, फिलीपीन और अमेरिका में दर्ज विस्थापन के आंकड़े सबसे अधिक रहे।

● जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र की रिपोर्ट

चीन में 4.69 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ जबकि फिलीपीन में यह आंकड़ा 4.61 करोड़ रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर 90 फीसदी आपदा जनित विस्थापन बाढ़ और तूफान का परिणाम था। इसमें कहा गया है, वर्ष 2015 से 2024 के बीच दुनिया के अधिकांश आपदा जनित विस्थापनों का कारण तूफान रहा जिसके चलते 12.09 करोड़ लोग विस्थापित हुए। इसी अवधि में बाढ़ से 11.48 करोड़ लोगों का विस्थापन हुआ। वर्ष 2020 में वैश्विक स्तर पर तूफान से विस्थापनों में 'अम्फान' सहित अन्य चक्रवातों का योगदान लगभग 92 प्रतिशत है।

### सागर से लेफ्टिनेंट कर्नल लापता पुलिस और सेना तलाश में जुटी

**सागर (मप्र)।** मध्यप्रदेश के सागर से सोमवार को लापता हुए सेना में पदस्थ लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप कुमार निगम का अभी तक कुछ पता नहीं चला है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि निगम ग्वालियर के रहने वाले हैं और वर्तमान में महार रेजिमेंट सेंटर में पदस्थ थे। पुलिस के मुताबिक वह सोमवार सुबह साढ़े छह बजे रोज की तरह टहलने निकले थे। सागर के एएसपी लोकेश सिन्हा ने बताया कि सेना ने पहले खुद उन्हें तलाशा और जब कोई सुराग नहीं मिला तो उसकी ओर से स्थानीय कैंट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। पुलिस और सेना उनकी तलाश में जुटे हैं। सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इस सिलसिले में एक मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि निगम के परिवार के सदस्य भी सागर आ गए हैं और उनसे भी इस मामले में पूछताछ की जा रही है।

# अमेरिकी कदमों से भारतीय छात्र प्रभावित, फिर भी सरकार चुप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के कदमों के कारण बड़ी संख्या में भारतीय छात्र प्रभावित हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर इस मामले में पूरी तरह चुप हैं, हालांकि यह आश्चर्य की बात नहीं हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर लिखा, विदेश मंत्रालय के अनुसार 2024 में 3,37,630 भारतीय छात्र उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गए। अमेरिकी शैक्षणिक परिसरों में एक तिहाई विदेशी छात्र भारत से हैं। अमेरिका गए छात्र अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं तथा 2025 में वहां जाने की योजना बना रहे बड़ी संख्या में छात्रों की आकांक्षाएं शायद पूरी न हो पाएं। उन्होंने कहा, ट्रंप ने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। चीनी छात्रों को लेकर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया जताई है लेकिन हमारे प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री चुप हैं। रमेश ने कहा, वे ऑपरेशन सिंदूर को केवल चार दिनों के बाद बंद करने के राष्ट्रपति ट्रंप के दावों पर पूरी तरह चुप हैं और उन्होंने इस पर चिंता का एक शब्द भी नहीं कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यों से भारतीय छात्रों और उनके परिवारों पर कितना बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

● कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पर कटाक्ष

# बेंगलुरु में आरसीबी के लिए बिछे पलक-पांवड़े

## बड़ी संख्या में प्रशंसकों ने टीम का किया गर्मजोशी से अभिवादन, विराट कोहली की झलक पाने को रहे बेताब

**बेंगलुरु, एजेंसी**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम बुधवार दोपहर जब यहां पहुंची तो हवाई अड्डे के बाहर सड़क पर दोनों तरफ बड़ी संख्या में खड़े प्रशंसकों ने उनका अभिवादन किया। प्रशंसक करिश्माई विराट कोहली के साथ टीम के खिलाड़ियों की झलक पाने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े थे। यही हाल चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भी दिखा जहां प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम का राज्य के उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने हवाई अड्डे पर स्वागत किया। शिवकुमार ने कहा, विराट कोहली ने पिछले 18 सालों से अपना अनुभव, अपना प्यार और अपना दिल (आरसीबी को) देकर हमारे राज्य को गौरवान्वित किया है। मैं अपने राज्य के सभी युवाओं की तरफ से उनके प्रति प्यार और सम्मान लेकर यहां खड़ा हूं। उन्होंने कहा, कर्नाटक सरकार की ओर से हम इस अभियान में शामिल सभी को बधाई देते हैं। मैं उनकी निरंतर सफलता की कामना करता हूं। 18 साल का संघर्ष कोई छोटी बात नहीं है। विधान सौध (विधानसभा) में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कार्यालय के रास्ते में सड़क के दोनों ओर खड़े प्रशंसकों ने चैंपियन टीम का उत्साह बढ़ाया। आरसीबी ने मंगलवार को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर 18 साल में अपना पहला खिताब जीता था। यह टीम के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली के लिए बड़ी उपलब्धि है। कोहली लीग की शुरुआत से केवल इसी फ्रेंचाइजी के लिए खेल रहे हैं।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद आरसीबी के खिलाड़ी एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में प्रशंसकों से मुखातिब होंगे। मुख्यमंत्री द्वारा विशेष अनुमति दिए जाने के बाद विधान सौध से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली बस परेड भी शाम पांच बजे शुरू होगी। इससे पहले बेंगलुरु ट्रैफिक पुलिस के एक्स पर जारी बयान के अनुसार विधान सौधा से स्टेडियम तक बहुप्रतीक्षित खुली छत वाली बस परेड यातायात संबंधी परेशानियों के कारण नहीं हो सकती है। आरसीबी ने 'एक्स' पर लिखा, हम सभी प्रशंसकों से पुलिस और अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करने का अनुरोध करते हैं, ताकि सभी लोग शांतिपूर्वक इसका मजा ले सकें। चिसोशल मीडिया पर साझा तस्वीरों और वीडियो में कोहली को ट्रॉफी पकड़े हुए और टीम के बस मार्ग पर खड़े हजारों प्रशंसकों को सुखद आश्चर्य से देखते हुए देखा जा सकता है।

### सरकार ने किया विधान सौध में चैंपियन आरसीबी का स्वागत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को 18 साल में पहला आईपीएल खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू टीम को सम्मानित किया । कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रजत पाटीदार की कप्तानी वाली टीम का विधान सौध के सामने बनी भव्य सीढियों पर स्वागत किया । एक छोटे से कार्यक्रम में खिलाड़ियों को मैसुरू फेटा (पारंपरिक पगड़ी), शॉल और पुष्पमाला पहनाई गई । इस कार्यक्रम को देखने के लिये बड़ी तादाद में प्रशंसक जमा थे ।

### चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप ने वंशिका से की सगाई

**कानपुर, अमृत विचार।** भारतीय टीम के गेंदबाज कुलदीप यादव ने बुधवार को अपनी बचपन की दोस्त वंशिका से सगाई कर ली। यह समारोह लखनऊ में हुआ। वंशिका कानपुर के श्याम नगर की रहने वाली हैं। कुलदीप और वंशिका बचपन से ही एक दूसरे को जानते हैं। जानकारी के अनुसार वंशिका ऑस्ट्रेलिया में जॉब करती हैं और उनके पिता एलआईसी में अधिकारी हैं। लखनऊ में हुये समारोह में कुलदीप के परिवार समेत क्रिकेटर रिंकू व यूपी के कई क्रिकेटर भी शामिल हुए। अपने संघर्ष और मेहनत के बल में टीम इंडिया में जगह बनाने वाले कुलदीप पूरे विश्व में चाइनामैन बॉलर के रूप में जाने जाते हैं। वह सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में गिने जाते हैं। उन्होंने भारतीय टीम और आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की टीम से खेलते हुए कई मुकाम हासिल किए। कुलदीप यादव का जन्म उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में 14 दिसंबर 1994 को हुआ था। इसके बाद पढ़ाई और प्रशिक्षण के लिए पिता परिवार सहित कानपुर शिफ्ट हो गए थे।





### तुमने मुझे 18 साल इंतजार कराया : कोहली

अहमदाबाद। 18 साल के इंतजार के बाद आईपीएल ट्रॉफी जीतने के साथ विराट कोहली ने अपना हाल-ए-दिल इंस्टाग्राम पर लिखा, इस टीम ने सपना सच कर दिया। इस सत्र को मैं कभी नहीं भुला सकूंगा। यह आरसीबी के सभी प्रशंसकों के लिए है, जिन्होंने खराब से खराब समय में भी टीम का साथ नहीं छोड़ा। यह बरसों की निराशाओं और दिल टूटने के सिलसिले के लिए है। यह टीम के लिए खेलते समय एक ही पल के योगदान के लिए है। कोहली ने कहा, जहां तक आईपीएल ट्रॉफी का सवाल है तो तुमने मुझे तुम्हे थामने और जश्न मनाने के लिए 18 साल तक इंतजार कराया, लेकिन यह पल इंतजार के लायक था। वहीं उन्होंने इंस्टाग्राम स्टेटस पर दक्षिण अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व धुरंधर एबी डिविलियर्स के साथ तस्वीर साझा की है, जिसमें उन्होंने आईपीएल ट्रॉफी को थामा हुआ है। कैप्शन में लिखा, समान रूप से तुम्हारी भी बिस्कोटी (दोनों एक दूसरे को प्यार से यही बुलाते हैं) वहीं दूसरे स्टेटस में फिल साल्ट के साथ ट्रॉफी को थामे हुए तस्वीर डाली है। इसमें कैप्शन में लिखा है, शानदार प्रदर्शन पार्टनर।

# अनुभवहीनता से हमें नुकसान हुआ, युवा टीम भविष्य में बहुत कुछ जीतेगी: पोंटिंग

**अहमदाबाद, एजेंसी**



पंजाब किंग्स के मुख्य को रिकी पोंटिंग ने माना कि आरसीबी के खिलाफ आईपीएल के फाइनल में लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम को मध्यक्रम में अनुभव की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज ने उम्मीद जताई कि टीम के युवा खिलाड़ी भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।आईपीएल के इस सत्र में पंजाब किंग्स का प्रदर्शन फाइनल में आरसीबी से 6 रन की हार के साथ समाप्त हुआ।

पोंटिंग ने मैच के बाद कहा कि आप महसूस कर सकते हैं कि शायद थोड़ी सी अनुभवहीनता से हमें हार का सामना करना पड़ा। आज मध्यक्रम में थोड़ा सा अनुभव शायद हमारी मदद कर सकता था। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि वे आगे चलकर हमारे लिए कई मैच जीतने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रही लेकिन मैच के आगे बढ़ने के साथ यह धीमी होती चली गयी। पोंटिंग ने हालांकि हार के लिए कोई 'बहाना' बनाने से इन्कार कर दिया।

दूसरी पारी में पिच के बदले मिजाज पर उन्होंने कहा कि नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता। हम कोई बहाना नहीं बनाना चाहते हैं। शशांक ने मैच के बाद कहा कि यह पूरे सत्र की सबसे अच्छी विकेट थी। हमने मैच के अहम चरण में लय गवां दी। हम पावरप्ले के आखिरी ओवरों में थोड़ा पिछड़ने लगे थे। हमने इसके बाद जरूरी मौकों पर अपने अहम विकेट गंवा दिये। पोंटिंग ने कहा कि उनकी टीम आरसीबी को 190 रन पर रोककर संतुष्ट थी। उन्होंने कहा कि आरसीबी को भी लगा होगा कि उन्होंने थोड़े कम रन बनाये है। हम हालांकि लक्ष्य का पीछा करते समय अच्छा नहीं खेल सके। पोंटिंग ने कहा कि मैंने सत्र शुरू होने से पहले मुल्लांपुर में श्रेयस (अय्यर) के साथ कहा था... यह एक बेखौफ, आक्रमण और अलग टीम बनाने के बारे में था।



# नए कैप्टन कूल के तौर पर उभरे अय्यर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- धोनी व रोहित के बाद श्रेयस टीम को आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के 10 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने वाले श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन बनाने से बेहद मामूली अंतर से चूक गए, लेकिन उन्होंने खुद को एक ऐसे कप्तान के रूप में स्थापित कर लिया है जिसकी भारत को शायद भविष्य में जरूरत हो सकती है।

महेंद्र सिंह धोनी व रोहित शर्मा के बाद अय्यर आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान हैं। उनकी यह उपलब्धि बेहद खास है क्योंकि उन्होंने पांच सालों में तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ऐसा किया है। यह एक ऐसे खिलाड़ी के लिए बड़ी बात है, जिसे इस महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। केकेआर ने पिछले साल उन्हें जाने दिया क्योंकि फ्रेंचाइजी को बड़ी रिटेंशन फीस की उनकी मांग उचित नहीं लगी। केकेआर का यह नुकसान पंजाब किंग्स के लिए एक बड़ा फायदा साबित हुआ। पंजाब की टीम को इस खिलाड़ी के रूप में समझदार और जज्बे वाला कप्तान मिला।

शुभमन गिल की कप्तानी की परीक्षा अभी नहीं हुई है। उन्हें इंग्लैंड में कप्तान के रूप में कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा, लेकिन 3 जून 2025 के बाद श्रेयस संतोष अय्यर को भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक माना जाना चाहिए। अय्यर की कप्तान में अपनी समझदारी के साथ महेंद्र सिंह धोनी जैसा संयम और विराट कोहली जैसा आक्रामक रवैया के साथ मुंबई के उनके सीनियर रोहित शर्मा की तरह बिंदास मुंबईकर के मिश्रण का पुट दिखा।

आईपीएल के फाइनल में हार के बावजूद अय्यर के आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने निराशा को पीछे छोड़ते हुए कहा, अभी काम आधा बाकी है, हमें अगले साल जीतना है। इंग्लैंड के लिए टीम में उनका न होना पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग के लिए भी काफी हैरानी भरा रहा। पोंटिंग ने आईपीएल प्लेऑफ से पहले आईसीसी रिव्यू में कहा था कि मैं वास्तव में बहुत दुखी था लेकिन उसने इसे बहुत अच्छे से स्वीकार कर लिया है और वह आगे बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि उनकी आंखों में हर बार अच्छा प्रदर्शन करने की ललक रहती है। वह हर मैच को जीतना चाहता है और एक सर्वश्रेष्ठ कप्तान के रूप में विकसित होना चाहता है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का यह बयान काफी मायने रखता है। पोंटिंग ने यह बात सिर्फ फ्रैंचाइजी कप्तान का समर्थन करने के लिए नहीं कही। 2017 में जब गौतम गंभीर ने बीच सत्र में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया, तो पोंटिंग की सलाह पर अय्यर दिल्ली आईपीएल फ्रैंचाइजी के कप्तान बने।

## खेल डायरी



इंग्लैंड के लीसेस्टर में अप्टनस्टील काउंटी ग्राउंड पर इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान वेस्टइंडीज की करिश्मा रामहरैक द्वारा आउट किए जाने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करतीं इंग्लैंड की एमी जोन्स।

### इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन का भारत में टेस्ट खेलना संदिग्ध

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गुस एटकिंसन का हैमस्ट्रिंग चोट से भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है। भारत और इंग्लैंड जून से पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। गेंदबाज गुस एटकिंसन का भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलना संदिग्ध है क्योंकि उनकी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है। 27 वर्ष के एटकिंसन को जिम्बाब्वे में पिछले महीने टेस्ट के दौरान चोट लगी थी, जिससे वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीती श्रृंखला में नहीं खेल सके। अगर एटकिंसन फिट नहीं होते हैं तो यह इंग्लैंड के लिए बड़ा झटका होगा क्योंकि मार्क वुड और ओली स्टोन पहले से चोटिल हैं।

### सीनियर वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत ने जीते तीन कांस्य

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ मुएथाई एसोसिएशन आईएफएमए द्वारा अंटालिया टर्की में आयोजित सीनियर वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत के म्यू थाई खिलाड़ियों ने तीन कांस्य पदक जीते। राजस्थान के साहिल ने दो कांस्य पदक एक टीम और एक व्यक्तिगत स्पर्धा में जीता। राजस्थान के ही आदित्य देवन्दा, छत्तीसगढ़ की टिकेश्वरी साहू और अरुणाचल की पनि मंजू जोराम ने एक-एक कांस्य पदक जीता।

# करुणाकरण-वरियाथ की जोड़ी ने भारत की उम्मीदें रखीं कायम

**जकार्ता, एजेंसी**

सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन भारत की अन्य जोड़ियां बुधवार को शुरुआती दौर के बाद बाहर हो गईं। करुणाकरण और वरियाथ ने 45 मिनट चले मुकाबले में चीनी ताइपे की ये होंग वेई और निकोल गोंजालेस चैन को हराया।

इस स्पर्धा में हालांकि अन्य भारतीय जोड़ियों ने निराश किया क्योंकि वे अगले दौर में आगे बढ़ने में असफल रहीं। रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाड्डे को युची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी से शिकस्त मिली। आशिथ सूर्या और अमृता प्रमथेश को डेनमार्क के मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश के हाथों हार का सामना करना पड़ा। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी भी शुरुआती दौर की बाधा को पार करने में विफल रही। इस जोड़ी को मलेशिया के दूसरे वरीय टैंग जी चेन और ई वेतोह के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।



सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ

### थाईलैंड से अभियान शुरू करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**एशिया कप**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप में अपने अभियान का आगाज पांच सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी जिसके बाद गत चैम्पियन जापान और सिंगापुर से खेलना है। हॉकी इंडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछली बार कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को पूल बी में जापान, थाईलैंड और सिंगापुर के साथ रखा गया है। पूल ए में मेजबान चीन, कोरिया, मलेशिया और चीनी ताइपै हैं।

टूर्नामेंट चीन के हांगझोउ में 5-14 सितंबर तक खेला जाएगा। इसके विजेता को 2026 विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। भारत को 6 सितंबर को जापान से खेलना है जबकि 8 सितंबर को सिंगापुर से मुकाबला होगा। भारतीय कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि पूल बी में गत चैंपियन जापान के साथ होने से हमें अच्छी चुनौती मिलेगी और खुद को आंकने का मौका भी। हम चतुर और अनुशासित हॉकी खेलने का प्रयास करेंगे। हमारा लक्ष्य विश्व कप में सीधे जगह बनाना है। हर पूल से शीर्ष दो टीमें सुपर चार में पहुंचेंगी जहां सभी को एक दूसरे से एक बार खेलना है।

# नॉर्वे शतरंज के आठवें दौर में हिकारू ने गुकेश को हराया

**स्टवान्गर।** नॉर्वे शतरंज 2025 के आठवें दौर में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर हिकारू नाकामुरा ने मौजूदा विश्व चैंपियन डोमराजू गुकेश को हराया। नाकामुरा ने शुरुआत में ही जोरदार हमला करके बढ़त हासिल की और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गुकेश के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रहे। इस जीत के साथ नाकामुरा ने पूरे तीन अंक प्राप्त किए।



इस बीच, अर्जुन एरिगैसी और फैबियानो कारुआना ने एक लंबा और कड़ा मुकाबला खेला। ऐसा लग रहा था कि कारुआना का पलड़ा भारी रहेगा। कारुआना ने एक निर्णायक गलती की जिसका फायदा अर्जुन एरिगैसी ने उठाकर पूरे तीन अंक जीत कर फिर से खिताबी दौड़ में वापसी कर ली है। टूर्नामेंट के अभी दो दौर शेष हैं। गुकेश 11.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। नाकामुरा 12.5 अंक के साथ अभी भी शीर्ष पर हैं। जबकि कार्लसन आर्मागेडन में वेई यी से हारकर 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

# अल्काराज, स्वियातेक और सबालेंका सेमीफाइनल में

**पेरिस, एजेंसी**



विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने बुधवार को अमेरिका के टॉमी पॉल को हराकर फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की इगा स्वियातेक और विश्व की नवंबर वन खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने भी अगले दौर में जगह बना ली हैं।

स्पेन के अल्काराज ने टॉमी पॉल पर 6-0, 6-1, 6-4 से शानदार जीत दर्ज रोलांड-गैरोस में लगातार तीसरे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में अल्कराज का सामना इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा। मुसेटी ने फ्रेंच ओपन में अमेरिका को टियाफो को 6-2,4-6, 7-5, 6-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मुसेटी ने पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। वहीं महिला वर्ग में पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलीना स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में स्वियातेक का मुकाबला बेलारुस की आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका ने चीन की किनवेन झेंग को 7-6, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की है।

# वेस्टइंडीज का इंग्लैंड ने वनडे श्रृंखला में किया सूपड़ा साफ



**लंदन, एजेंसी**

- सात विकेट से मैच जीतकर श्रृंखला को 3-0 से किया अपने नाम, दोनों टीमें अब खेलेंगी तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला

आदील राशिद के नेतृत्व में गेंदबाजों के प्रदर्शन के बाद जैमी स्मिथ की वनडे करियर की पहली अर्धशतकीय पारी से इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के बारिश से प्रभावित आखिरी वनडे में वेस्टइंडीज को 7 विकेट से शिकस्त दी। इंग्लैंड ने इसके साथ ही इस श्रृंखला को 3-0 से अपने नाम किया। दोनों टीमें शुक्रवार से 3 मैचों की टी-20 श्रृंखला में भिड़ेंगी।

स्मिथ ने 28 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में 10 चौके और 3 छक्के की मदद से 64 रन बनाने के साथ पहले विकेट के लिए बेन डकेट (58) के साथ 93 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में जीत के लिए मिले 246 रन के लक्ष्य को 62 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। मैच में दो बार देरी हुई। वेस्टइंडीज की टीम बस ट्रैफिक लाइट की खराबी से देर तक फंसी रही। टीम टॉस के लिए तय समय पर मैदान तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद बारिश से 90 मिनट का खेल प्रभावित हुआ। यातायात की इस समस्या से निपटने के लिए इंग्लैंड के खिलाड़ी टीम बस को छोड़ किराए की साइकिल से स्टेडियम पहुंचे। नेट सत्र में वार्मअप के बिना मैदान पर उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों में 28 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। इसके बाद मैच में बारिश ने खलल डाला। मैच दोबारा शुरू हुआ तो वेस्टइंडीज ने 154 रन तक 7 विकेट गंवा दिए। टीम नौ विकेट पर 251 रन बनाने में सफल रही। शेरफेन रदरफोर्ड ने 70 रन बनाकर टीम को 250 रन के पार पहुंचने में योगदान दिया। गुडाकेश मोती और अल्जारी जोसेफ ने आठवें विकेट के लिए 11.2 ओवरों में 91 रनों की साझेदारी करके अपनी टीम को संघर्ष करने का मौका दिया। इंग्लैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज की ओर से आठवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। जोसफ 41 और मोती 63 रन बनाकर आउट हुए। स्पिनर आदिल राशिद ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते इंग्लैंड ने पावर प्ले में एक विकेट पर 121 रन बना लिए थे। जो रूट (44) व जोस बटलर (नाबाद 41) ने इसके बाद टीम को आसान जीत दिला दी।


बेंगलुरु में विधान सौधा में आरसीबी द्वारा आईपीएल 2025 जीतने के बाद टीम के सम्मान समारोह के दौरान एकत्रित प्रशंसकों की भीड़।

# 35 हजार क्षमता, पहुंच गए 3 लाख लोग

## अनियंत्रित प्रशंसक, तैयारियों में चूके अधिकारी, नतीजा मातम में बदला जश्न

बेंगलुरू, एजेंसी

मुझे नहीं पता कि मेरी गलती क्या है? हमारे पास टिकट थे, आरसीबी के एक समर्थक ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर यह बात कही जो आईपीएल में टीम की जीत के जश्न को देखने आया था लेकिन भगदड़ में प्रशंसकों की मौत के बाद का मातम देखकर स्तब्ध था। इसके अलावा 33 चोटिल प्रशंसकों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा । वहीं एक प्रशंसक ने कहा कि क्षमता से अधिक भीड़ का पहुंचना लापरवाही उजागर करता है। स्टेडियम की क्षमता 35 हजार है, जबकि करीब 3 लाख भीड़ वहां पहुंच गई।

आनन फानन में आयोजित इस कार्यक्रम के टिकट भी हड़बड़ी में बेचे गए । मुख्य द्वार नंबर 12 और 13 के अलावा क्लब हाउस प्रवेश द्वार नंबर 10 पर भी भारी भीड़ जमा हो गई जिन पर नियंत्रण के लिए पर्याप्त सुरक्षाबल नहीं था। दोपहर साढ़े तीन बजे तक प्रशंसकों की संख्या कई गुना बढ़ गई जिससे पुलिस और स्टेडियम के सुरक्षा अधिकारियों को सारे दरवाजे बंद करने पड़े ताकि वे लोग भीतर नहीं आ सकें जिनके पास टिकट नहीं था। अपने दोस्तों के साथ आये पोस्ट ग्रेजुएट छात्र प्रशांत शेट्टी ने कहा, हम अपने सितारों को देखने आए थे। मैंने समारोह के टिकट लिए थे लेकिन भीतर नहीं जा सका। पुलिस ने अचानक सारे रास्ते और दरवाजे बंद कर दिए और मुख्य द्वार के पास लाठीचार्ज शुरू कर दिया। गेट नंबर दस पर बच्चे और महिला भगदड़ का शिकार हुए और पुलिस ने इस रिपोर्टर पर भी लाठी चलाई और स्थानीय भाषा में अपशब्द कहे ।


स्टेडियम में घुसने के लिए जद्दोजहद देखी गई।

### पिछले कुछ महीनों में यहां मची भगदड़

**जुलाई 2024, हाथरस सत्संग**
उप्र के हाथरस में भोले बाबा के नाम से चर्चित नारायण साकार हरि के सत्संग कार्यक्रम में मची भगदड़ से 121 लोगों की मौत।

**जनवरी 2025, महाकुंभ**
प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हुआ था। मौनी अमावस्या के दिन घाट पर भगदड़ मच गई और 30 लोगों की मौत हो गई थी।

**जनवरी 2025, तिरुपति मंदिर**
आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में वैकुंठ धाम दर्शन के लिए टोकन की बिक्री के दौरान मची भगदड़ में 6 लोगों की जान चली गई थी।

### एक नजर

**असद सरकार गिरने के बाद पहली बार सीरिया से हमला**

**इजराइल।** इजराइली सेना ने कहा कि सीरिया से मंगलवार को दो रॉकेट दागे गए जो इजराइल नियंत्रित गोलान हाइट्स के खुले क्षेत्रों में गिरे। सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार दिसंबर में गिरने बाद पहली बार सीरियाई क्षेत्र से इजराइल की ओर हमला किया गया है। सीरियाई सरकारी मीडिया ने बताया कि रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइल ने सीरिया के दारा प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाकों पर बमबारी की।

**पाकिस्तान में मुठभेड़ में 14 आतंकवादी मारे गए**

**पेशावर।** सुरक्षा बलों ने उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में अफगानिस्तान की सीमा से लगे एक कबायली जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर अभियान चलाकर 14 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने बुधवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर दो-तीन जून, 2025 को उत्तरी वजीरिस्तान जिले में दत्ता खेल के सामान्य क्षेत्र में खुफिया सूचना के आधार पर एक अभियान चलाया था।

**भारत से फिर संघर्ष शुरू होने की आशंका कम : डार**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने बुधवार को कहा कि नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच फिर से सैन्य संघर्ष शुरू होने की आशंका बहुत कम है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी किसी भी स्थिति (सैन्य संघर्ष) में मुंहतोड़ जवाब देगा। डार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

**सिंगापुर: भारतीय मूल के व्यक्ति को धोखाधड़ी में जेल**

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को धोखाधड़ी के 62 आरोपों में से 21 में दोषी पाए जाने पर बुधवार को ढाई साल की जेल की सजा सुनाई गई। एशियन रिपोर्ट चैनल की खबर के अनुसार, अरिवलागन मुथुसामी (40) ने छह माह के भीतर कम से कम 61 पीड़ितों से लगभग 3,10,000 सिंगापुर डॉलर की ठगी की।

# ट्रंप का कर विधेयक घृणित : मस्क

## कुछ दिन पूर्व दक्षता विभाग से इस्तीफा देने के बाद कहा- इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता

वाशिंगटन, एजेंसी

अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कर और खर्च में कटौती के विधेयक को घृणित करार किया है। रिपब्लिकन पार्टी के विधायी एजेंडे के केंद्रबिंदु माने जाने वाले इस विधेयक को निशाना बनाने वाला मस्क का यह बयान रिपब्लिकन पार्टी में उनकी प्रभाव की परीक्षा होगा। मस्क ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब कुछ ही दिन पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया था।

मस्क ने कुछ दिन पहले सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व किया था और हाल में उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया था। मस्क ने एक्स पर लिखा, मुझे खेद है लेकिन मैं अब इसे और बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, खर्च संबंधी संसद का यह बड़ा, अपमानजनक, घटिया विधेयक घृणित है। इसके लिए वोट देने वालों पर शर्म आती हैः आप जानते हैं कि आपने गलत किया। आप यह जानते हैं। यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में पारित हो चुका है और सीनेट में इस पर चर्चा होनी है। यह विधेयक मस्क की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी टेस्ला को मिलने वाली सब्सिडी में कटौती करेगा। मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं को धमकी भरे अंदाज में एक पोस्ट में लिखा, अगले वर्ष नवंबर में हम उन सभी नेताओं को बर्खास्त कर देंगे जिन्होंने अमेरिकी जनता के साथ विश्वासघात किया है। यह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क के रुख में बड़े बदलाव को दर्शाता है जिन्होंने ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान के समर्थन में कम से कम 25 करोड़ डॉलर खर्च किए थे। इससे पहले वह ट्रंप के प्रति पर्याप्त रूप से वफादार नहीं माने जा रहे थे, लेकिन अब वह ऐसा सुझाव देते प्रतीत होते हैं कि यदि सांसद राष्ट्रपति की विधायी प्राथमिकता का समर्थन करते हैं तो उन्हें हटाने का प्रयास किया जाए। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान 2017 में स्वीकृत कर कटौती को आगे बढ़ाने और नयी कर कटौती को इसमें जोड़ने का प्रयास किया गया है।



### अस्पतालों को आपात स्थिति में गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशा-निर्देश वापस लेगा ट्रंप प्रशासन

**वाशिंगटन।** ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने कहा कि वह देश के अस्पतालों को आपात स्थिति में महिलाओं का गर्भपात करने की अनुमति देने संबंधी दिशानिर्देश को वापस लेगा। यह दिशानिर्देश 2022 में अस्पतालों को जारी किया गया था, जब अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका में राष्ट्रीय गर्भपात अधिकारों को खत्म कर दिया था। यह दिशानिर्देश अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने उन गंभीर मामलों में गर्भपात की अनुमति देने के लिए जारी किया था।

### तेल व गैस के नए खनन पर ट्रंप प्रशासन की आलोचना

**अमेरिका।** पर्यावरणविदों ने अलास्का में तेल और गैस के नए खनन को लेकर ट्रंप प्रशासन की आलोचना की है और कहा है कि इससे जलवायु संकट में वृद्धि हो सकती है। दर्जनों प्रदर्शनकारी एंकरेज में गवर्नर माइक डनलेवी द्वारा आयोजित वार्षिक अलास्का सतत ऊर्जा सम्मेलन के आयोजन स्थल के बाहर एकत्र हुए, जहां अमेरिका के आंतरिक मामलों के मंत्री डग बर्गम, ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट और पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के प्रशासक ली जेल्डिन मुख्य वक्ता थे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर ले रखे थे जिन पर अलास्का बिकाऊ नहीं है और हमारी सार्वजनिक जमीनों की रक्षा करें जैसे नारे लिखे थे।

## वियतनाम में बढ़े बुजुर्ग तो दो बच्चों की नीति खत्म की

**हनोई।** वियतनाम ने घटती हुई जन्म दर को रोकने और देश में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या के दबाव को कम करने के प्रयास के तहत लंबे समय से लागू दो बच्चों की अपनी नीति को समाप्त कर दिया है। वियतनाम ने बुधवार को बताया कि नेशनल असेंबली ने उन नियमों को खत्म करने के लिए संशोधन पारित किया है, जो परिवारों को एक या दो बच्चे पैदा करने की ही अनुमति देते थे। मौजूदा समय में वियतनामी परिवारों में पहले की तुलना में कम बच्चे पैदा हो रहे हैं।

वियतनाम में वर्ष 2021 में जन्म दर प्रति महिला 2.11 बच्चे थी, जो कि लंबे समय में जनसंख्या में कमी से बचने के लिए आवश्यक प्रतिस्थापन दर से थोड़ा अधिक है। तब से, जन्म दर में लगातार गिरावट आई हैः 2022 में जन्म दर 2.01, 2023 में 1.96 और 2024 में यह घटकर 1.91 रह गयी। वियतनाम कम प्रजनन दर वाला एकमात्र एशियाई देश नहीं है। लेकिन जापान, दक्षिण कोरिया या सिंगापुर के विपरीत यह अभी तक एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। वियतनाम की राजधानी हनोई में मार्केटिंग मैनेजर 37 वर्षीय गुयेन थू लिन्ह ने कहा कि उन्होंने और उनके पति ने केवल एक ही बच्चा पैदा करने का निर्णय लिया, क्योंकि वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि वे बेटे को सर्वोत्तम शिक्षा और पालन-पोषण दे सकें।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथः आस्ट्रेलिया

- रक्षामंत्री राजनाथ ने नई दिल्ली की ठोस जवाबी कार्रवाई के प्रति ऑस्ट्रेलिया के स्पष्ट समर्थन की सराहना की


रक्षामंत्री राजनाथ के साथ मौजूद आस्ट्रेलियाई समकक्ष।

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत तथा ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को अपने रणनीतिक संबंधों को और बढ़ाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बर्बर पहलगाम आतंकी हमले पर नयी दिल्ली की ठोस जवाबी कार्रवाई के प्रति ऑस्ट्रेलिया के स्पष्ट समर्थन की सराहना की।

सिंह ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्लेस के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं तथा पाकिस्तान से लगती अपनी सीमा पर भारत की गंभीर चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की। ऑस्ट्रेलिया में लेबर पार्टी की जीत के बाद प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के दूसरी बार सत्ता में बने रहने के बाद मार्लेस भारत की यात्रा करने वाले पहले वरिष्ठ ऑस्ट्रेलियाई मंत्री हैं। मार्लेस की नई दिल्ली यात्रा भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। इस साझेदारी से दोनों देशों के बीच विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिली है।

### आतंकवाद विरोधी संदेश देने लिए अमेरिका पहुंचा भारतीय प्रतिनिधिमंडल

**वाशिंगटन।** कांग्रेस नेता शशि थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी सांसदों, अधिकारियों, विभिन्न थिंक टैंक के सदस्यों एवं नीतिगत मामलों के विशेषज्ञों से मुलाकात करेगा और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर, भारत के सामने मौजूद आतंकवाद की चुनौती और क्षेत्रीय सुरक्षा संबंधी स्थिति की जानकारी देगा। यह प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अमेरिका की राजधानी पहुंचा और बृहस्पतिवार तक यहां रहेगा।

## कंचनजंगा पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से मजबूत होंगे संबंध

**काठमांडू।** नेपाल के रक्षा मंत्री मनबीर राय ने कहा है कि भारतीय एवं नेपाली सेना के सदस्यों के कंचनजंगा पर्वत पर संयुक्त रूप से चढ़ाई करने से द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

राय ने यह टिप्पणी सोमवार को यहां सेना मुख्यालय में आयोजित नेपाल-भारत संयुक्त माउंट कंचनजंगा पर्वतारोहण अभियान के ध्वजारोहण समारोह के दौरान की। नेपाली सेना के 10 और भारतीय सेना के पांच जवानों के संयुक्त दल ने 19 और 20 मई को दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा पर चढ़ाई की थी। सोमवार को आयोजित समारोह में दल के सदस्यों ने इस अभियान का झंडा रक्षा मंत्री को सौंपा।


# बांग्लादेश : मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ली

- अंतरिम सरकार ने संशोधित किया कानून, देश के संस्थापक व पूर्व पीएम हसीना के पिता हैं मुजीबुर्रहमान

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कानून में संशोधन करके बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की राष्ट्रपिता की उपाधि वापस ले ली है और उनका उल्लेख स्वतंत्रता सेनानी के तौर पर किया गया है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के संस्थापक और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता मुजीबुर्रहमान के चित्र को नए मुद्रा नोटों से हटाने के कुछ दिन बाद मंगलवार को यह कदम उठाया है।

ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, अंतरिम सरकार ने राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिषद अधिनियम में संशोधन करते हुए स्वतंत्रता सेनानी की परिभाषा में परिवर्तन कर दिया है। कानून, न्याय और संसदीय मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार रात को संबंधित अध्यादेश जारी किया। खबर में कहा गया है कि कानून में संशोधन के तहत राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान शब्द को भी संशोधित किया गया है।



## संरा सुरक्षा परिषद में गाजा में संघर्षविराम के प्रस्ताव पर होगा मतदान

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उस प्रस्ताव पर मतदान होना है जिसमें गाजा में तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग की गई है जिसका सभी पक्षों द्वारा सम्मान किया जाए। अमेरिका के इस प्रस्ताव पर वीटो करने की करने की संभावना है। परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों द्वारा तैयार प्रस्ताव में सात अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद दक्षिणी इजराइल से हमास और अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की रिहाई की मांग दोहराई गई है। प्रस्ताव में गाजा में प्रवेश पर लगे सभी प्रतिबंधों को तत्काल और बिना शर्त हटाने तथा संरा व मानवीय साझेदारों के साथ राहत सामग्री को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से वितरित करने की भी मांग की गई है।

# संरा में भारतीय मुस्लिमों पर टिप्पणी करने पर बिलावल भुट्टो की बेइज्जती

- खराब और खतरनाक छवि पेश किये जाने पर पत्रकार ने घेरा



न्यूयॉर्क, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के उस बयान को लेकर एक पत्रकार ने यहां उनको आड़े हाथ लिया जिसमें उन्होंने भारत में मुस्लिमों की कथित तौर पर खराब और खतरनाक छवि पेश किए जाने को लेकर टिप्पण की थी।

भारत के साथ हालिया संघर्ष के बारे में दुनिया को जानकारी देने के लिए रवाना हुए पाकिस्तानी विशेषज्ञों की एक टीम का नेतृत्व कर रहे बिलावल मंगलवार को मीडिया को अपने दृष्टिकोण से अवगत करा रहे थे। सवाल-जवाब सत्र के दौरान, मिस्र-अमेरिकी पत्रकार अहमद फातही, जो कि अमेरिकी टेलीविजन समाचार (एटीएन) के संरा में संवाददाता हैं, ने बिलावल से मुसलमानों के साथ भारत के व्यवहार पर उनकी टिप्पणियों के बारे में पूछा और उन्हें याद दिलाया कि संघर्ष के दौरान मीडिया को जानकारी देने वाली एक भारतीय मुस्लिम सैन्य अधिकारी थीं। फातही ने कहा, मैं आज आपके (बिलावल) द्वारा दिए गए एक बयान से शुरुआत करना चाहता हूं, जिसमें कहा गया है कि कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले का इस्तेमाल भारत में मुसलमानों को बदनाम करने के लिए एक राजनीतिक उपकरण के रूप में किया जा रहा है।

महोदय, मैंने दोनों पक्षों की ओर से प्रेस को घटनाक्रम से अवगत कराने के कार्य को देखा है, जहां तक मुझे याद है भारतीय पक्ष की ओर से मीडिया को अवगत कराने का काम एक मुस्लिम भारतीय सैन्य अधिकारी कर रही थीं। वह अपना दूसरा सवाल पूछने ही वाले थे कि बिलावल ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। इसके बाद पाकिस्तानी नेता ने भारत की आलोचना की और हमेशा की तरह बयानबाजी जारी रखी।

# सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया- प्रतिबंध के बावजूद काजीरंगा के पास अवैध खनन बढ़ा

- शीर्ष कोर्ट द्वारा 2019 में रोक लगाने के बावजूद खनन जारी



नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) ने उच्चतम न्यायालय को बताया है कि शीर्ष अदालत द्वारा 2019 में रोक लगाने के बावजूद असम में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के पास पार्कुप पहाड़ क्षेत्र में अवैध खनन जारी है तथा और तेज हो गया है। न्यायालय ने 2019 में उद्यान के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र में और उसके आसपास खनन और संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा में दुनिया में लुप्तप्राय एक सींग वाले गैंडों की लगभग 65 प्रतिशत आबादी निवास करती है। यह ब्रह्मपुत्र बाढ़ क्षेत्र और कार्बी आंगलोंग पहाड़ियों के बीच एक महत्वपूर्ण वन्यजीव गलियारे का हिस्सा है। उच्चतम न्यायालय ने सीईसी के पूर्व निष्कर्षों पर कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण वन्यजीव आवासों और वन्य परिदृश्यों के क्षरण को रोकने के लिए इस क्षेत्र में खनन और संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। असम में एक अज्ञात सरकारी कर्मचारी की शिकायत और फील्ड स्तरीय सत्यापन के आधार पर, सीईसी ने 30 मई को सुप्रीम कोर्ट को एक नई रिपोर्ट सौंपी, जिसमें कहा गया कि चार अप्रैल 2019 को सुप्रीम कोर्ट के प्रतिबंध के आदेश के बावजूद क्षेत्र में खनन गतिविधियां जारी हैं तथा और तेज हो गई हैं। बड़े पैमाने पर खनन जारी है, विशेष रूप से पार्कुप पहाड़ रेंज में, जो एक घोषित वन्यजीव अभयारण्य है और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की दक्षिणी सीमा बनाता है। दिसंबर 2024 में सरकारी कर्मचारी से प्राप्त शिकायत में 2019 से 2023 तक की गूगल अर्थ इमेजरी और स्थल-विशिष्ट डेटा शामिल थे। कथित तस्वीरों से पता चलता है कि खनन कोर्ट के 2019 के प्रतिबंध आदेश के बाद बंद हो गया था लेकिन 2021 के बाद फिर से शुरू हुआ तथा तेज हो गया।

**प्रतिक्रिया** पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रह चुके टीसीए राघवन ने दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर दी प्रतिक्रिया

# समग्र दृष्टिकोण से ही सुलझेगा भारत-पाकिस्तान विवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान में भारत के उच्चायुक्त रह चुके टीसीए राघवन ने दोनों देशों के बीच तनाव के मद्देनजर कहा कि इस समस्या का कोई सैन्य समाधान नहीं है तथा इसके लिए एक अधिक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें कूटनीतिक, सामाजिक एवं राजनीतिक साधनों सहित भारत की पूरी ताकत का लाभ उठाया जा सके।

राघवन ने मंगलवार को इंडिया हैबिटेट सेंटर में ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर भारत-पाकिस्तान संबंध विषय पर अपने विचार रखते समय इस बात पर जोर दिया कि भारत का वास्तविक प्रभाव उसकी आर्थिक जीवंतता, सामाजिक बहुलवाद, संस्थागत लचीलेपन और सांस्कृतिक पहुंच में निहित है, न कि केवल उसकी सैन्य शक्ति में। पाकिस्तान में सात साल तक सेवा देने वाले पूर्व राजनयिक ने कहा कि दरअसल पाकिस्तानी सेना भारत की सैन्य शक्ति से खतरा महसूस नहीं करती, बल्कि वह उसके सामने खड़ा होना चाहती है। उन्होंने कहा, पाकिस्तानियों को आपकी सेना की चिंता नहीं है, बल्कि एक राष्ट्र के रूप में आपकी समग्र प्रगति- आपकी आर्थिक वृद्धि, आपकी सामाजिक प्रगति, आपके समाज की बहुलता और आपकी संस्थाओं की ताकत उसकी चिंता है। यही वह चीज है जिससे वे वास्तव में डरते हैं, कोई सैन्य समाधान नहीं है, आपको अपनी पूरी ताकत लगानी होगी। राघवन ने कहा, वास्तविक अर्थों में आपकी ताकत बहुत बड़ी है, वास्तव में आपका सांस्कृतिक, सामाजिक व राजनीतिक रूप से आधिपत्य पाकिस्तान की चिंता है। इसलिए अगर हम पूरी तरह से सुरक्षा आधारित संबंध की ओर बढ़ते हैं तो यह सब एक तरफ रह जाएगा। आपको पाकिस्तान से केवल दो, तीन या पांच साल के लिए ही नहीं, बल्कि बहुत लंबे समय के लिए निपटना है तथा यह देखते हुए आपको अधिक व्यापक दृष्टिकोण की जरूरत है। इस बात को रेखांकित किया कि पाकिस्तान के साथ स्थिति महज एक सामरिक या सैन्य मुद्दा नहीं है।


टीसीए राघवन

### संबंध 2017-18 से उत्तरोत्तर खोखले हो रहे : राघवन

राघवन (69) ने जोर देकर कहा कि आज मुख्य चुनौती यह है कि एक कार्यशील द्विपक्षीय संबंध की अनुपस्थिति में उस पड़ोसी के साथ अस्थिर एवं टकराव वाली स्थिति का प्रबंधन कैसे किया जाए जिससे निपटना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि ये संबंध 2017-18 से उत्तरोत्तर खोखले हो रहे हैं। राघवन ने कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को स्थगित करने का हालिया निर्णय दर्शाता है कि मेज पर कितने कम राजनयिक विकल्प बचे हैं। उन्होंने कहा, इस बार, एक तरह से आपके पास आईडब्ल्यूटी को स्थगित करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था। बाकी जो कुछ भी किया जा सकता था, वह पहले ही किया जा चुका है।